@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

सोमवार, 2 मार्च 2026

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 117 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# पुडुचेरी के विकास को 'बेस्ट पुडुचेरी' की थीम पर किया गया है : मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुडुचेरी को 2,700 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी को 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुडुचेरी के विकास को 'बेस्ट पुडुचेरी' की थीम पर किया गया है। 'बेस्ट' का अर्थ है बिजनेस, एजुकेशन, स्प्रिच्युअलिटीऔर टूरिज्म। पिछले साढ़े चार वर्षों में यह संकल्प ठोस परिणाम दे रहा है। प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी में एल कार्यक्रम में रविवार को 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं लोकार्पण



और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें एक समान दृष्टि और समर्पण के साथ कार्य करती हैं तो परिणाम शीघ्र और बेहतर मिलते हैं। डबल इंजन की सरकार ने विकास को गति दी है और जनजीवन को सरल बनाया है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले पुडुचेरी को राजनीतिक स्वार्थ का माध्यम बनाया गया, जबकि वर्तमान सरकार विकास को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष के केंद्रीय बजट में आधारभूत संरचना निर्माण के लिए रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसका लाभ पुडुचेरी सहित देश के सभी क्षेत्रों को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि पुडुचेरी को 'राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता' योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। पहले यह योजना केवल पूर्ण राज्यों तक सीमित थी। इस निर्णय से सड़क, जल आपूर्ति, तटीय ढांचा, विद्यालय, अस्पताल और अन्य लोक उपयोगी कार्यों के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध होगा।

● इस दौरान प्रधानमंत्री ने 750 एकड़ में विकसित करसुर-सेदारापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह परिसर भविष्य में औषधि पार्क, वस्त्र पार्क और सूचना प्रौद्योगिकी पार्क के रूप में विकसित होगा।

# प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

● तिरुपरंकुंद्रम मुरुगन मंदिर में किए दर्शन

**एजेंसी**

**मदुरै।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय तमिलनाडु दौरे के दौरान रविवार को मदुरै स्थित प्रसिद्ध तिरुपरंकुंद्रम मुरुगन मंदिर में भगवान मुरुगन के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर, तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी तथा आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

प्रधानमंत्री राज्य में विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जनसभा में भाग लेने के लिए तमिलनाडु पहुंचे हैं। अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में आयोजित कल्याणकारी योजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम से की।इसके बाद प्रधानमंत्री मदुरै हवाई अड्डे पर आयोजित एक भव्य समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने तमिलनाडु के बुनियादी ढांचे और परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग 4,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उनमें परमक्कुडी-रामनाथपुरम



के बीच 1,853 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली चार-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना शामिल है। इसके अतिरिक्त मरक्कानम-पुडुचेरी चार-लेन सड़क परियोजना का भी शुभारंभ किया गया, जिससे क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। रेलवे क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम-बेंगलुरु तथा तांबरम-मंगलुरु के बीच अमृत भारत ट्रेन सेवाओं की शुरुआत की। साथ ही राज्य में उन्नत किए गए आठ रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया गया और चेन्नई बीच-एग्मोर के बीच निर्मित चौथी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारतीय रेलवे में अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की रेलवे परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन में नौ गुना वृद्धि की गई है।

# राष्ट्रपति सोमवार को जारी करेंगी दिल्ली की महिलाओं के लिए पिंक कार्ड

● यह कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा : मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की 'वन नेशन, वन कार्ड' से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरुआत करने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महत्वाकांक्षी योजना (पिंक कार्ड) का शुभारंभ करेंगी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही मेट्रो, रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सशुल्क सुविधा देगा। मुख्यमंत्री के अनुसार यह पहल सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं के दैनिक यात्रा खर्च में कमी आएगी और उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य तथा सामाजिक अवसरों तक सुगम पहुंच मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि योजना के तहत तीन प्रकार के एनसीएमसी कार्ड जारी किए जाएंगे। पिंक कार्ड दिल्ली निवासी पात्र महिलाओं के लिए होगा, जबकि ब्लू कार्ड सामान्य यात्रियों के लिए और ऑरेंज कार्ड मासिक पास उपयोगकर्ताओं के लिए जारी किया जाएगा। शुरुआती चरण में पिंक और ब्लू कार्ड लॉन्च किए जाएंगे, जिसके बाद ऑरेंज कार्ड लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्ड जारी करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने हिंडन मर्केंटाइल लिमिटेड (मुफिनपे) और एयरटेल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को अधिकृत किया है।

# 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे: केजरीवाल

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली, 1 मार्च। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल रैली कर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे। ये लोग सत्ता की राजनीति करें और हम जनता के लिए काम करेंगे। आज से यह बदलाव की गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते रहे कि दिल्लीवालों का 'बेटा' भ्रष्ट और है, लेकिन कोर्ट ने साफ कर दिया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार था, है और रहेगा। कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर लोगों ने बड़ी उम्मीदों से मोदी जी को पूर्ण बहुमत दिया। आज देश का हर सेक्टर बर्बाद है। इस दौरान दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा समेत विभिन्न प्रांतों से आए "आप" नेताओं, कार्यकर्ताओं और हजारों आम लोगों ने 'पढ़ा-लिखा दमदार है, मेरा केजरीवाल कट्टर ईमानदार है' के जमकर नारे लगाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार साल से पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने षडयंत्र रच कर दिल्ली के लोगों को बहुत परेशान और दुखी किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, केजरीवाल ने शराब घोटाला किया है, केजरीवाल 100 करोड़ खा गया। दिन भर मीडिया में डिबेट चलता था। दिल्ली के लोगों को बहुत दुखी किया। जज साहब ने फैसला सुनाया है कि मोदी जी झूठ बोल रहे हैं, केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। पूरा केस फर्जी है, कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि सदियों के बाद ऐसा फैसला आया है। मोदी जी और अमित शाह ने आम आदमी पार्टी को ठिकाने लगाने के लिए पूरे केस को व्यक्तिगत मॉनिटर कर रहे थे कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह छूटना नहीं चाहिए। कोर्ट का यह फैसला मोदी जी, अमित शाह और भाजपा के गाल पर जोरदार तमाचा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं। जब मैं आईआईटी में पड़ता था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आए। मैं चाहता तो नौकरी करने अमेरिका जा सकता था। मेरे बहुत सारे दोस्त विदेश गए हैं। लेकिन उस समय मेरे मन में ख्याल आया कि देश का बहुत बुरा हाल है। अगर बडे-बडे संस्थाओं से पढ कर सारे लोग विदेश चले जाएंगे तो अपने देश को कौन संभालेगा, कौन ठीक करेगा। मैं अमेरिका नहीं गया। मैं अपने देश में रहा और इनकम टैक्स विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर की नौकरी करने लगा। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पास एक सीए आया और उसने अपना केस करवाया और कहा कि सेवा बताइए। बोला कि कितने पैसे लगेंगे? मैंने कहा कि मैं रिश्वत नहीं लेता। उसने कहा कि आपके नाम पर पैसे लाया हूं, नहीं लेंगे तो खुद रख लूंगा। 6 अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे पूरे विभाग में फैल गया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। एक पैसा नहीं लेता है। पूरे विभाग के लोग मेरी ईमानदारी की कसमें खाया करते थे। फिर किस्मत ने मुझे दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। 10 साल दिल्ली का मुख्यमंत्री रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पता नहीं क्यों मुझसे नफरत करते हैं? मैंने तो उनका कुछ नहीं बिगाड़ा। इसके बाद भी मोदी जी ने मेरे खिलाफ



पता नहीं कितनी जांच करवाई। लेकिन 10 साल के अंदर एक रुपए का भ्रष्टाचार नहीं मिला। इन 10 सालों में पता नहीं कितनी फाइलों पर साइन किए थे। कोई एक ठेकेदार खड़ा होकर कह दे कि केजरीवाल ने पैसे मांगे थे, मैं राजनीति छोड़ दूंगा। मैंने अपने जीवन सिर्फ ईमानदारी कमाई हैं। क्योंकि मैं भारत से बहुत प्यार करता हूं। जब कोई देश से गद्दारी करता है और अपमान करता है तो खून खौल उठता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में टूजी, कॉमनबेल्थ, कोयला समेत अन्य घोटालों से लोग परेशान हो गए थे। 2014 में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर लोगों ने ब ?ी उम्मीदों के साथ मोदी जी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि अब देश बदलेगा, मोदी जी कुछ करेंगे। मोदी जी को प्रधानमंत्री बने 12 साल हो गए, लेकिन जनता को कुछ नहीं मिला। लोगों की जिंदगी नहीं सुधरी। न अच्छी स ?कें हैं, न पीने का पानी है, न सीवर है, न 24 घंटे बिजली है, हवा में प्रदूषण है। इन 12 साल में इन लोगों ने देश का बेड़ा गर्क कर दिया। देश का एयरलाइन, रेलवे, बैंक, स्कूल, अस्पताल समेत हर सेक्टर बर्बाद है। 12 साल में इन लोगों ने देश को बर्बाद कर दिया। अरविंद केजरीवाल ने एक बच्चे का उदाहरण बताते हुए कहा कि पिछले 12 साल में मोदी जी हर रोज परीक्षा पर चर्चा करते हैं। मैंने उनकी परीक्षा पर सारी चर्चा सुनी है। जब मैं बड़ा हो गया और प्रतियोगिता की परीक्षा देने गया तो पता चला कि पेपर लीक हो गया। मोदी जी को परीक्षा पर चर्चा की नौटंकी बंद कर देनी चाहिए। मोदी जी को सिर्फ नौटंकी करनी आती है। पूरे देश में पेपर लीक हो रहे हैं, बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है और मोदी जी परीक्षा पर चर्चा कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दुबई, अमेरिका, टोक्यो, जर्मनी, फ्रांस समेत अन्य देशों की सड़कें बहुत शानदार हैं। गाड़ियां 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ती हैं, लेकिन गुजरात में 30 किमी रफ्तार से गाड़ियां दौड़ती हैं। राजकोट से जूनागढ 104 किमी है। इतना सफर तय करने में 4 घंटे लगते हैं। क्योंकि सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं।

शेष पृष्ठ 3 पर

# खामेनेई की हत्या के बाद हैदराबाद में विरोध-प्रदर्शन, महिलाएं-बच्चे भी हुए शामिल

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** हैदराबाद में शिया समुदाय के लोगों ने रविवार को अमेरिका और इजरायल के मिले-जुले हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की निंदा करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। ईरान पर शनिवार को हुए हमले में खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि होने के बाद पुराने शहर के शिया-बहुल इलाकों में उदासी छा गई। पूरी हवेली, नूर खान बाजार, दारुलशिफा और दूसरे इलाकों में काले कपड़े पहने पुरुष और महिलाएं खामेनेई की हत्या की निंदा करने के लिए सड़कों पर उतर आए, जिन्हें दुनिया भर में शिया समुदाय का नेता माना जाता था। हाथों में खामेनेई की



तस्वीरें लिए पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर उतरे और हत्या की निंदा करते हुए नारे लगाए।

एक शिया नेता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खामेनेई जुल्म के खिलाफ खड़े होने और जालिमों के आगे सरेंडर करने से इनकार करने के लिए शहीद हुए। उन्होंने आगे कहा कि मुसलमानों में एकता की कमी के कारण यह दुखद घटना हुई। एक शिया धार्मिक और सामाजिक-राजनीतिक संगठन तंजीम-ए-जाफरी के आह्वान पर खामेनेई की हत्या की निंदा करने के लिए एक रैली निकाली गई। पुरानी हवेली में मजहर-ए-इब्ने-खातून से शुरू हुई रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी मारे गए नेता की तस्वीरें दिखाते हुए रोते हुए देखे गए।

स्थिति को देखते हुए किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस ने एहतियात के तौर पर पुराने शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है।

इस बीच, हैदराबाद में ईरान के कॉन्सुलेट में, खामेनेई की मौत पर दुख जताने के लिए ईरान का राष्ट्रीय झंडा आधा झुका दिया गया।

बता दें कि तेहरान पर शनिवार को अमेरिका-इजरायल के जॉइंट हमलों में खामेनेई मारे गए। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि 86 साल के नेता शनिवार सुबह अपने ऑफिस में मारे गए। ईरानी मीडिया के मुताबिक, खामेनेई की बेटी, पोता, दामाद और बहू भी मारे गए। हमलों में ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नसीरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांडर मोहम्मद पाकपुर के भी मारे जाने की खबर है।

## ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद लखनऊ सहित यूपी में कई जगह प्रदर्शन

**एजेंसी**

**लखनऊ।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में शिया समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।

लखनऊ में रोती महिलाओं सहित बड़ी संख्या में छोटा इमामबाड़ा से लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई जिंदाबाद और अमेरिका इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अमेरिका और इजराइल के युद्ध के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतरे। महिलाएं रोती बिलखते हुए मातम करते हुए दिखीं। छोटा इमामबाड़ा से भारी



संख्या में लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। लखनऊ की शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अमेरिका-इजराइल ने जो आतंकी कृत्य किया है। पूरे विश्व को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। खामेनेई की मौत के बाद सभी देशों को अपने राष्ट्रीय ध्वजों को श्रद्धांजलि में झुकना चाहिए। शिया समुदाय के लोग तीन दिन का शोक मनाने हुए अपनी प्रतिष्ठान बंद रखेंगे।

# ज्यूडिशियल काउंसिल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तुरंत हस्तक्षेप कर बढ़ते हुए युद्ध को रोकने की अपील की

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली (न्यूज़ वार्ता)= वैश्विक समुदाय से एक तात्कालिक अपील करते हुए, ज्यूडिशियल काउंसिल ने औपचारिक रूप से United Nations Security Council को पत्र लिखकर संयुक्त राज्य अमेरिका, इज़राइल और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के बीच तेजी से बढ़ते सैन्य टकराव को रोकने के लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की है। परिषद के पत्र में इस संघर्ष के विनाशकारी मानवीय, कानूनी और भू-राजनीतिक परिणामों पर जोर देते हुए कहा गया है कि आगे जान-माल की हानि रोकने और अंतरराष्ट्रीय कानून की रूपरेखा को सुरक्षित रखने के लिए तुरंत कार्रवाई आवश्यक है। ज्यूडिशियल काउंसिल की यह अपील एक अत्यंत संवेदनशील समय पर आई है। 28 फरवरी 2026 को संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के भीतर लक्ष्यों पर सैन्य हमलों की एक श्रृंखला शुरू की, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता आयतुल्ला ख़ामेनेई और सैन्य कर्मियों की मृत्यु हो गई, जिससे मध्य पूर्व में शत्रुता में नाटकीय वृद्धि हुई। ईरान ने इसके जवाब में इज़राइली क्षेत्र और क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों पर मिसाइल हमले किए, जिससे यह संघर्ष और अधिक खतरनाक रूप लेता हुआ वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन गया। सुरक्षा परिषद को लिखे अपने पत्र में ज्यूडिशियल काउंसिल ने

Judicial Council
न्याय • सेवा • निर्भीकता

तत्काल युद्धविराम, सशक्त कूटनीतिक प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर बल दिया है। परिषद ने बिगड़ती मानवीय स्थिति, नागरिक हताहतों की बढ़ती संख्या और संघर्ष के मध्य पूर्व से बाहर फैलने के खतरे पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जो दशकों से शांति और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को सुरक्षित रखने के प्रयासों को कमजोर कर सकता है। हम अत्यंत गंभीर और खतरनाक समय के साक्षी हैं, ज्यूडिशियल काउंसिल के अध्यक्ष राजीव अग्निहोत्री ने कहा। दुनिया मूकदर्शक बनकर नहीं खड़ी रह सकती जबकि युद्ध पूरे क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से हमारी अपील इस विश्वास पर आधारित है कि अंतरराष्ट्रीय कानून, मानवाधिकार और शांति को सैन्य उग्रता पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हम नागरिकों की सुरक्षा, कानूनी मानकों की रक्षा और वार्ता के मार्ग को पुनः स्थापित करने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की मांग करते हैं। ज्यूडिशियल काउंसिल के हस्तक्षेप में कई प्रमुख कानूनी और नैतिक बिंदुओं को रेखांकित किया गया है= संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन= किसी भी राज्य द्वारा स्पष्ट आत्मरक्षा या सुरक्षा परिषद की अनुमति के बिना बल का प्रयोग, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन हो सकता है। ज्यूडिशियल काउंसिल ने जोर देकर कहा कि सभी पक्षों को अपने संधि दायित्वों का पालन करना चाहिए ताकि वैश्विक कानूनी मानकों का और ह्रास न हो। मानवीय संरक्षण= हजारों नागरिकों के घायल या मृत होने की खबरें हैं, और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विनाश से मानवीय संकट गहराता जा रहा है।

शेष पृष्ठ 3 पर

## खामेनेई की हत्या अनैतिक और गैरकानूनी: असदुद्दीन ओवैसी

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रेसिडेंट असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की हत्या को गलत और गैर-कानूनी काम बताया। हैदराबाद सांसद ओवैसी ने अपनी पार्टी की तरफ से शिया समुदाय के प्रति संवेदना जताई, जो खामेनेई को अपना नेता मानते हैं। उन्होंने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये हमले बिल्कुल निंदनीय हैं, खासकर तब जब जिनेवा में ईरान-यूएस की बातचीत चल रही थी। ओवैसी ने मीडिया से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर ईरान पर हमला किया है। उन्हें इस बात की भी परवाह नहीं थी कि यह रमजान का पवित्र महीना है। वैसे भी, बेंजामिन नेतन्याहू को इंसानियत पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर जिनेवा में कोई कामयाबी मिलती, तो ईरान अपने पास मौजूद न्यूक्लियर हथियारों का इस्तेमाल न करने पर राज़ी हो सकता था। यह देखते हुए कि ईरान पर हुए हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और मरने वालों में 108 लड़कियां भी शामिल हैं, जो एक गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में मारी गईं, ओवैसी ने लड़ाई को तुरंत रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि ईरान पर ये हमले जल्द से जल्द रुकने चाहिए, नहीं तो पूरा इलाका अस्थिरता में फंस जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को इस युद्ध को खत्म करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। हमें उम्मीद है कि मौजूदा सरकार अयातुल्ला खामेनेई की हत्या की निंदा करेगी और युद्ध को रोकने की पूरी कोशिश करेगी।


# पश्चिम बंगाल में एसआईआर में कटे 61 लाख नाम, 8 फीसदी की गिरावट

**पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई**

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में पिछले चार महीनों से जारी एसआईआर की प्रक्रिया शनिवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची में राज्य के चुनावी परिदृश्य की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। इस बार मतदाता सूची में 8 फीसदी यानी करीब 61 लाख की शुद्ध गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अन्य 60 लाख मतदाताओं के नाम जांच के घेरे में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक बंगाल की नई मतदाता सूची में 7.04 करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। अक्टूबर में जब प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई है।

चुनाव आयोग के मुताबिक सबसे ज्यादा पुरुष मतदाताओं की संख्या 3,60,22,642 है। इसके बाद महिला मतदाताओं की संख्या 3,44,35,260 है। वहीं बंगाल में थर्ड जेंडर वोटर की संख्या 1,382 है। अब तक 63,66,952 नाम हटाए गए हैं। ये या तो मृत हो गए हैं या फिर कहीं दूसरी जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं।

इस संशोधन की सबसे बड़ी और विवादास्पद बात यह है कि 60,06,675 मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में तो हैं, लेकिन उनके आगे विचाराधीन का मार्क लगा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त 501 न्यायिक अधिकारी इन नामों की समीक्षा कर रहे हैं। सीईओ अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जब तक इन अधिकारियों द्वारा नामों को हरी झंडी नहीं दी जाती और सप्लीमेंट्री सूची जारी नहीं होती, ये 60 लाख लोग आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। अग्रवाल ने स्वीकार किया कि इस विशाल प्रक्रिया में कुछ त्रुटियां हुई हैं, लेकिन उन्होंने उन्हें नगण्य बताया।



पश्चिम बंगाल का यह चुनाव संशोधन कई मायनों में ऐतिहासिक और विवादित रहा है। माइक्रो-ऑब्जर्वर्स की तैनाती को लेकर विवाद हुआ। पहली बार चुनाव आयोग ने राज्य सरकार के अधिकारियों के काम की निगरानी के लिए हजारों केंद्रीय कर्मचारियों को माइक्रो-ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया। सीएम ममता बनर्जी द्वारा इस प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिसके बाद अदालत ने न्यायिक अधिकारियों को पात्रता तय करने का जिम्मा सौंपा। चुनावों की आहट के बीच राज्य में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। सीईओ ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 240 कंपनियां पहले ही तैनात की जा चुकी हैं और 240 अन्य कंपनियां 10 मार्च से पहले बंगाल पहुंच जाएंगी। चुनाव की घोषणा होने तक कानून-व्यवस्था राज्य प्रशासन के अधीन रहेगी, जिसके बाद यह पूरी तरह चुनाव आयोग के नियंत्रण में आ जाएगी।

## मोदी जी हैं तो हम सुरक्षित हैं, दुबई जाने वालों पर बीजेपी सांसद का विवादित तंज



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद भी इजरायल और ईरान के बीच जंग थमती नहीं दिख रही है। सऊदी अरब से लेकर यूएई और कुवैत से लेकर बहरीन तक ईरान अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। ऐसे में बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने भारतीय पासपोर्ट छोड़कर मिडिल ईस्ट में बसने वाले भारतीयों पर तंज कसा है और मोदी सरकार की तारीफ की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निशिकांत दुबे ने कहा है कि अपना भारतीय पासपोर्ट छोड़कर दुबई जाने वाले लोगों के लिए सबक, मोदी जी हैं तो हम सुरक्षित हैं। लम्बे लम्बे सोशल मीडिया पर पोस्ट करना आसान है। दुबे का यह कमेंट ऐसे समय आया है, जब ईरान लगातार दुबई को भी अपनी मिसाइलों के जरिए निशाना बना रहा है। बता दें पिछले कुछ सालों में ऐसे कई मामले सामने आए जब भारतीय नागरिकों ने भारत की नागरिकता छोड़कर अमेरिका, ब्रिटेन या दुबई की नागरिकता हासिल कर ली है। बता दें दुबई अपना अंतरराष्ट्रीय लेवल और ऊंचा करने के लिए दुनियाभर से अमीर और फेमस लोगों को दुबई आकर बस जाने के लिए आमंत्रित करता है। ऐसे लोगों को दुबई अपने यहां की नागरिकता भी देता है। आकर्षक ऑफर्स को देखते अलग-अलग देशों से बड़ी तादाद में लोग अपनी नागरिकता छोड़कर दुबई की नागरिकता ले लेते हैं।

## अखिलेश यादव ने आई-पैक के साथ डील की फाइनल

**-बंगाल चुनाव के बाद यूपी में ग्राउंड पर उतरेगी टीम**

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक साल बाकी है। समाजवादी पार्टी ने चुनावी तैयारियों की शुरुआत कर दी है। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में बढ़त के बाद सपा उत्साहित है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए अपने कैंपेन को संभालने के लिए पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक को हायर किया है। दोनों कैंप के सूत्रों ने कन्फर्म किया कि यह डील इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में फाइनल हुई थी। आई-पैक को जन सुराज लीडर प्रशांत किशोर ने को-फाउंड किया था। आई-पैक पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आने वाले चुनावों के बाद सपा के लिए काम शुरू करेगी।

**बंगाल के बाद शुरू होगा काम**

आई-पैक के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि हमारा ज़्यादातर वर्कफोर्स अभी पश्चिम बंगाल में असेंबली इलेक्शन के लिए इकट्ठा है। हालांकि शुरुआती मीटिंग्स हो चुकी हैं, लेकिन ज़्यादातर काम उत्तर प्रदेश में बंगाल इलेक्शन के बाद ही शुरू होगा। हमारे एक डायरेक्टर विनेश चंदेल वहां टीम को हेड करेंगे।

## आईईडी ब्लास्ट में असिस्टेंट कमांडेंट घायल

चाईबासा (एजेंसी)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मल्लिक घायल हो गए। घटना सारंडा के मरांगपोंगा इलाके में हुई, जहां सुरक्षा बलों की टीम जंगलों में सघन तलाशी अभियान चला रही थी। अभियान के दौरान पहले से बिछाए गए विस्फोटक में अचानक धमाका हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास मौजूद जवान भी सतर्क हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने सुरक्षाबलों की मूवमेंट को देखते हुए पहले से ही आईईडी प्लांट कर रखा था। धमाके में सहायक कमांडेंट मल्लिक को चोटें आईं, हालांकि उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। विस्फोट के तुरंत बाद मौके पर मौजूद जवानों ने घायल अधिकारी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जंगल के बीच चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चलाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जाने की तैयारी की गई।

## टांडा के जंगल में हाथी से टकराई बाइक, दो भाईयों की मौत

हल्द्वानी (एजेंसी)। टांडा जंगल में हाथी से दोपहिया वाहन टकरा गया। इससे दोपहिया वाहन सवार सड़क पर गिर गए, जिसमें एक मौत हो गई। जबकि दूसरे को अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से शाहजहांपुर कटरा और वर्तमान में बनभूलपुरा के गफूर बस्ती निवासी शकील (26) और जाफर (28) शनिवार की शाम हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान टांडा रोड स्थित हाथी कारिडोर में उनके वाहन के सामने अचानक हाथी आ गया, जिससे उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और वाहन चल रहे शकील के सिर में चोट लग गई। साथ ही पीछे बैठे जाफर भी सड़क हादसे में घायल हो गया। सड़क हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। जहां शकील को मृत घोषित कर दिया, जबकि जाफर को हायर सेंटर भेजा, जिसपर बरेली ले जाते वक्त रास्ते में जाफर ने भी दम तोड़ दिया। लोगों ने बताया की दोनों रिश्ते के भाई थे। जो हल्द्वानी में रहकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी व कपड़ों की फेरी करते थे घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

## जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके, डोडा ज़िले में 4.2 तीव्रता से कांपी धरती

जम्मू (एजेंसी)। रविवार तड़के सुबह जम्मू-कश्मीर का डोडा ज़िला भूकंप के झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर 4.2 मैग्नीट्यूड की तीव्रता वाले इस भूकंप ने पहाड़ी इलाके के निवासियों में दहशत पैदा कर दी, हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जैसे ही सुबह हुई, परेशान लोकल लोग हालात का अंदाज़ा लगाने के लिए अपने घरों से बाहर निकले, उन्हें हिमालय की ठंडी हवा के बीच अपने पहाड़ी गांवों को सही-सलामत पाकर राहत मिली।

## एलओसी पार से पुंछ में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, भारतीय सेना ने फायरिंग कर खदेड़ दिया

जम्मू (एजेंसी)। एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत की गई, जबकि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी ड्रोन भेजा गया। रविवार तड़के डिगवार इलाके में तैनात भारतीय सेना के जवानों ने उक्त संदिग्ध ड्रोन को देखते ही तुरंत जवाबी फायरिंग की। जानकारी अनुसार पाकिस्तानी ड्रोन रविवार सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट पर भारतीय क्षेत्र में दाखिल होता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद सेना ने दर्जनभर से अधिक राउंड फायर करके वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। इस संबंध में सैन्य अधिकारियों ने मीडिया को बताया, कि भारतीय सीमा पर घुसा ड्रोन सेना की गोलीबारी से बच निकला। आसमान में मंडराने के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की ओर वापस चला गया। यह दूसरी बार हुआ जबकि तीन दिनों के भीतर सीमा पार से ड्रोन गतिविधि देखी गई है, जिसके चलते भारतीय सेना को कड़े कदम उठाने पड़े हैं। यहां बताते चलें कि 27 फरवरी को भी इसी क्षेत्र में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ हुई थी, जिस पर सेना ने कार्रवाई की थी। ऐसे में मौजूदा घटनाक्रम सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि ड्रोन का इस्तेमाल अक्सर हथियार या नशीले पदार्थ गिराने या फिर जासूसी करने के लिए किया जाता है। ड्रोन वाली घटना के बाद भारतीय सुरक्षा बलों ने संपूर्ण इलाके में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। सर्च ऑपरेशन से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि उक्त ड्रोन ने कोई हथियार या प्रतिबंधित सामग्री तो भारतीय सीमा पर नहीं छोड़ी है। इसी के साथ ही पूरे पुंछ सेक्टर में चौकसी बढ़ा दी गई है और सीमा पर भी निगरानी कड़ी कर दी गई है। इस घटना को गंभीर इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि एक तरफतो पाकिस्तान अफगानिस्तान पर हमले कर रहा और जंग के हालात पैदा किए हुए हैं, वहीं दूसरी ओर भारत में ड्रोन भेजकर एक नया मोर्चा खोलने का इरादा जता रहा है।

## यूएस-इजराइल हमले में मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीय को बचाए सरकार

**-कांग्रेस ने की सरकार से इस युद्ध को खत्म करने में मदद की अपील**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस ने भारत सरकार से इस युद्ध को तुरंत खत्म करने और पश्चिम एशिया में सभी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की अपील की है। बता दें इस भयानक युद्ध के बीच कई भारतीय मिडिल ईस्ट में फंसे हुए हैं। हालांकि भारत सरकार की ओर से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हफ्तों तक राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के साथ डिप्लोमेसी और बातचीत का दिखावा करते रहे हैं। इजराइली पीएम नेतन्याहू और अमेरिका में कट्टरपंथियों के उकसाने पर उन्होंने शासन बदलने के मकसद से एक सैन्य हमला शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस हमले की निंदा करती है और सरकार से इस वॉर को खत्म करने में मदद करने की अपील करती है।


कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मिडिल ईस्ट संकट पर कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती दुश्मनी चिंताजनक है। पूरे मिडिल ईस्ट में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बीच कांग्रेस ने पीएम मोदी के इजराइल दौरे को शर्मनाक और गलत समय पर बताया और कहा कि इससे मिलिट्री बढ़ोतरी को राजनीतिक समर्थन मिलने का एहसास होता है। रमेश ने कहा कि मोदी के इजराइल दौरे का जश्न मनाने के दो दिन बाद, इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर मिलकर हमला शुरू कर दिया।

## बिहार की हार से सीख लेकर कांग्रेस और डीएमके में बनी सहमति, सीट बंटवारे का फॉर्मूला तैयार

**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की सियासत में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही गठबंधन की तस्वीर अब साफ होने लगी है। राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस के बीच लंबे समय से चला आ रहा सीटों का गतिरोध खत्म होता दिख रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के कड़वे अनुभवों से बड़ी सीख ली है। बिहार में महागठबंधन के बीच अंतिम समय तक सीट बंटवारा न हो पाने और कई सीटों पर फ्रेंडली फाइट के कारण मिली करारी हार को देखते हुए, इस बार तमिलनाडु में कांग्रेस ने व्यावहारिक रुख अपनाया है।

डीएमके प्रमुख और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गठबंधन को एकजुट रखने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में डीएमके ने दो मुस्लिम दलों के साथ समझौता पक्का कर लिया है। पार्टी मुख्यालय में हुई घोषणा के अनुसार, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और मनिधनेया मक्कल कत्ची (एमएमके) को दो-दो विधानसभा





सीटें आवंटित की गई हैं। आईयूएमएल अपने पारंपरिक 'सीढ़ी' चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेगी, जबकि एमएमके के उम्मीदवार डीएमके के 'राइजिंग सन' सिंबल पर मैदान में उतरेंगे। यह कदम अल्पसंख्यक मतदाताओं को एक स्पष्ट संदेश देने की कोशिश माना जा रहा है। कांग्रेस के साथ भी बातचीत अब सकारात्मक मोड़ पर पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस शुरुआत में 35 सीटों की मांग कर रही थी, लेकिन अब 27 या 28 सीटों और राज्यसभा की एक अतिरिक्त सीट पर समझौता होने की प्रबल संभावना है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वपेरुन्थगई ने संकेत दिए हैं कि डीएमके के साथ बातचीत सौहार्द्रपूर्ण रही है और कांग्रेस का गठबंधन अटूट है। पार्टी ने उन अटकलों को भी खारिज कर दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि कांग्रेस किसी अन्य दल (जैसे टीवीके) के संपर्क में है।

दूसरी तरफ, विपक्षी खेमे यानी एनडीए में फिलहाल अनिश्चितता का माहौल है। ओ. पन्नीरसेल्वम के डीएमके के पाले में जाने की चर्चाओं के बीच एनडीए में अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं हो पाया है, जिससे वे फिलहाल दोराहे पर खड़े नजर आ रहे हैं। डीएमके की योजना है कि 9 मार्च को तिरुचिरापल्ली में होने वाले पार्टी के राज्य स्तरीय सम्मेलन से पहले सभी सहयोगियों के साथ सीटों का बंटवारा अंतिम रूप ले ले। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री स्टालिन सोमवार 2 मार्च 2026 को राज्यसभा सीटों और उम्मीदवारों की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडणकर दिल्ली रवाना हो चुके हैं, जहां हाईकमान की मुहर लगते ही इस समझौते का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। विदुथलाई चिरुथैगल कत्ची (वीसीके) जैसे अन्य छोटे दलों के साथ भी सोमवार को चर्चा होनी है। एमके स्टालिन की रणनीति साफ है–सहयोगी दलों को उनकी जमीनी ताकत के हिसाब से सीटें देकर गठबंधन को नियंत्रित रखना और चुनाव प्रचार में किसी भी प्रकार की देरी या असमंजस से बचना। अब देखना यह होगा कि बिहार की गलतियों से सबक लेकर बनाया गया यह मजबूत गठबंधन आगामी चुनाव में कितनी सफलता हासिल करता है।

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने ताजा घटनाओं पर जताई चिंता, दोनों पक्ष संयम बरतें

**भारत ने जारी की एडवाइजरी भारतीय सतर्क रहें और मिशनों के संपर्क में रहें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने मिडिल ईस्ट में हालात पर चिंता जताते हुए कहा है कि सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ताजा घटनाओं से बहुत चिंतित हैं। हम दोनों पक्षों को संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की गुजारिश करते हैं। सभी पक्षों को डायलॉग और डिप्लोमेसी का रास्ता अख्तियार करना चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बयान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में हमारे मिशन सभी भारतीय नागरिकों के साथ हैं और एडवाइजरी जारी कर कहा गया है कि वे सतर्क रहें, मिशनों के संपर्क में रहें और स्थानीय सुरक्षा गाइडलाइंस का पालन करें। पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए भारत ने ना केवल ईरान और इजराइल बल्कि दूसरे देशों के लिए भी सलाह जारी की है। बता दें ईरान को लेकर भारत सरकार पहले से ही तीन एडवाइजरी जारी कर चुकी है। इजराइल में कुल दस हजार भारतीय रहते हैं जिनमें से चार हजार छात्र हैं।




भारतीय दूतावास ने कतर में रहने वाले सभी भारतीयों से उचित सावधानी बरतने के लिए कहा है। सैन्य स्थानों से दूर रहने और घरों के अंदर रहने को कहा है। यूएई और फलस्तीन स्थित भारतीय मिशनों ने अडवाइजरी जारी कर भारतीयों से सावधान रहने को कहा है। माना जा रहा है कि हालात अगर बिगड़ते हैं तो भारत अपने नागरिकों को निकालने के लिए इवैक्युएशन ड्राइव की अगुवाई कर सकता है। भारत के लिए पश्चिम एशिया क्षेत्र अहम है। इस क्षेत्र में क़रीब 9-10 मिलियन भारतीय रहते हैं। यही वजह है कि दो दिन पहले ही इजराइल में पीएम मोदी ने कहा था कि मध्य एशिया की स्थिरता और शांति से भारत के हित जुड़े हैं। उन्होंने डायलॉग और डिप्लोमेसी से सभी विवादों को हल करने के लिए कहा था।

## साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई: 11 राज्यों में छापेमारी कर 27 जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम जिला साइबर सेल ने डिजिटल ठगी करने वाले गिरोहों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी देशव्यापी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक सप्ताह तक चले विशेष अभियान के तहत देश के 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की, जिसमें कुल 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है, जिनमें मासूम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई थी।




जांच में सामने आया है कि इन मामलों में सीधे तौर पर 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई है। हालांकि, जब पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों और वित्तीय दस्तावेजों की गहराई से पड़ताल की, तो उसमें करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला। पुलिस को अंदेशा है कि यह राशि देश के अलग-अलग हिस्सों में की गई अन्य साइबर ठगी से जुड़ी हो सकती है। जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने इस सफलता की जानकारी साझा करते हुए बताया कि साइबर सेल की टीम लंबे समय से ठगी की शिकायतों पर तकनीकी जांच कर रही थी। डेटा विश्लेषण और डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एक साथ दबिश देकर इन जालसाजों को दबोचा गया।

पकड़े गए आरोपियों का जाल काफी फैला हुआ था। ये लोग मुख्य रूप से निवेश के नाम पर झांसा देने, मोबाइल में खतरनाक एपीके फाइल इंस्टॉल करवाकर डेटा चोरी करने, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए फर्जी स्कीम चलाने और क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से अपराध में इस्तेमाल होने वाली भारी सामग्री भी बरामद की है। बरामद सामान में 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड (डेबिट/क्रेडिट), एक पीओएस मशीन, एक बाइक और भारी मात्रा में बैंक दस्तावेज व चेकबुक किट शामिल हैं। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य नामों और ठगी गई रकम की बरामदगी की जा सके।

## गोकुल में छड़ीमार होली: गोपियों ने पुलिस ही नहीं विदेशी सैलानियों पर भी बरसाईं छड़ियां

**-दुल्हन की तरह सजी महिलाएं, श्रीकृष्ण-बलराम के बाल रूप पर खेला रंग**

**मथुरा (एजेंसी)।** ब्रज के गोकुल में रविवार को छड़ीमार होली की धूम रही, जिसमें महिलाएं दुल्हन की तरह सज-संवरकर भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप पर रंग और छड़ियों की वर्षा करती दिखाई दीं। इस बार गोपियों ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि बड़ी संख्या में आए विदेशी सैलानियों और पुलिसकर्मियों को भी दनादन छड़ियों की झड़ी से नवाज़ा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बलदेव विधानसभा के बीजेपी विधायक पूरन प्रकाश ने इस मौके पर राधा-कृष्ण बने कलाकारों के साथ मंच पर डांस कर कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पहले दोपहर 12¬30 बजे नंदभवन से भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला, जिसमें कन्हैया और बलराम के बाल रूप सवार थे। लोग डोले के आगे-पीछे रंग-गुलाल उड़ाते हुए मस्ती में चलते दिखाई दिए। रास्ते में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया, फूल, रंग और अबीर से डोले को सजाया गया। चौराहों पर बड़े स्टेज तैयार किए गए, जिन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करती रहीं। गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे।

**छड़ीमार होली की परंपरा**

गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहीं बाल लीलाएं की थीं। इस खेल में उपयोग की जाने वाली छड़ियों पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है, जिससे चोट नहीं लगती। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली की तरह गोकुल की इस परंपरा में भी महिलाएं प्रमुख भूमिका निभाती हैं। इस बार की होली में नंदगांव और बरसाना के आयोजनों की याद भी ताजा हो गई थी, जहां राधारानी की सखियों और श्रीकृष्ण के सखाओं के बीच रंगीन छड़ीमार का खेल हुआ।

गोकुल में छड़ीमार होली देखने आए लोगों ने इसे अत्यंत रोचक और जीवंत उत्सव बताया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन उत्सव की अद्भुत झलक ने इसे और भी यादगार बना दिया।



# 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे: केजरीवाल

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

सारी दुनिया चांद पर पहुंच गई, लेकिन 12 साल में मोदी जी से सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए, सीवर के ढक्कन नहीं लगे। लंदन, टोक्यो, पेरिस, फ्रांस, न्यूयार्क के शहर बहुत साफ सुथरे हैं, सड़क पर जरा सा मिट्टी का तिनका नहीं मिलता है। श्रीलंका, भूटान, मलेशिया, रवांडा, वियतनाम जैसे गरीब देश भी साफ-सुथरे हैं। मोदी जी से 12 साल में देश की सफाई नहीं हुई, लानत है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2014 तक बीजिंग में भारत से ज्यादा प्रदूषण होता था, लेकिन 12 साल में बीजिंग ने अपना प्रदूषण खत्म कर दिया। आज पूरे उत्तर भारत के अंदर सांस लेना मुश्किल हो रहा है। मोदी सरकार से प्रदूषण ठीक नहीं हुआ। ये लोग कहते हैं कि विकसित भारत बनाएंगे। विकसित भारत छोड़ो, रहने लायक भारत बना दो। कम से कम लोग सांस तो ले सकें। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि केजरीवाल भ्रष्ट है, लेकिन कोर्ट ने कह दिया केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। मोदी जी भ्रष्टाचार खत्म करना चाहते हैं और हिम्मत है तो कार्रवाई करके दिखाओ। गुजरात में 20 हजार करोड़ रुपए का कोकीन हेरोइन पकड़ा गया। मोदी जी में हिम्मत है तो उन पर कार्रवाई करके दिखाएं। गुजरात में हर साल 30 हजार करोड़ रुपए की नकली दारू बिकती है, मोदी जी में हिम्मत है तो इसे बंद करके दिखाएं। मोदी जी ने अपने एक दोस्त को अरबों खरबो रुपए कीमत की एक हजार एकड़ जमीन एक रुपए में दे दी। अगर हिम्मत है तो एक्शन लेकर दिखाएं। मोदी जी ब्रिज और पुलों का उद्घाटन करके आते हैं। उद्घाटन किए एक महीना नहीं होता है और ब्रिज गिर जाता है, सड़क टूट जाती हैं। मोदी जी में हिम्मत है तो वहां एक्शन लेकर दिखाएं। पूरे देश में पेपर लीक हो रहा है, यहां एक्शन लेकर दिखाएं। लेकिन मोदी जी यहां एक्शन नहीं लेंगे। क्योंकि मोदी जी खुद उस घोटाले में शामिल हैं या उनकी पार्टी के लोग शामिल हैं या फिर उनके दोस्त शामिल हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भ्रष्टाचारी में नहीं, बल्कि मोदी जी खुद भ्रष्टाचार कर रहे हैं। लेकिन मोदी जी वास्तव में भ्रष्टाचार करने वालों को जेल में नहीं डालेंगे, बल्कि सोनम वांगचुक, मेहराज मलिक, नरेश बाल्यान, केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को जेल में डालेंगे। सोनम वांगचुक बहुत बड़े वैज्ञानिक हैं। उनको पदम् श्री, पदम् भूषण मिलना चाहिए। बच्चों की पढाई के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया है। लेकिन मोदी जी ने सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया। मोदी जी सोनम वांगचुक से डरते हैं। जब कोई तानाशाह पढ़े-लिखे वैज्ञानिकों से डरना चालू कर दे तो समझ लेना कि उसका अंत आ गया है। उन्होंने कहा कि एक दिन मोदी जी संसद नहीं गए। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि सारी महिलाएं मुझे पीटेंगी। मोदी जी को अब सोनम वांगचुक, महिलाओं, केजरीवाल, ट्रम्प से डर लगता है। आखिर मोदी जी डर-डर कर कितना जिएंगे। थोड़ी तो हिम्मत दिखाएं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी और अमित शाह ने मुझे गिरफ्तार कर बड़े-बड़े संदेश दिए हैं। उन्होंने संदेश दिया है कि खबरदार सरकार में कोई ईमानदारी से काम करेगा तो उसका केजरीवाल जैसी हालत कर देंगे। आम आदमी पार्टी ने आम लोगों को टिकट दिए। देश के युवाओं ने अपनी नौकरियां छोड़ दीं और राजनीति में आ गए। सबको लगा कि अब हम मिलकर देश बदलेंगे। आम आदमी पार्टी में सभी आम लोगों के युवा हैं और मंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक बन गए। हमारी सोच थी कि युवाओं को राजनीति में आना चाहिए, लेकिन मोदी जी ने युवाओं को संदेश दिया कि खबरदार राजनीति में आए तो केजरीवाल वाला हाल कर दूंगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के अंदर उम्मीदें खत्म हो गई थीं, लोगों ने कहना चालू कर दिया था कि इस देश का कुछ नहीं हो सकता है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई और देश के लोगों को एक उम्मीद दी। ''आप'' की सरकार ने दिल्ली में स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़कें ठीक की। आम आदमी पार्टी ने 140 करोड़ लोगों को उम्मीद दी कि देश सुधर सकता है। लेकिन मोदी जी ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर 140 करोड़ लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक साल पहले भाजपा की दिल्ली में सरकार बनी। इस एक साल में भाजपा को दिल्ली सरकार के भुक्तभोगी हजारों लोग हैं। मौजूदा दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 11 नवंबर 2024 को ट्वीट किया था कि मैं सभी बस मार्शलों को आश्वस्त करता हूं कि भाजपा की सरकार बनते ही 60 दिनों के अंदर बस मार्शलों का नियमित कर दिया जाएगा। लेकिन एक साल हो गए, एक भी बस मार्शल नियमित नहीं हुए। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, भाजपा, विजेंद्र गुप्ता धोखेबाज हैं। प्रधानमंत्री खुद दिल्ली में कह कर गए थे कि 8 मार्च 2025 से दिल्ली की हर महिला के खाते में 2500 रुपए आएंगे, लेकिन नहीं आए। अगर देश का प्रधानमंत्री ही झूठा हो, तो देश की तरक्की कैसे हो सकती है। फिर देश के लोग किसके पास जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 हजार बस मार्शल निकाल दिए। हजारों डीटीसी चालकों, कंडक्टरों को निकाल दिए। मोहल्ला क्लीनिक के कर्मचारियों को निकाल दिए। डिम्स के कर्मचारियों को भी निकाल दिए। अस्पताल में काम करने वाले डेटा इंट्री ऑपरेटर भी निकाल दिए। इतनी महंगाई में बड़ी मुश्किल से नौकरी मिलती है। अगर नौकरी दे सको तो दे दो, लेकिन किसी की नौकरी न छीनो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पूरी दिल्ली दुखी है। सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं। चारों तरफ गंदगी है। लोगों के घर में काला पानी आ रहा है। ''आप'' की सरकार में दिल्ली को 24 घंटे बिजली मिलती थी। अब लंबे-लंबे पावर कट लग रहे हैं। पूरी दिल्ली बर्बाद हो गई है। आज दिल्लीवाले याद कर रहे हैं कि इनसे अच्छा तो केजरीवाल ही था। आज दिल्ली में चुनाव करा लो, भाजपा को 10 भी सीट नहीं आएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि मोदी जी से देश नहीं संभल रहा है। कुछ लोग कहते हैं कि मोदी जी को देश चलाना नहीं आता है। मेरा मानना है कि मोदी जी को न देश चलाना है और ना ही देश और सरकार चलाने में उनकी कोई रूचि है। सच तो यह है कि मोदी जी को देश से कोई लेना-देना ही नहीं है। देश भाड़ में जाए। मोदी जी को केवल सत्ता की हवस है। सुबह से शाम तक मोदी जी और अमित शाह देखते हैं कि सत्ता कैसे ले लें। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी सत्ता के लिए तरह-तरह के षड़यंत्र रचते हैं। इसके लिए एसआईआर, वोटर लिस्ट से नाम काटने-जोड़ने, पैसे-साड़ियां बांटने पड़े या फिर लोगों को ही क्यों न मरवाना पड़े, जो करना पड़े, लेकिन इनको सिर्फ सत्ता चाहिए। मोदी जी आप सत्ता के लिए काम करो, केजरीवाल देश के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल 2011 को इसी जंतर मंतर पर देश के लोगों ने हुंकार भरी थी और देश से कांग्रेस का सफाया हो गया था। आज जंतर मंतर का यह दिन भी ऐतिहासिक है। एक मार्च 2026 के बाद भाजपा की देश भर से उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

## जल बोर्ड की एलपीएससी माफी योजना का 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

नई दिल्ली। दिल्ली जलबोर्ड की लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) माफी योजना का अब तक 20,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया है, जिससे करीब 96 करोड़ रुपये की छूट दी जा चुकी है। योजना शुरू होने के बाद से 32.79 करोड़ रुपये की वास्तविक वसूली भी की जा चुकी है। दिल्ली में लगभग 29 लाख पंजीकृत जल उपभोक्ता हैं, जिनमें से 15 लाख से अधिक के खातों पर बकाया राशि है। कुल 16,100 करोड़ रुपये के बकाए में 5,100 करोड़ रुपये मूल राशि है और 11,000 करोड़ रुपये लेट पेमेंट सरचार्ज के रूप में हैं। नई योजना के तहत उपभोक्ताओं को केवल मूल राशि चुकानी है, जबकि सरचार्ज को पूरी तरह माफ किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, अब आने वाले बिल में उपभोक्ताओं को सरचार्ज-मुक्त संशोधित बिल प्राप्त होंगे, तब वसूली और तेज होगी। जल बोर्ड जल्द ही विशेष मार्केटिंग और जनसंपर्क टीम तैनात करेगा जो शहरभर में जागरूकता अभियान चलाएगी। योजना के प्रचार के लिए डीटीसी बसों, मेट्रो, एफएम रेडियो, अखबारों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन चलाए जाएंगे। साथ ही आरडब्ल्यूए और स्थानीय समुदायों के सहयोग से भी अभियान शुरू होगा। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह केवल वित्तीय सुधार नहीं, बल्कि जवाबदेही और स्वच्छ यमुना की दिशा में एक ठोस कदम है।

## पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की गला दबाकर की हत्या

ग्रेटर नोएडा। कोतवाली पुलिस का कहना है कि घटना के बाद प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने गहन छानबीन शुरू की। जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि युवक की हत्या उसकी पत्नी राखी ने अपने प्रेमी गुरुदीप के साथ मिलकर की थी। पुलिस के अनुसार, वैवाहिक जीवन में चल रहे विवाद और अवैध संबंध इस हत्याकांड की मुख्य वजह बताए जा रहे हैं। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और स्थानीय पूछताछ के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ीं। पूछताछ में दोनों आरोपियों की गतिविधियां घटना के समय संदिग्ध पाई गईं। सख्ती से पूछताछ करने पर पत्नी राखी ने प्रेमी गुरुदीप के साथ मिलकर हत्या की साजिश रचने की बात स्वीकार कर ली।

## जंगल में मिली बच्चे की खोपड़ी व अवशेष, लापता रिहान के होने की आशंका

मेरठ। सरधना थाना क्षेत्र के नंगला रोड के जंगल में शुक्रवार को बच्चे की खोपड़ी व अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीण ये अवशेष सात माह पहले तांत्रिक क्रिया में मारे गए 11 वर्षीय रिहान पुत्र इमरान के होने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने अवशेष डीएनए टेस्ट के लिए भेज दिए हैं। करीब सात माह पहले नवाबगढ़ी निवासी 11 वर्षीय रिहान का अपहरण हो गया था। इसके एक माह बाद ही गली के ही 15 वर्षीय उवेश पुत्र शकील की तंत्र क्रिया के लिए तांत्रिक असद ने अपहरण कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी असद को गिरफ्तार किया तो उसने तंत्र क्रिया व हत्या की बात को स्वीकार किया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उवेश का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। आरोपी ने उवेश के परिजनों से पांच लाख की फिरौती भी मांगी थी। उसने बताया कि रिहान के भी उसने मारा था। हालांकि आरोपी की निशानदेही पर पुलिस रिहान का शव बरामद नहीं कर पाई। शुक्रवार को जंगल में ग्रामीण पशुओं के लिए घास काट रहे थे। तभी उन्हें वहां पर खोपड़ी व अन्य अवशेष मिले। रिहान के परिजनों ने आशंका जताई है कि ये अवशेष उनके बच्चे के हो सकते हैं। इस संबंध में सीओ सरधना आशुतोष कुमार का कहना है कि देखने में अवशेष किसी बच्चे के लग रहे हैं। जिस स्थान पर खोपड़ी मिली, उसके पास ही रिहान की पैंट मिली थी। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तांत्रिक असद जेल में बंद है। वह सिद्धि पाने के लिए बच्चों की बलि देता था।

## ज्यूडिशियल काउंसिल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तुरंत हस्तक्षेप कर बढ़ते हुए युद्ध को रोकने की अपील की

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

परिषद ने नागरिकों की सुरक्षा और निर्बाध मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। व्यापक संघर्ष का जोखिमः यह बढ़ता तनाव क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियों को एक बड़े टकराव में खींच सकता है, जिसके अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर अप्रत्याशित परिणाम हो सकते हैं। कानूनी तर्कों के अतिरिक्त, ज्यूडिशियल काउंसिल के पत्र में हस्तक्षेप के लिए व्यापक नैतिक आधार भी प्रस्तुत किया गया है। इतिहास हमें आज लिए गए निर्णयों के आधार पर परखेगा, ज्यूडिशियल काउंसिल के सचिव संजय अरोड़ा ने कहा। हम सुरक्षा परिषद से साहस और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने, अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करने और मानवता को अनियंत्रित युद्ध की भयावहता से बचाने की अपील करते हैं।

## डिप्रेशन से जूझ रहे व्यक्ति ने मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दी, मचा हड़कंप

नई दिल्ली। उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार सुबह ट्रेन के सामने छलांग लगाकर 45 साल के व्यक्ति ने खुदकुशी कर ली। मृतक की शिनाख्त करोली राजस्थान निवासी महाराज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मेट्रो पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने



बताया कि मंगलवार को 10.12 बजे जनकपुरी मेट्रो स्टेशन थाना पुलिस को एक शख्स के उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के सामने छलांग लगाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिवार वालों से पूछताछ में पता चला कि महाराज सिंह काफी दिन से डिप्रेशन के मरीज थे और इनका राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह कल भी इलाज के लिए अस्पताल गए थे। वह उत्तम नगर में रहने वाले अपने बड़े भाई की बेटी की शादी में शामिल होने दिल्ली आए थे। उनके परिवार में उसकी पत्नी, एक बेटी और दो बेटे हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हादसे की वजह से द्वारका से नोएडा और वैशाली के मार्ग पर करीब आधे घंटे तक ट्रेन का परिचालन बाधित रहा।

## रंजिश में युवक पर चलाई गोली, बाल बाल बचा

नई दिल्ली। महेंद्र पार्क में बृहस्पतिवार रात रंजिश में एक युवक पर स्कूटी सवार नाबालिगों ने गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। पीड़ित की पहचान निखिल सक्सेना (22) के रूप में हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने तीन नाबालिग लड़कों पर आरोप लगाया है जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात पुलिस को महेंद्र पार्क स्थित हेलो चाइना फास्ट फूड की दुकान पर गोली चलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को वहां शिकायतकर्ता संजय नगर निवासी निखिल सक्सेना मिला। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त माणिक के साथ हेलो चाइना फास्ट फूड की दुकान आया था। दोनों दुकान के पास खड़े थे तभी तीन लोग स्कूटी पर आए और उनपर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनपर गोली भी चलाई। गनीमत रही कि गोली किसी को भी नहीं लगी। पीड़ित ने तीनों आरोपियों को पहचानने का दावा करते हुए बताया कि सभी उसके घर के पास ही रहते हैं और उससे रंजिश रखते हैं। पुलिस ने मौके पर क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने वहां से कुछ साक्ष्य हासिल किए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़ित दसवीं तक पढ़ा है और फिलहाल कोई काम नहीं करता है। वहीं, गोलीबारी करने वाले सभी आरोपी नाबालिग हैं। जिस जगह पर घटना हुई है वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है। घटना के बाद से नामजद सभी आरोपी अपने घर से गायब हैं। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए इनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## महिला को सम्मोहित कर नाबालिगों ने गहने उड़ाए, पुलिस ने दो को दबोचा

दिल्ली। सुल्तानपुरी इलाके में नाबालिगों ने एक महिला को सम्मोहित कर उसके गहने ठग लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच कर दोनों आरोपी की पहचान कर उन्हें घर से पकड़ लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने सोने का लॉकेट बरामद किया है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 3 अगस्त को एक महिला ने ठगी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह सेक्टर 24 रोहिणी में ब्यूटी पार्लर चलाती है। रात में घर जाने के लिए बस स्टैंड पर खड़ी थी। इसी दौरान एक युवक आया और आनंद विहार जाने का रास्ता पूछा। फिर उसने बताया कि उसके ठेकेदार ने नौकरी से निकाल दिया है। उसके पास पैसे नहीं हैं। उसे भूख लगी है और खाना खिलाने के लिए कहा। इसी दौरान एक और युवक आ गया और वह लड़के की मदद करने के लिए कहा। फिर दोनों पीड़िता को लेकर होटल की तलाश करने लगे। इसी दौरान दूसरे युवक ने महिला से कहा कि इलाका ठीक नहीं है। वह रूमाल निकालकर दिखाया कि वह अपने पैसे रुमाल में रखता है। फिर उसने महिला से सारे गहने को एक रुमाल में डालने के लिए कहा। उसके बाद पीड़िता कान के दोनों टॉप्स, मोती का माला और एक सोने का लॉकेट रुमाल में रख दिया। युवक ने उसमें गांठ लगाकर पीड़िता को सौंप दिया। उसके बाद दोनों युवक वहां से भाग गए। जांच करने पर रुमाल से गहने गायब पाया। महिला ने पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान कर ली। दोनों आरोपी के बी और सी ब्लॉक में मौजूद होने की जानकारी पर पुलिस ने वहां दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया।

## युवक को गोली लगने के मामले में दोस्त गिरफ्तार

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में रविवार को युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके ही दोस्त पंकज उर्फ पंखा को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि उसने रोहित को गोली मारी नहीं थी, बल्कि गलती से उसको लग गई थी। दरअसल सारे दोस्त मिलकर तमंचे को देख रहे थे, इसी दौरान गोली चल गई और रोहित घायल हो गया। सारे दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो गई। सभी उसे अस्पताल छोड़कर भाग खड़े हुए। वहीं, पुलिस पंकज की बात पर यकीन करने को तैयार नहीं है। पुलिस का कहना है कि फरार चल रहे आलम और आकाश के पकड़े जाने के बाद हकीकत सामने आएगी। वारदात में इस्तेमाल तमंचा भी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस पता लगा रही है कि तमंचा कहां से लाया गया था। पुलिस के मुताबिक रविवार को बाबू जग जीवन राम अस्पताल से वारदात की सूचना मिली थी।

## नौकरी नहीं मिली तो लूट की वारदात को दिया अंजाम

नई दिल्ली। मध्य जिला की पुलिस ने दरियागंज से लेकर लाजपत नगर तक करीब 250 सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाश को पकड़ा है। पुलिस ने इसके कब्जे से स्कूटी के साथ लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया है। बदमाश की पहचान गर्ग एन्क्लेव, बुराड़ी निवासी मोहम्मद हसन उर्फ एहसान उर्फ बाबू (28) के रूप में हुई है। इस पर पहले से ही नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से दो मामले सुलझाने का दावा किया है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन के मुताबिक, 27 अक्तूबर को आईपी एस्टेट थाने में लूट की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि आईटीओ के पास स्कूटी पर सवार बदमाश उसका फोन छीनकर भाग गया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज कर एक टीम का गठन किया। टीम ने दरियागंज से लेकर लाजपत नगर तक बदमाश के भागने की दिशा में करीब 250 सीसीटीवी फुटेज की जांच की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे बुराड़ी से पकड़ लिया। पूछताछ में उसने वारदात कबूल करने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि वह हाल ही में जेल से बाहर आया था। वारदात को अंजाम देने से पहले कई जगहों पर नौकरी की तलाश की लेकिन जब कहीं पर काम नहीं मिला तो उसने चोरी और लूट करनी शुरू कर दी।


**NAME CHANGE**
I, ABDUL TAWWAB S/O Shri Abdul Rehman Resident of House No. C-16, Abhimanyu Gali, Near Babu Ram Chowk, Arjun Mohalla, Moujpur, Delhi-110053 have changed my name ABDUL TAUWAB to ABDUL TAWWAB for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, SIDDHARATH RANA S/O BHAGWAN RANA residing at H NO-1074, SIRASPUR, DELHI-110042 have changed my name to SIDDHARTH RANA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I Kapil Kumar Yadav S/o Dinesh Yadav R/o House No-523 P, Sector-14,Gurgaon,Haryana-122001, Have Changed My Name To Kapil Yadav For All Purpose

**NAME CHANGE**
I, Pradeep Kumar S/o Prem Chand R/o D-754/A, Gali No.1, Ashok Nagar, Shahdara, Delhi-110093 have changed the name of my minor son from Arjun to Arjun Vaidwan.

**NAME CHANGE**
I, Anupama D/o Pradeep Kumar R/o D-754/A, Gali No.1, Ashok Nagar, Shahdara, Delhi-110093 have changed my name to Anupama Chaudhary.

**NAME CHANGE**
I, VINOD KUMAR S/O UDAY SINGH residing at FLAT NO-G-3/8, NEAR DDA WATER TANK, SECTOR-4, ROHINI, DELHI-110085 have changed my name to VINOD KUMAR KUSHWAHA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I Manoj Ram S/o Ram Bilash Ram R/o Flat No-6, Tower-8,Hamelia Street,IRIS,Vatika City, Sector-49, Gurgaon, Haryana-122018, Have Changed My Name To Manoj Kumar For All Purpose

**NAME CHANGE**
I Taran Preet Singh Kochhar S/o Manpreet Singh Kochhar R/o 10C/80 SFS Flats Green View Appartment Mayapuri Road Hari Nagar West Delhi-110064 Have Change My Given Name Taranpreet Singh and Surname Kochhar for all purpose.

**NAME CHANGE**
I, DEEPAK KUMAR VERMA S/O PARTAP SINGH resident of H.No.16, Tara Nagar Main Kakrola Road, Kakrola, South West Delhi, Delhi-110078 have changed the name of my minor daughter SHREYA ALIAS SHREYA VERMA aged 13 years, and she shall hereafter be known as SHREYA VERMA.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SAMEERA SINGH D/O SUDHIR KUMAR SINGH residing at Flat No.E-1058, River Heights, Raj Nagar, Extension, Tower-15, Ghaziabad, U.P.-201001, have changed my name and shall hereafter be known as SAMEERA SINGH AMETHIA.

**NAME CHANGE**
I, Sushma D/O Shambu Prasad Dharmana W/O Vinod Kumar R/O B-6 Police Colony Mandir Marg New Delhi 110001 Have changed my name to Sushma Badola for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Swaran Kaur Sawhney W/o Prith Pal Singh R/o 10C/80 SFS Flats Green View Appartment Mayapuri Road Hari Nagar West Delhi-110064 Have Changed My Name to Swaran Kaur for all purpose.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Rahul Vishwakarma S/o H.P. Vishvakarma R/o J-4, Ground Floor Gandhi Market, Mir Dard Road, Minto Road, Indraprastha, Central Delhi, Delhi-110002 declare that name of mine has been wrongly written as Rahul Kumar Vishvakarma in my minor daughter namely Anika Vishvakarma aged 5 years in his School Records. The actual name of mine is Rahul Vishwakarma.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that 1 INDU CHAUHAN W/O NARENDER SINGH CHAUHAN R/O N-129/1, T-HUTS, KHILONA BAGH DIST NORTH WEST DELHI-110009 declare that name of mine has been wrongly written as INDU KANWAR in my minor son namely HARSH VARDHAN SINGH CHAUHAN aged 13 years in his school record and birth certificate No. MCDOLIR - 2211-005020356. The actual name of mine is INDU CHAUHAN which may be amended accordingly

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that CHANDER VEER S/O RAM JI LAL R/O Q-157 Vikas Vihar Uttam Nagar West Delhi Delhi-110059 declare that name of mine has been wrongly written as CHANDER PAL in my minor daughter namely KIRTI aged 15 years in her birth certificate No.MCDOLIR-0110-004425168. The actual name of mine is CHANDER VEER which may be amended accordingly

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, BALJEET SINGH S/o GURCHARAN SINGH R/o 12/32, Geeta Colony, East Delhi-110031 declare that name of mine, my wife and my minor daughter has been wrongly written as BALJEET SINGH CHUGH, GURPREET KAUR CHUGH, JASLEEN KAUR CHUGH in my minor daughter JASLEEN KAUR aged 16 years in her 10th class Educational Documents. The actual name of mine, my wife and my minor daughter are BALJEET SINGH, GURPREET KAUR and JASLEEN KAUR respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, MOGHAL FATHIMA BAIG Wife of JC-335017L Rank-NB/SUB Name-MOGHAL MOHAMMAD BAIG Presently residing at 9-5-5, ANDHRA RATNA NAGAR, PERALA HIGH SCHOOL, PERALA, CHIRALA PRAKASAM DISTRICT, ANDHRA PRADESH-523157, have changed my name from MOGHAL FATHIMA BAIG to FATHIMA SHAIK for all future purposes vide Affidavit dated 16/07/2025 before First Class Magistrate, Shillong, Meghalaya.

**NAME CHANGE**
I Jugal Kishor S/o Lila Dhar R/o H.No-196 S/F, Kh.No-619/21, Chattar Pur, South Delhi, Delhi-110074 have changed the name of my minor daughter namely Krishna Devi aged 16 years and she shall hereafter be known as Priya.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Farman S/o Akeel Ahmed R/o B 272/27, Gali No 4, Subhash Mohalla North Ghonda, Garhi Mendu, Bhajan Pura, North East, Delhi-110053 have changed my name and shall hereafter be known as Farman Ahmed.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Atif S/o Manzoor Khan R/o 1/99-C, 4F/F, Gali No-5, Guru Harkrishan School Wali Gali, Kabir Nagar, Gokal Pur, North East Delhi, Delhi-110094 have changed my name and shall hereafter be known as Atif Khan.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Aakash S/o Makan Singh Rawat R/o 2087/5, Gali No.20, Prem Nagar Patel Nagar, Patel Nagar S.O, Central Delhi, Delhi-110008 have changed my name and shall hereafter be known as Akash Rawat.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Sanam Kumari W/o Samarjeet Gupta R/o E-400-D, Block-E, Ashok Nagar, Vasundhra Enclave, East Delhi, Delhi, Delhi-110096 have changed my name and shall hereafter be known as Sonam Sav.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Laxman Yadav alias Bhavikshan Yadav S/O Bechan Yadav R/O Gram Debra, Post Bela, Thana Babubarhi, Ward No-02, Bela, PO Bela, Dist Madhubani, Bihar-847224 have changed my name and shall hereafter be known as Bhavikshna Yadav.

**NAME CHANGE**
I Tajinder Kaur W/o Jaspreet Singh Baweja R/o 52/43 Ramjas Road Karol Bagh Delhi -110005 Have Changed My Name To Tajinder Kaur Baweja For All Purpose.

**NAME CHANGE**
I, Sansare Amrut Narayan father of No.4580889H Rank-Hav Name Sansare Ravindra Amrut residing at Vill. Deolali Pravara, Tehsil - Rahuri, District.Ahilyanagar, Maharashtra - 413716 have changed my name from Sansare Amrut Narayan to Amrut Narayan Sansare vide affidavit dated 15.07.2025 executed before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NO-17007475L Rank-NK Name-JITENDRA GANGWAR S/O LATE NIRANJAN LAL GANGWAR R/O WARD NO-11, MOHALLA GYASPUR, NEAR BANGALI BABA MANDIR, BILASPUR, PILIBHIT, UTTAR PRADESH-262201 have changed my minor son's name from DAKSH GANGWAR to YASH GANGWAR for all future purposes vide Affidavit Dated 05/09/2023 before Notary Public, Delhi.



**NAME CHANGE**
I, NO-17007475L Rank-NK Name-JITENDRA GANGWAR S/O LATE NIRANJAN LAL GANGWAR R/O WARD NO-11, MOHALLA GYASPUR, NEAR BANGALI BABA MANDIR, BILASPUR, PILIBHIT, UTTAR PRADESH-262201 have changed my minor son's name from DAKSH GANGWAR to YASH GANGWAR for all future purposes vide Affidavit Dated 05/09/2023 before Notary Public, Delhi.



**NAME CHANGE**
I, ANITA BANSAL W/O PAWAN BANSAL residing at B-504, MAYURDHWAJ APARTMENT, I.P EXTN. EAST DELHI-110092 have Change my name to ANITA RANI BANSAL for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**
I Jyoti pal W/O Sunil Kumar R/O WZ-125, Village Begumpur, North West Delhi , -110086.declare that name of mine has been wrongly written as Jyoti in my minor Daughter Yashika aged 14 years in her school cords and birth certificate no MCDOLR09368299 .The actual my name is Jyoti Pal.

**NAME CHANGE**
I, PUNNAM DEVI Wife of No-14913053K Rank-HAV Name-NARENDER SINGH R/O C-7, LAXMI GARDEN, NAJAFGARH, NEW DELHI-110043 have changed my name from PUNNAM DEVI to POONAM DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 30/09/2023 before Executive Magistrate, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NEETAS DEVI Wife of No-3204848W Rank-HAV Name-DHARMENDRA SINGH R/O VILL-BISHUNDAS, PO-MURSAN, DISTT-HATHRAS, U.P-204213 have changed my name from NEETAS DEVI to NITESH DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 30/09/2023 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as ASHISH KUMAR RATHOR S/O PURAN LAL R/O Q-48, RAJEEV NAGAR BEGUM PUR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110086, have changed my name and shall hereafter be known as RAZA AHMED.

**NAME CHANGE**
I, SANJAY KUMAR CHOUDHARY S/o LATE SH. LAXMAN CHAUDHARY Permanent R/o Parsauni Khirodhar, Sitamarhi, Bihar-843325 and Presently Residing at Plot No. B-20, Second Floor, Dass Garden, Baprola Vihar, Najafgarh, New Delhi-110043. declare that name of mine has been wrongly written as SANJAY CHOUDHARY in my minor daughter namely SHIWANGI CHOUDHARY aged 17 years in her 10th class Marksheet. The actual name of mine is SANJAY KUMAR CHOUDHARY, which may be amended accordingly.



**NAME CHANGE**
I, VINOD KUMAR S/O UDAY SINGH residing at FLAT NO-G-3/8, NEAR DDA WATER TANK, SECTOR-4, ROHINI, DELHI-110085 have changed my name to VINOD KUMAR KUSHWAHA for all future purpose.



**NAME CHANGE**
I, SANTOSH KUMAR S/O VISHVA NATH PRASAD residing at PLOT NO-58&59, FLAT NO-B-2, STREET NO-5, HAVENS GARDEN MATIALA, DELHI-110059 have changed my name to SANTOSH KUMAR GUPTA for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, Anil Balakrishna Panicker s/o Angakattil Narayan Balakrishna Panicker R/o A-6/334-A, Janta Flats, Paschim Vihar, Delhi-110063, have changed my name to Anil Bala Panicker permanently.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, NIDHI AGGARWAL YADAV D/o VIRENDER KUMAR AGGARWAL, and Ex. Wife of AMIT YADAV, R/o H.No E-12, Hauz Khas, South West Delhi-110016, declare that I got divorce from my Ex. Husband AMIT YADAV vide Court Decree HMA No. 603/2019 dated 30 - 04-2019, further I have changed my name and shall hereafter be known as NIDHI AGGARWAL. I also have changed the name of my minor Son namely AAYAN YADAV, aged 16 years and my minor daughter namely ARSHIYA YADAV, aged 13 years and they shall hereafter be known as AAYAN AGGARWAL and ARSHIYA AGGARWAL respectively, which may be amended accordingly.



**NAME CHANGE**
I Taran Preet Singh Kochhar S/o Manpreet Singh Kochhar R/o 10C/80 SFS Flats Green View Appartment Mayapuri Road Hari Nagar West Delhi-110064 Have Change My Given Name Taranpreet Singh and Surname Kochhar for all purpose.



**NAME CHANGE**
I, S VANITHA W/o No. 14838283N Rank-HAV/MT Name-RAMESH P R/o VILL-SEDRAMPUTTU, PO-SEDRAMPUTTU, TEH-POLUR, DIST-THRUVANNAMALAI, TAMIL NADU-632315, have changed my name from S VANITHA to VANITHA R for all future purposes vide Affidavit dated 15/07/2025 before Notary Public, Kupwara.

**NAME CHANGE**
I, SH AUTAR SINGH Father of JC-413677X Rank-SUB MAJ Name-BHAGAT SINGH presently residing at VILL-BILTIYA SUKOLI TALLI, PO-DHAUNTIYAL, DIST-PAURI GARHWAL, UTTARAKHAND-246155 have changed my name from SH AUTAR SINGH to AVTAR SINGH for all future purposes vide affidavit dated 12/03/2024 before Notary Public, Delhi.



**NAME CHANGE**
I, NO-17007475L Rank-NK Name-JITENDRA GANGWAR S/O LATE NIRANJAN LAL GANGWAR R/O WARD NO-11, MOHALLA GYASPUR, NEAR BANGALI BABA MANDIR, BILASPUR, PILIBHIT, UTTAR PRADESH-262201 have changed my minor son's name from DAKSH GANGWAR to YASH GANGWAR for all future purposes vide Affidavit Dated 05/09/2023 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, BALJEET SINGH S/o GURCHARAN SINGH R/o 12/32, Geeta Colony, East Delhi-110031 declare that name of mine, my wife and my minor daughter has been wrongly written as BALJEET SINGH CHUGH, GURPREET KAUR CHUGH, JASLEEN KAUR CHUGH in my minor daughter JASLEEN KAUR aged 16 years in her 10th class Educational Documents. The actual name of mine, my wife and my minor daughter are BALJEET SINGH, GURPREET KAUR and JASLEEN KAUR respectively, which may be amended accordingly.



**NAME CHANGE**
I, Kulsum w/o Rozuddin R/o B-17, Gali No.3A, Near Mohalla Dilshad Masjid, Old Mustafabad, Delhi-110094, have changed my name to Kulsoom for all future purposes.



**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## आईडीएफसी बैंक घोटाले में ईडी ने एसीबी से मांगा रिकार्ड

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** आईडीएफसी बैंक द्वारा हरियाणा सरकार के साथ किए गए 590 करोड़ के फर्जीवाड़े में अब ईडी भी जांच करेगी। इस मामले में हरियाणा एसीबी पहले से जांच कर रही है। जांच के चलते एसीबी द्वारा बैंक के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट के अधिकारियों ने घोटाले की जांच कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो को पत्र लिखकर घोटाले से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। दस्तावेज मिलते ही ईडी इस केस की जांच करेगी। ईडी की टीम द्वारा पहले ही दिन से इस मुद्दे पर नजर रखी जा रही है और अपने स्तर पर कई तरह की जानकारियां एकत्र की जा चुकी हैं। एसीबी द्वारा गिरफ्तार आरोपी सात दिन के पुलिस रिमांड पर हैं। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी मामला दर्ज कर आरोपियों को अपनी हिरासत में ले सकती है। एसीबी ने जांच के दौरान बैंक अधिकारी व कर्मचारियों को तलब किया। जिनसे कई दौर की पूछताछ दिनभर होती रही। पूछताछ के दौरान आरोपियों के समक्ष भी बैंककर्मियों को ले जाया गया। आरोपियों से पूछताछ के बाद उनके घर से लैपटॉप बरामद किए हैं। आशंका है कि आरोपियों ने बरामदगी से पहले लैपटॉप से काफी डेटा डिलीट कर दिया है। जिसे रिकवर करने के लिए साइबर एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है।

## पानीपत से जींद की सीमा तक असंध रोड को किया जायेगा फोरलेन : कृष्ण लाल पंवार

**पानीपत।** पानीपत, हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गांव शौदापुर में निर्माणकार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों के लिए सरकार ने 184 करोड़ 44 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान की है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पानीपत से जींद तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पानीपत से दरियापुर मोड तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। यह फोरलेन सड़क जिला पानीपत का हिस्सा रहेगी और जिला के इस फोरलेन हिस्से को बनाने के लिए 86 करोड़ 96 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि दरियापुर मोड से लेकर जींद तक 10 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी और यह सड़क जिला जींद का हिस्सा रहेगी। इस रोड को बनाने में 92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बिजली के खंभे शिफ्ट करने और फरिस्ट विभाग को 25 करोड़ 26 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पंचायत मंत्री ने बताया कि यह सड़क जिस- जिस गांव को कवर करेगी उन सभी गांवों में आवश्यकतानुसार पानी की निकासी के लिए ड्रेन बनाने का भी प्रावधान किया जाएगा। तथा यह सड़क 24 महीने में फोरलेन बनकर तैयार हो जाएगी और जिसका टेंडर सर्वोदय एजेंसी को दिया गया है उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एजेंसी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट तौर पर आदेश दिए कि सामग्री में गुणवत्ता को लेकर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। तथा सड़क को बनाते समय लोगों के आवागमन का भी ख्याल रखें। पंवार ने कहा कि यह लोगों की बहुत समय से लंबी मांग थी।

## विधायक ने डॉक्टरों संग देखा पीएम मोदी के एचपीवी टीकाकरण अभियान का भव्य शुभारंभ

**झज्जर।** बहादुरगढ़ शहर में दिल्ली-रोहतक रोड स्थित सरकारी अस्पताल में दिन एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब विधायक राजेश जून ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से प्रारंभ किए गए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान का लाइव प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर से 14 वर्ष की आयु वर्ग की बेटियों को गर्भाशय के मुंह के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए मुफ्त एचपीवी वैक्सीन लगाने के राष्ट्रीय अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल को देशभर में महिला स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस मौके पर उपस्थित प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय देशवाल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस से सुरक्षा प्रदान करना है, जो सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह वैक्सीन शुल्क देकर लगाई जाती थी, लेकिन अब केंद्र सरकार की पहल पर इसे पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक राजेश जून ने कहा कि शनिवार से बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों के लिए मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। उन्होंने इसे बेटियों के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

## गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की शोधार्थी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की शोधार्थी कनिका रानी का महत्वपूर्ण शोध पत्र मैटेरियल्स साइंस के क्षेत्र में क्यू1 कैटेगरी में 13.8 इम्पेक्ट फेक्टर के साथ विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ मैग्नीशियम एंड एलॉयज में प्रकाशित हुआ है। यह शोध प्रो. नीतू अहलावत के मार्गदर्शन तथा प्रो. आरएस कुंडू के सह-मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो. नीतू अहलावत ने शनिवार को सह-शोधार्थियों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिलकर विश्वस्तरीय शोध के लिए जरूरी सुविधाएं, उपकरण व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर प्रो. नीतू अहलावत व कनिका रानी को बधाई दी तथा सभी सह-शोधार्थिओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशन इस बात का प्रमाण है कि हमारे शोधकर्ता वैश्विक वैज्ञानिक मंच पर उत्कृष्टता के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

# कुरुक्षेत्र के मथाना में बनेगा जैविक कृषि व आधुनिक प्रबंधन प्रणाली संस्थान : नायब सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कृषि विकास मेला लाडवा में घोषणा करते हुए बड़ी सौगातें दी हैं। गांव मथाना में 10 एकड़ भूमि पर जैविक कृषि व आधुनिक प्रबंधन प्रणाली संस्थान खोला जाएगा। इस संस्थान में कृषि साइंस के यूजी, पीजी से लेकर पीएचडी तक के कोर्स उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही कैथल से यमुनानगर वाया ढांड, पिपली, रादौर मार्ग को फोरलेन किए जाने की घोषणा की। यह फोरलेन मार्ग एनएच-152डी, एनएच-44 और शामली एक्सप्रेस-वे को जोड़ेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने लाडवा उपमंडल सचिवालय के नए भवन, लोकनिर्माण विभाग की 9 सडक़ों का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से लाडवा अनाज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि विकास मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर पर बैठकर विश्वविद्यालय व किसानों



द्वारा लगाए गए स्टॉलों और कृषि मेले का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कृषि विकास मेला को हरियाणा की कृषि आत्मा का उत्सव बताया जो अन्नदाताओं के परिश्रम, संकल्प और नवाचार का महोत्सव है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगतिशील किसानों ने नवाचारों से कृषि क्षेत्र को गति दी है, जो हमारे अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। इस मेले का थीम जल संरक्षण प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है। मौजूदा समय में बदलते जलवायु परिदृश्य, घटते भूजल स्तर और अनियमित वर्षा ने कृषि क्षेत्र के सामने अनेक नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ऐसे समय में जल संरक्षण पर केंद्रित यह मेला वास्तव में दूरदर्शी पहल है। प्रति बूंद अधिक फसल का अर्थ तकनीक के साथ हमारी सोच में परिवर्तन लाना भी है। उन्होंने कहा कि हमें समझना होगा कि पानी अनंत नहीं है। यह मेला किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीकों से जोडक़र एक जन-आंदोलन का रूप लेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शोध को प्रयोगशाला तक सीमित न रखें, बल्कि हर खेत व हर किसान तक पहुंचाएं। किसान और वैज्ञानिक का सीधा संवाद ही कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यह मेला किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों, नई तकनीकों और वैज्ञानिक सलाह से जोडऩे का एक सशक्त मंच है। यहां पर 150 से अधिक स्टॉल्स, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, मिट्टी और पानी की जांच सुविधा, रोगग्रस्त फसलों की जांच व निदान, फसल प्रतियोगिता, लक्की ड्रॉ, ये सब मिलकर इस मेले को ज्ञान, नवाचार और प्रेरणा का संगम बना रहे हैं।

## हरियाणा में पुलिस भर्तियों के लिए तीन लाख युवाओं का होगा पीएसटी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) सात मार्च से हरियाणा पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) शुरू करेगा। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने इस संबंध में खेलकूद विभाग को पत्र लिखकर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र के अनुसार, हरियाणा पुलिस में 5500 कांस्टेबलों के लिए भर्ती प्रक्रिया कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चलाई जा रही है। इसके लिए करीब तीन लाख युवाओं ने आवेदन किया है। आवेदन करने वाले युवा इन दिनों फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट (पीएसटी) की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि स्पोर्ट्स कोटा के अभ्यर्थियों का पीएमटी व पीएसटी एक साथ आयोजित किया जाएगा।अब आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने खेल विभाग के निदेश को एक पत्र लिखकर पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में बास्केटबॉल तथा वॉलीबॉल हॉल को आरक्षित करने के लिए कहा है। इन हॉल में ही पुलिस कांस्टेबल अभ्यर्थियों के लिए पीएमटी व पीएसटी का आयोजन किया जाएगा। पत्र में साफ किया गया कि एचएसएससी द्वारा सात मार्च से अभ्यर्थियों के पीएमटी आयोजित किए जाएंगे। जिसके चलते एक मार्च से लेकर 31 मार्च तक बास्केटबॉल तथा वॉलीबॉल हॉल को आरक्षित किया जाए।आयोग ने इसके लिए खेलकूद विभाग से संयोजक नियुक्त करने की भी मांग की है। खेलकूद विभाग की तरफ से अपनी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि पीएमटी को लेकर एक पत्र वायरल हो रहा है। जिसके बाद प्रदेश भर से अभ्यर्थियों के फोन आ रहे हैं। हिम्मत सिंह ने स्पष्ट किया कि यह पत्र पूरी तरह से सही है।

## पशुपालन विभाग में दूर होगी स्टाफ की कमी, आयोग को भेजा प्रस्ताव

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग में लंबे समय से बनी स्टाफ की कमी अब दूर होने की दिशा में बढ़ती दिख रही है। विधानसभा में मुलाना की विधायक पूजा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि विभाग के विभिन्न पदों को भरने के लिए डिमांड हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) को भेज दी गई है। आने वाले महीनों में बड़ी भर्ती प्रक्रिया शुरू हो सकती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों तक पशु सेवाओं की उपलब्धता और विभागीय कामकाज में तेजी आ सकती है। पशुपालन विभाग में कुल 3963 पद खाली हैं। वेटरनरी डॉक्टर के 1184 स्वीकृत पदों में से 167 खाली हैं। इसी तरह ग्रुप-ए के 70, ग्रुप-बी के 11, तृतीय श्रेणी के 881 और ग्रुप-डी यानी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 2834 पद रिक्त हैं। ग्रुप-डी में सबसे ज्यादा खाली पद होने से साफ है कि जमीनी स्तर पर काम करने वाला स्टाफ सबसे ज्यादा प्रभावित है। यही कारण है कि कई जिलों में कर्मचारियों की कमी से पशु उपचार सेवाएं बाधित होने की शिकायतें उठती रही हैं। पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा के मुताबिक विभाग ने कई पदों पर भर्ती के लिए औपचारिक रूप से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को को प्रस्ताव भेज दिया है। विभाग की ओर से आयोग को स्वीपर के 2200, स्टेनोग्राफर/स्टेनोटाइपिस्ट के 17 तथा क्लर्क के 22 पदों को भरने की डिमांड भेजी है। मंत्री ने बताया कि एचएसएससी ने स्टेनोग्राफर/टाइपिस्ट के 17 पदों का विज्ञापन जारी कर दिया है। बाकी पदों पर भर्ती संबंधी प्रक्रिया विचाराधीन है।

## हरियाणा चुनाव आयोग कर्मचारियों को मिलेगा ईवीएम प्रबंधन, डेटा सिस्टम, लॉजिस्टिक्स का प्रशिक्षण

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में निकट भविष्य में होने जा रहे स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया में कई तरह के बदलाव नजर आएंगे। राज्य चुनाव आयोग के कर्मचारियों व अधिकारियों को केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा नई तकनीक के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिसे पंचायत, नगर परिषद और नगर निगम के चुनाव में लागू किया जाएगा। प्रदेश में अंबाला, पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों के साथ रेवाड़ी नगर परिषद और कुछ अन्य निकायों में उपचुनाव संभावित हैं। अप्रैल में चुनाव कराए जा सकते हैं। फिलहाल मतदाता सूचियों के प्रकाशन और आपत्तियों की प्रक्रिया चल रही है। मार्च में चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है। आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र कल्याण ने इस



बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय चुनावों में सबसे ज्यादा शिकायत मतदाता सूची में देरी, नाम गायब, सुधार में लंबे समय को लेकर आती रही हैं। नई व्यवस्था के तहत राज्य चुनाव आयोग को मतदाता सूची के अपडेट और समन्वय के लिए भारत निर्वाचन आयोग से तकनीकी सहयोग मिलेगा। लगातार पुनरीक्षण होगा और डेटा साझा करने की प्रक्रिया आसान बनेगी। इसका सीधा फायदा मतदाताओं और उम्मीदवारों को मिलेगा। राज्य चुनाव आयोग के कर्मचारियों को ईवीएम प्रबंधन, डेटा सिस्टम, चुनावी लॉजिस्टिक्स और प्रक्रिया संचालन का आधुनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट की सुविधाओं का उपयोग किया जाएगा। पंचायत और नगर निकाय चुनावों के नियम कई बार विधानसभा या लोकसभा चुनावों से अलग होते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है।

अब प्रयास है कि इन कानूनों में बेहतर तालमेल हो। इससे प्रक्रिया साफ और एकरूप होगी। देवेंद्र कल्याण के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के साथ बढ़ता समन्वय हरियाणा के स्थानीय चुनावों को नई मजबूती देगा। कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक और पेशेवर प्रशिक्षण मिलने से चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनेगी।

## अंबाला कैंट बनेगा महानगर: 1000 एकड़ में बसेंगे सात नए सेक्टर्स, मंत्री अनिल विज ने दी विकास को नई उड़ान

**एजेंसी**

**अंबाला छावनी।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी के निवासियों के लिए विकास का नया पिटारा खोल दिया है। उन्होंने घोषणा की कि अंबाला छावनी में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सात नए सेक्टर्स विकसित करने की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। इस मेगा प्रोजेक्ट के पूरा होने से न केवल शहर का भौगोलिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि भविष्य में अंबाला एक अत्याधुनिक 'महानगर' के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

**विज ने मुख्यमंत्री का जताया आभार**

अनिल विज ने इन सात नए सेक्टरों की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के ढांचागत विकास को नई रफ्तार दे रही है। उन्होंने कहा कि यह कदम अंबाला के आधुनिकीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**इन गांवों की भूमि पर बसेंगे नए सेक्टर**

ऊर्जा मंत्री ने जानकारी दी कि अंबाला छावनी और इसके साथ



लगते 14 गांवों की लगभग एक हजार एकड़ भूमि पर ये सेक्टर विकसित होंगे। इन गांवों में मुख्य रूप से घसीटपुर, बुहावा, शाहपुर, ब्राह्मण माजरा, करधान, सरसेहड़ी, चंदपुरा, मच्छौंडा, उगाड़ा, दुखेड़ी, सलाहेड़ी, रावला, मंगलई और समालखा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम अंबाला के आधुनिकीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

यहाँ विकसित होने वाले सेक्टर्स में 27, 28 और 36, सेक्टर 40 और 40-ए, सेक्टर 41-ए और 42 शामिल हैं। इन प्रस्तावित नए सेक्टरों में रिहायशी, ओपन स्पेस, कमर्शियल, ट्रांसपोर्ट व कम्यूनिकेशन और इंडस्ट्रियल प्लेस के लिए आधुनिक प्रावधान किए गए हैं।

**जमीन अधिग्रहण के लिए 'ई-भूमि' पोर्टल पर आवेदन**

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि सरकार ने नए सेक्टरों के लिए जमीन जुटाने की प्रक्रिया पारदर्शी बनाई है और ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से जमीन ली जा रही है। किसान या भू-स्वामी जो स्वेच्छा से अपनी जमीन सरकार को बेचना चाहते हैं, वे ई-भूमि पोर्टल पर जाकर अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा ई-भूमि पोर्टल आगामी दो महीने यानी 30 अप्रैल, 2026 तक आवेदन करने के लिए खुला है।

**रिंग रोड बनेगा विकास की लाइफ लाइन**

अंबाला में रिंग रोड के निर्माण के मद्देनजर, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बीते वर्ष ही हरियाणा सरकार से अंबाला छावनी में एचएसवीपी के नए सेक्टरों को विकसित करने के लिए पत्र लिखा था। मंत्री अनिल विज ने कहा कि सात नए सेक्टरों के बनने से अंबाला छावनी महानगर बन जाएगा जिसका विस्तार रिंग रोड तक होगा। अंबाला छावनी के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

## डीएसपी पर आरोप लगाने वाला हेड कांस्टेबल सुनील संधू बर्खास्त

**एजेंसी**

**कैथल।** कैथल में पुलिस विभाग से जुड़ा विवाद अब बड़े प्रशासनिक फैसले तक पहुंच गया है। हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधू को आखिरकार सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि में सोशल मीडिया पोस्ट, विभागीय अनुशासन और नशा मुक्ति अभियान से जुड़े वीडियो प्रमुख कारण बने। दरअसल, 23 फरवरी को हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधू ने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा करते हुए कलायत के डीएसपी ललित यादव पर गंभीर आरोप लगाए थे। संधू ने दावा किया था कि उन्हें झूठे नशे के मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है। इस पोस्ट के सार्वजनिक होते ही पुलिस विभाग में हलचल मच गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी उपासना सिंह ने इसकी जांच गुहला के डीएसपी कुलदीप बेनीवाल को सौंपी थी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संधू ने विभागीय प्रक्रिया का पालन नहीं किया और अपनी शिकायत उच्च अधिकारियों को देने के बजाय सोशल मीडिया का सहारा लिया। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस तरह की सार्वजनिक पोस्ट से विभाग की छवि प्रभावित होती है।

इस विवाद के बाद दो दिन पूर्व ही सुनील संधू सहित नशा मुक्ति टीम के कुल 9 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया था। जिला पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि टीम के सदस्यों ने अनुशासन और सेवा नियमों का पालन नहीं किया। जांच में यह भी सामने आया कि सुनील संधू नशा मुक्ति अभियान के दौरान आरोपियों को नशे के साथ पकड़ने के वीडियो अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करते थे। विभागीय नियमों के अनुसार ऐसी कार्रवाई की तस्वीरें या वीडियो सार्वजनिक करना प्रतिबंधित है, क्योंकि इससे कानूनी प्रक्रिया और गोपनीयता प्रभावित हो सकती है।

## डिजिटल स्क्रीन से थकती आंखों को आयुर्वेद की शक्ति

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** डिजिटल स्क्रीन का अत्यधिक प्रयोग आंखों की दृष्टि को धूमिल कर रहा है। मोबाइल, कंप्यूटर-लैपटॉप और टीवी से आंखों में थकान और सिरदर्द की समस्या बच्चों, युवाओं, बजुर्गों और महिलाओं में बढ़ रही है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला में आंखों की घटती दृष्टता का आयुर्वेदिक पद्धति से किया जा रहा उपचार उपयोगी साबित हो रहा है। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजीव शर्मा और डीन प्रोफेसर गुलाब चंद पमनानी के मार्गदर्शन में शालाक्य तंत्र विभाग की ओर से विभिन्न प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों, जिनमें नेत्र व्यायाम, त्रिफला क्वाथ, नेत्र परिषेक और नेत्र तर्पण जैसी प्रभावी चिकित्सा पद्धतियों से रोगियों का उपचार किया जा रहा है।

सोशल मीडिया का बढ़ता प्रचलन हर आयु वर्ग की आंखों की रोशनी को प्रभावित कर रहा है। नेत्र व्यायाम डिजिटल स्क्रीन के अतिप्रयोग जन्य थकावट से आंखों को स्वस्थ रखने में असरदार है। इससे आंखों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, प्रतिदिन 5 से 10 मिनट इस व्यायाम को जरूर करना चाहिए। शालाक्य तंत्र विभाग में कार्यरत डॉ.



गरिमा गुप्ता का कहना है कि विभाग की ओपीडी में हर रोज 50 से ज्यादा रोगी परामर्श और इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, इनकी आई विजन की स्थिति जांचने के बाद इलाज प्रक्रिया शुरू की जाती है।डॉ.गरिमा गुप्ता का कहना है कि आंखों की मांसपेशियों को मजबूती देने के लिए त्रिफला क्वाथ से आंखों की धुलाई की जाती है। यह पद्धति आंखों में चुभन, किरकिरापन, आंखों में पानी आना, धुंधला दिखाई देना और लाल होना, समस्या में राहतदायक साबित होती है। आंखों की दृष्टि बढ़ाने में 20-20-20 रूल भी प्रभावित साबित होता है। यह रूल उन लोगों के लिए फायदेमंद हैं, जो रोज़ाना घंटों कंप्यूटर पर काम करते हैं। ऐसे व्यक्ति को 20 मिनट बाद 20 सेकेंड के लिए ब्रेक लेने के साथ 20 फीट की दूरी तक देखना चाहिए, इस दौरान 5-6 बार पलकों को झपकाना चाहिए। इसके साथ ही आंखों में तनाव महसूस होने पर अपनी गतिविधि बदल लें।

## पीएमश्री और संस्कृति मॉडल स्कूलों में सीबीएसई सीपीडी ट्रेनिंग के लिए शिक्षकों से कोई व्यक्तिगत खर्च नहीं

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** प्रदेश के पीएमश्री और संस्कृति मॉडल स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से अनिवार्य की गई सीपीडी (सतत व्यावसायिक विकास) ट्रेनिंग को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से शिक्षकों को बड़ी राहत दी है देते हुए निर्देश जारी किए हैं कि पीएमश्री और संस्कृति मॉडल स्कूलों सहित किसी भी विद्यालय के शिक्षक को ट्रेनिंग के लिए अपनी जेब से भुगतान नहीं करना होगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर सभी जिला शिक्षा अधिकारी, पीएमश्री और संस्कृति मॉडल स्कूल के प्राचार्यो को भेजे पत्र में स्पष्ट हिदायत दी गई है कि अब सीपीडी ट्रेनिंग का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। निदेशक की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी शिक्षक को सीबीएसई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य सीपीडी ट्रेनिंग में भाग लेने के लिए व्यक्तिगत खर्च उठाने के लिए बाध्य न किया जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर शिक्षकों को सीबीएसई की अनिवार्य सीपीडी ट्रेनिंग के लिए स्वयं भुगतान करने के निर्देश दिए जा रहे थे, जो पूरी तरह अनुचित है। विभाग की ओर से सख्त लहजे में हिदायत दी गई है कि कोई भी स्कूल मुखिया किसी भी शिक्षक को अपने खर्च पर सीपीडी ट्रेनिंग में हिस्सा लेने के लिए मजबूर नहीं करेगा। सीबीएसई द्वारा निर्धारित ट्रेनिंग पूरी करने के लिए शिक्षकों पर किसी तरह की व्यक्तिगत वित्तीय जिम्मेदारी नहीं डाली जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया जा रहा है, जिसमें सीबीएसई के अनिवार्य सीपीडी मानकों को शामिल किया जाएगा। निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देशों में स्पष्ट उल्लेख किया है कि सीबीएसई अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर सीपीडी ट्रेनिंग की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## सीएम सैनी ने विज का जाना कुशलक्षेम शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

**एजेंसी**

**अंबाला छावनी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अम्बाला छावनी स्थित ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुँचे। यहाँ मुख्यमंत्री ने श्री विज से शिष्टाचार भेंट कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। आत्मीयता और सद्भाव से भरी इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने अनिल विज के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की मंगल कामना की।

यहाँ मुख्यमंत्री ने श्री विज से शिष्टाचार भेंट कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनिल विज की सराहना करते हुए कहा कि वे प्रदेश की राजनीति के अत्यंत वरिष्ठ एवं अनुभवी स्तंभ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिल विज जी का प्रशासनिक अनुभव और मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिल विज जी का प्रशासनिक अनुभव जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण हरियाणा के लिए अमूल्य है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे जल्द से जल्द पूर्ण स्वस्थ होकर पुनः और अपने दायित्वों का



निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री के आगमन पर अनिल विज, उनके भाई राजिंद्र विज और कपिल विज ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विज परिवार की ओर से मुख्यमंत्री को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को आपसी विश्वास और संगठनात्मक एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री की इस सद्भावनापूर्ण भेंट ने सत्ता और संगठन के बीच सहयोग की भावना को और मजबूती प्रदान की है।

## जींद में स्कूल चपड़ासी के फोन से मिले दसवीं कक्षा के प्रश्न पत्र के उत्तर

**एजेंसी**

**जींद।** जुलाना क्षेत्र के झमोला गांव स्थित पीएसपीएम स्कूल में दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के दौरान वहां तैनात एक चपड़ासी के मोबाइल फोन में प्रश्न पत्र के उत्तर मिलने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना मिलते ही केंद्र अधीक्षक ने पुलिस को शिकायत दी। जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर चल रहा था। परीक्षा दोपहर के सत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी। इसी दौरान बोर्ड द्वारा गठित फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम करीब तीन बजे अचानक केंद्र पर पहुंची और औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम की नजर केंद्र पर कार्यरत चपड़ासी सुरेंद्र पर पड़ी, जो अपने पास मोबाइल फोन रखे हुए था। परीक्षा केंद्र में ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन रखना नियमों के विरुद्ध है। संदेह होने पर फ्लाइंग टीम ने उसका मोबाइल फोन चेक किया। जांच के दौरान मोबाइल की गैलरी में कोड डी के प्रश्नपत्र से संबंधित उत्तर पाए गए। इससे टीम के सदस्यों ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत केंद्र अधीक्षक को इसकी जानकारी दी। केंद्र अधीक्षक राममेहर ने आरोपी चपड़ासी सुरेंद्र के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत दी। शिकायत में बताया गया कि परीक्षा की गोपनीयता भंग करने का प्रयास किया गया है, जो बोर्ड के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोशन ने बताया कि मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। यह भी जांच की जा रही है कि प्रश्नों के उत्तर मोबाइल में कैसे और किस माध्यम से पहुंचे तथा क्या इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# होली: आध्यात्मिक चेतना एवं वैज्ञानिक दृष्टि का सांस्कृतिक उत्सव



ललित गर्ग

**होली का मूल प्रेरक प्रसंग प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है। यह कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि गहन प्रतीकात्मक संदेश है। प्रह्लाद अटूट श्रद्धा और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं, जबकि होलिका अहंकार और दुराग्रह का प्रतिनिधित्व करती है। होलिका-दहन हमें यह सिखाता है कि अंततः विजय सत्य की होती है और अहंकार की ज्वाला स्वयं को ही भस्म कर देती है। जब हम होलिका की अग्नि प्रज्वलित करते हैं, तो उसका वास्तविक अर्थ बाहरी लकड़ियों को जलाना नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और अहं को दग्ध करना है। यदि यह आंतरिक शुद्धि नहीं हुई, तो होली केवल एक सामाजिक आयोजन बनकर रह जाएगी।**

होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन की सजीव अभिव्यक्ति है। यह वह पर्व है जो मनुष्य को उसके भीतर झाँकने का अवसर देता है और याद दिलाता है कि जीवन का वास्तविक सौंदर्य बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि अंतःकरण की निर्मलता में निहित है। समय के प्रवाह में होली के स्वरूप में अनेक परिवर्तन आए हैं। कहीं यह उत्सव उल्लास का माध्यम बना, तो कहीं उच्छृंखलता का पर्याय भी दिखाई देने लगा। छेड़खानी, मादक पदार्थों का सेवन, मारपीट और मयार्दा का उल्लंघन जैसी प्रवृत्तियां इस पावन पर्व की आत्मा के विपरीत हैं। वस्तुतः सही अर्थों में होली का अर्थ शालीनता का अतिक्रमण नहीं, बल्कि आंतरिक विकारों का दहन और संबंधों का पुनर्जीवन है। आवश्यकता इस बात की है कि हम होली के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयामों को समझें और समसामयिक संदर्भों में उसे एक नई गरिमा और जीवंतता प्रदान करें।

होली का मूल प्रेरक प्रसंग प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है। यह कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि गहन प्रतीकात्मक संदेश है। प्रह्लाद अटूट श्रद्धा और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं, जबकि होलिका अहंकार और दुराग्रह का प्रतिनिधित्व करती है। होलिका-दहन हमें यह सिखाता है कि अंततः विजय सत्य की होती है और अहंकार की ज्वाला स्वयं को ही भस्म कर देती है। जब हम होलिका की अग्नि प्रज्वलित करते हैं, तो उसका वास्तविक अर्थ बाहरी लकड़ियों को जलाना नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और अहं को दग्ध करना है। यदि यह आंतरिक शुद्धि नहीं हुई, तो होली केवल एक सामाजिक आयोजन बनकर रह जाएगी। रंगों का आध्यात्मिक अर्थ भी अत्यंत गहरा है। भारतीय संस्कृति में प्रत्येक रंग का अपना भाव है। लाल ऊर्जा और प्रेम का प्रतीक है, पीला ज्ञान और पवित्रता का, हरा जीवन और समृद्धि का, नीला अनंत आकाश और व्यापक चेतना का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो मानो यह घोषणा करते हैं कि हम भेदभाव की सीमाएँ मिटाकर एकात्मता का अनुभव करेंगे। रंग हमें सिखाते हैं कि विविधता ही जीवन का सौंदर्य है। अलग-अलग रंग मिलकर ही इंद्रधनुष बनाते हैं; उसी प्रकार विभिन्न समुदायों, विचारों और संस्कृतियों का समन्वय ही समाज को समृद्ध बनाता है। यही होली का सांस्कृतिक संदेश है-विविधता में एकता।

वैज्ञानिक दृष्टि से भी होली का विशेष महत्व है। यह पर्व



फाल्गुन पूर्णिमा को आता है, जब शीत ऋतु का समापन और ग्रीष्म ऋतु का आरंभ होता है। यह संक्रमण काल शरीर की प्रतिरोधक क्षमता के लिए संवेदनशील समय होता है। परंपरागत रूप से होलिका-दहन की अग्नि के समीप बैठना और उसकी ऊष्मा ग्रहण करना स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी माना गया। प्राचीन काल में टेसू के फूलों, चंदन, हल्दी और प्राकृतिक गुलाल से बने रंगों का प्रयोग किया जाता था, जिनमें औषधीय गुण होते थे। वे त्वचा को लाभ पहुँचाते थे और संक्रमण से भी रक्षा करते थे। आज रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों ने इस परंपरा को चुनौती दी है। अतः आवश्यक है कि हम प्राकृतिक और पर्यावरण-अनुकूल रंगों की ओर लौटें। विकसित भारत की संकल्पना में स्वच्छता, हरित जीवनशैली और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का जो आग्रह है, वह होली के पारंपरिक स्वरूप से पूर्णतः सामंजस्य रखता है। सांस्कृतिक दृष्टि से होली भारतीय समाज की सामूहिक चेतना का उत्सव है। यह वह अवसर है जब सामाजिक भेदभाव की दीवारें कमजोर पड़ती हैं और अपनत्व का रंग गहरा होता है। गाँवों में फाग-गीतों की गूंज, चौपालों पर हास-परिहास, नगरों में सांस्कृतिक आयोजन-ये सब सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं। होली का एक स्वरूप वह भी है, जब लोग पुराने मनमुटाव भुलाकर गले मिलते हैं और संबंधों को नया आयाम देते हैं। यह पर्व संवाद और समरसता का सेतु बन सकता है, बशर्ते हम इसकी मूल भावना को समझें।

आज के वैश्वीकरण के युग में नई पीढ़ी आधुनिकता को प्रगति का पर्याय मानती है। आधुनिकता स्वागतयोग्य है, किंतु यदि वह मूल्य-विस्मृति का कारण बन जाए, तो समाज का संतुलन बिगड़ सकता है। ‟बुरा न मानो होली है" का अर्थ किसी की गरिमा को ठेस पहुँचाना नहीं, बल्कि हँसी-खुशी के साथ आत्मीयता बाँटना है। महिलाओं के सम्मान, सार्वजनिक मयार्दा और सामाजिक उत्तरदायित्व का ध्यान रखते हुए होली मनाना ही सच्ची भारतीयता है। यदि उत्सव के नाम पर उच्छृंखलता बढ़े, तो वह हमारे सांस्कृतिक आत्मसम्मान के विपरीत है। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि आनंद और अनुशासन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक आत्मविश्वास की नई यात्रा पर अग्रसर है। ‟नया भारत" और ‟विकसित भारत" की परिकल्पना केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण से भी जुड़ी है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय परंपराओं, योग, आयुर्वेद और त्योहारों की बढ़ती प्रतिष्ठा इस परिवर्तन का संकेत है। होली जैसे पर्व विश्वभर में भारतीय संस्कृति की पहचान बन रहे हैं। यदि इन्हें शालीनता, पर्यावरण-संवेदनशीलता और आध्यात्मिक चेतना के साथ प्रस्तुत किया जाए, तो यह भारत की सॉफ्ट पावर को और सुदृढ़ कर सकते हैं। यह समय है जब हम अपने त्योहारों को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखकर उन्हें सांस्कृतिक कूटनीति और सामाजिक जागरण का माध्यम बनाएं।

नई विश्व-व्यवस्था में जहाँ तकनीकी प्रगति के साथ मानसिक तनाव और सामाजिक दूरी भी बढ़ रही है, वहाँ होली जैसे उत्सव मानवीय संबंधों को पुनर्स्थापित करने का अवसर देते हैं। डिजिटल युग में लोग आभासी संवाद में अधिक और प्रत्यक्ष संवाद में कम समय दे रहे हैं। होली हमें प्रत्यक्ष मिलन, स्नेह-स्पर्श और सामूहिक उल्लास की अनुभूति कराती है। यह सामाजिक एकाकीपन को दूर करने का भी माध्यम बन सकती है। यदि हम इस अवसर पर समाज के वंचित वर्गों, वृद्धजनों और जरूरतमंदों के साथ रंग साझा करें, तो यह उत्सव करुणा और सेवा की भावना को भी सशक्त करेगा। आवश्यकता है कि होली को नशामुक्त, पर्यावरण-अनुकूल और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाने का सामूहिक संकल्प लिया जाए। विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के माध्यम से होली के मूल संदेश को प्रचारित किया जा सकता है। फाग-गीत, लोकनृत्य, कवि-सम्मेलन और सामूहिक प्रार्थना जैसे आयोजनों से इस पर्व को नई दिशा दी जा सकती है। जब होली केवल रंगों तक सीमित न रहकर विचारों का उत्सव बनेगी, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होगा।

निश्चित तौर पर होली हमें यह सिखाती है कि बाहरी रंग क्षणिक हैं, किंतु आंतरिक प्रेम और सद्भाव शाश्वत हैं। यदि हम अपने भीतर के अहंकार को जला दें और हृदय में करुणा का रंग भर दें, तो हर दिन होली बन सकता है। विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब आर्थिक उन्नति के साथ सांस्कृतिक चेतना भी समानांतर चले। आइए, इस होली पर हम यह संकल्प लें कि मयार्दा का उल्लंघन नहीं, मयार्दा का उत्सव मनाएँगे; विभाजन नहीं, विश्वास का रंग फैलाएँगे; और उच्छृंखलता नहीं, उत्साह और सद्भाव का संदेश देंगे। जब होली का रंग हमारे चरित्र और आचरण में उतर जाएगा, तभी यह पर्व वास्तव में सार्थक और प्रेरणादायी बन सकेगा।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार) (यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### किताब पर 'सुप्रीम' पाबंदी

सर्वोच्च अदालत ने एक किताब पर 'पूर्ण प्रतिबंध' (ब्लैंकेट बैन) का आदेश दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का अध्याय संकलित था। किताब 8वीं कक्षा में सामाजिक विज्ञान के तौर पर पढ़ाई जानी थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्' (एनसीईआरटी) ने छापी थी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत समेत अन्य न्यायाधीश भी बहुत कुपित हुए और इस अध्याय को शामिल करने को 'गहरी साजिश' करार दिया। प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी थी कि एनसीईआरटी ने गोली चला दी है और न्यायपालिका लहूलुहान है। यह महज एक गलती नहीं है, बल्कि न्यायपालिका की गरिमा गिराने और युवाओं के भीतर जहर भरने की एक 'सोची-समझी साजिश' लगती है। संस्था के निदेशक ने गलती मानने के बजाय लिखित में इन विवादित अंशों का बचाव किया है। यह और भी गंभीर है। हम पता लगाएंगे। सिर तो कटेंगे, हम गहरी जांच करेंगे। हम न्यायपालिका सरीखे संवैधानिक संस्थान को इस तरह बदनाम नहीं होने देंगे। न्यायपालिका पर आज भी करोड़ों लोगों का विश्वास, भरोसा है। उसे टूटने कैसे दिया जा सकता है?' इसी के साथ न्यायिक पीठ ने किताब के फिजिकल या डिजिटल, हार्ड या सॉफ्ट और वेब पोर्टल आदि सभी प्रारूपों और संस्करणों को जब्त करने का आदेश दिया है। किताब की जो 38 प्रतियां बिक चुकी हैं, उन्हें भी हासिल कर जब्त किया जाए। न्यायिक पीठ ने एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी और केंद्रीय स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कराए हैं। वे 11 मार्च को अदालत में मौजूद रहेंगे। सर्वोच्च अदालत ने यहां तक कहा है कि क्यों न निदेशक के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए? अदालत ने जो आदेश दिया है, उसकी अनुपालना रपट दो सप्ताह में जमा करानी होगी। सामाजिक विज्ञान की ऐसी किताब और उसमें न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की खबर सामने आई, तो कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गुस्सा जताते हुए सवाल किया-यह हम क्या पढ़ा रहे हैं? कौन देख रहा है यह सब? ऐसी सामग्री का अनुमोदन कौन कर रहा है? किसी को तो जवाबदेह ठहराना चाहिए। प्रधानमंत्री की यह सख्त टिप्पणी, हालांकि, सूत्रों के हवाले से सार्वजनिक हुई है। बहरहाल किताब के विवादित अध्याय में लिखा गया है कि सर्वोच्च अदालत में करीब 81,000 मुकदमे लंबित हैं, जबकि देश के उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा करीब 62.40 लाख है। 2017-21 के दौरान भ्रष्टाचार की करीब 1600 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रधान न्यायाधीश के दफ्तर को जो शिकायतें मिलीं, वे अलग हैं। 2016-25 के दौरान न्यायाधीशों के खिलाफ 8639 शिकायतें मिलीं, यह कानून मंत्रालय ने संसद में खुलासा किया है। क्या ये शिकायतें ही भ्रष्टाचार की प्रमाण हैं अथवा यह व्यवस्था का गंभीर सवाल है?

## चिंतन-मनन

### भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार

अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्त्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्त्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्त्रबाहु को पराजित होना पड़ा।

रावण विद्वान होने के साथ ही महापराप्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा।

पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था। किसी व्यक्ति ने उसे उठाकर अपने पूजा घर में स्थापित किया और उसकी पूजा की। पूजा के समय उस व्यक्ति ने फूल को शालिग्राम के चरणों में रख दिया। फूल ने जब खुद को पत्थर के चरणों में पाया तो उसे एहसास हो गया कि उसे अपने अहंकार की सजा मिली है। पत्थर ने अब भी कुछ नहीं कहा वह फूल की मनस्थिति को देखकर मुस्कुराता रहा।

# इजरायल- ईरान का छद्म युद्ध से क्या पश्चिम एशिया में बढ़ेगा तनाव?



सौरभ वार्ष्णेय

पश्चिम एशिया लंबे समय से अस्थिरता का केंद्र रहा है, और इस अस्थिरता की एक प्रमुख धुरी है इजरायल और ईरान के बीच चल रहा छद्म युद्ध। यह टकराव प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय परोक्ष हमलों, साइबर हमलों, खुफिया अभियानों और क्षेत्रीय संगठनों के माध्यम से लड़ा जाता रहा है। अब आशंका जताई जा रही है कि यह छद्म संघर्ष खुली सैन्य भिड़ंत का रूप ले सकता है, जिससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव भड़क सकता है। दोनों देशों के बीच सीधे युद्ध भले ही कम देखने को मिला हो, लेकिन विभिन्न मोर्चों पर अप्रत्यक्ष टकराव लगातार जारी रहा है। यही कारण है कि क्षेत्र में किसी भी छोटी घटना के बड़े संघर्ष में बदलने की आशंका बनी रहती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह टकराव और बढ़ता है तो इसका असर पूरे पश्चिम एशिया पर पड़ सकता है। यह क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों का केंद्र है। इसलिए किसी भी बड़े सैन्य संघर्ष से अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

दरअसल, इजरायल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके बढ़ते क्षेत्रीय प्रभाव को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता रहा है। वहीं ईरान भी इजरायल की नीतियों और पश्चिमी देशों के साथ उसके गठजोड़ की खुलकर आलोचना करता रहा है। इस वैचारिक और सामरिक टकराव ने दोनों देशों के रिश्तों को लगातार तनावपूर्ण बनाए रखा है।

ईरान और इजरायल के बीच वैचारिक और रणनीतिक मतभेद गहरे हैं। इजरायल जहां ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है, वहीं ईरान इजरायल की क्षेत्रीय नीतियों का विरोध करता है। सीरिया, लेबनान और गाजा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का प्रभाव टकराता रहा है। लेबनान में सक्रिय हिज्बुल्लाह और गाजा में हमास जैसे संगठनों को लेकर इजरायल और ईरान के बीच आरोप-प्रत्यारोप और हमलों का सिलसिला चलता रहा है।

हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच साइबर हमलों, ड्रोन हमलों और गुप्त अभियानों की खबरें सामने आती रही हैं। हालांकि दोनों पक्ष अक्सर प्रत्यक्ष जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करते, लेकिन क्षेत्रीय विशेषज्ञ इसे ₹शैडो वॉर₹ यानी छद्म युद्ध की संज्ञा देते हैं।

यदि यह संघर्ष खुलकर सामने आता है तो इसका प्रभाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। पश्चिम एशिया वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। किसी भी बड़े सैन्य टकराव से तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट पैदा हो सकता है। इसके अलावा अमेरिका और अन्य वैश्विक शक्तियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाएगी, जिससे संघर्ष का दायरा और व्यापक हो सकता है।

ऐसे समय में सबसे बड़ी आवश्यकता संयम और संवाद की है। क्षेत्र पहले ही सीरिया, यमन और गाजा जैसे संघर्षों से प्रभावित है। एक और बड़े युद्ध की संभावना पूरे क्षेत्र को दीर्घकालिक अस्थिरता की ओर धकेल सकती है।

इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से जारी छद्म युद्ध यदि भड़कता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया ही नहीं बल्कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा पड़ेगा। कूटनीतिक प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के जरिए ही इस संभावित संकट को टाला जा सकता है।

**अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था भी हो सकती है प्रभावित**

आज की परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में किसी एक क्षेत्र में पैदा हुआ संकट केवल स्थानीय नहीं रहता, बल्कि उसका असर अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तक फैल जाता है। वैश्विक राजनीति, व्यापार और तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बढ़ते तनाव के बीच यह आशंका और भी प्रबल हो गई है कि यदि बड़े देशों के बीच टकराव या आर्थिक प्रतिबंधों की स्थिति बनती है तो उसका प्रभाव पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता और सुरक्षा ढांचे पर पड़ सकता है।

हाल के वर्षों में विश्व ने कई उदाहरण देखे हैं। जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा, खाद्यान्न और आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से प्रभावित किया। यूरोप में गैस संकट गहराया और दुनिया भर में महंगाई बढ़ी। इसी तरह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने तेल की कीमतों को अस्थिर बना दिया, जिससे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।

वैश्विक अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा अब आपूर्ति श्रृंखलाओं और तकनीकी सहयोग पर निर्भर है। यदि बड़े देशों के बीच व्यापारिक प्रतिबंध या आर्थिक प्रतिस्पर्धा तेज होती है, जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच देखने को मिलता है, तो इसका असर पूरी दुनिया के बाजारों पर पड़ता है। चिप निर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा भी वैश्विक आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

इसके साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित होती है। जब देशों के बीच अविश्वास बढ़ता है तो सैन्य खर्च बढने लगता है और कूटनीतिक संवाद कमजोर पड़ जाता है। कई देश अपने-अपने सैन्य गठबंधनों को मजबूत करने लगते हैं, जिससे वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव आता है। यह स्थिति लंबे समय में शांति और स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है।

ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और बहुपक्षीय संवाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संयुक्त प्रयासों से ही आर्थिक स्थिरता बनाए रखी जा सकती है और सुरक्षा संबंधी तनाव को कम किया जा सकता है। दुनिया के बड़े देशों को यह समझना होगा कि प्रतिस्पर्धा के बावजूद सहयोग ही स्थायी विकास और वैश्विक शांति का आधार बन सकता है।

स्पष्ट है कि यदि वैश्विक तनाव बढ़ता है तो उसका प्रभाव केवल राजनीतिक या सैन्य क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था दोनों पर दूरगामी असर पड़ सकता है। इसलिए संतुलित कूटनीति, आर्थिक सहयोग और पारदर्शी संवाद ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# नया बीज बिल- 2026: किसानों के हक और बीज की क्वालिटी के लिए नई दिशा



सुनील कुमार महला

भारत दुनिया के खेती-बाड़ी वाले देशों में से एक है। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की एक बड़ी आबादी अभी भी सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। अनुकूल मौसम, उपजाऊ मिट्टी और अलग-अलग भौगोलिक हालात कई तरह की फसलों की खेती के लिए सही हैं। गेहूं, चावल, गन्ना, दालें, तिलहन, कपास और मसाले जैसी फसलें न सिर्फ देश की खाने की जरूरतों को पूरा करती हैं, बल्कि एक्सपोर्ट के जरिए विदेशी मुद्रा कमाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। खेती-बाड़ी का सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लाखों लोगों को रोजगार देता है। इसके अलावा, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, मछली पालन और बागवानी जैसे सहायक सेक्टर किसानों की इनकम बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं। समय-समय पर लागू की गई सरकारी योजनाएं और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खेती को ज्यादा प्रोडक्टिव, फायदेमंद और टिकाऊ बनाने में मदद कर रहा है। इस तरह, खेती न सिर्फ रोजी-रोटी का जरिया है, बल्कि भारत के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा भी है।

इस संदर्भ में, भारत सरकार एक नया सीड्स बिल, 2026 लाने की तैयारी कर रही है, जिसका मकसद एग्रीकल्चर सेक्टर में बड़े सुधार लाना है। यह पुराने सीड्स एक्ट, 1966 की जगह लेगा। अभी, सीड इंडस्ट्री में टेक्नोलॉजी में तरक्की और मल्टीनेशनल कंपनियों के बढ़ते असर की वजह से, पुराना कानून काफी नहीं माना जा रहा है। सरकार का मकसद किसानों को मजबूत कानूनी सुरक्षा देना, सीड मार्केट में ट्रांसपेरेंसी लाना और कॉर्पोरेट कंपनियों की मनमानी पर असरदार कंट्रोल करना है। कृषि मंत्रालय ने किसान संगठनों, सीड इंडस्ट्री और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेने के बाद इस बिल का ड्राफ्ट तैयार किया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इसे पार्लियामेंट के मौजूदा सेशन में पेश करने और जल्द से जल्द पास करने का प्लान है।

नए कानून का बैकग्राउंड 2015-16 के बीटी कॉटन विवाद से जुड़ा है। जैसा कि पाठक जानते हैं, रॉयल्टी को लेकर अमेरिकी कंपनी मोनसेंटो और भारतीय सीड कंपनियों के बीच एक गंभीर विवाद खड़ा हो गया था। मोनसेंटो अपनी टेक्नोलॉजी के लिए बहुत ज्यादा रॉयल्टी ले रही थी, जिससे सीड की कीमतें बढ़ गईं और किसानों पर एक्स्ट्रा फाइनेंशियल बोझ पड़ा। भारत सरकार ने बीटी कॉटन के बीजों के लिए एक सीलिंग प्राइस और रॉयल्टी में कमी का ऑर्डर दिया। कंपनी ने इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चैलेंज किया, और मामला सुप्रीम कोर्ट चला गया। इस कानूनी लड़ाई से पता चला कि पुराना कानून मल्टीनेशनल कंपनियों की पावर को कंट्रोल करने और बीज की कीमतों और क्वालिटी पर सरकार के अधिकार को साफ करने में कमजोर था। असल में, इसी स्थिति ने नए सीड्स बिल का आधार बनाया।

प्रस्तावित सीड्स बिल 2026 सभी बीजों का सरकारी रजिस्ट्रेशन जरूरी बनाता है, और बिना सरकारी मंजूरी के कोई भी बीज बाजार में नहीं बेचा जाएगा। पुराने कानून के तहत, कंपनियां अपने बीजों को असली लेबल वाली कैटेगरी में बिना किसी सख्त रजिस्ट्रेशन जरूरत के बेच सकती थीं, लेकिन अब यह तरीका खत्म कर दिया जाएगा। नया कानून बीजों के लिए साफ क्वालिटी स्टैंडर्ड तय करेगा। अगर कोई बीज खराब निकलता है और फसलों को नुकसान पहुंचाता है, तो संबंधित कंपनी को किसानों को हजार्ना देना होगा। यह कहना सही होगा कि इससे किसानों को सीधे कानूनी अधिकार मिलेंगे।

इसके अलावा, बिल में एक डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और एक नेशनल सीड रजिस्टर का भी प्रावधान है। इससे यह पक्का होगा कि हर बीज की वैरायटी, बनाने वाले और मालिक की जानकारी सरकारी रिकॉर्ड में सुरक्षित रहे। इससे नकली और घटिया बीजों की बिक्री रुकेगी और बीज की चोरी और गुमराह करने वाले दावों पर कंट्रोल होगा। बिना रजिस्टर्ड बीज बेचने, क्वालिटी स्टैंडर्ड का उल्लंघन करने या गलत जानकारी देने वाली कंपनियों के लिए सख्त सजा और भारी जुमार्ने का भी प्रावधान किया गया है। बीज की कीमत और क्वालिटी कंट्रोल में सरकार की भूमिका को और मजबूत और साफ किया जाएगा, जिससे बड़ी कंपनियाँ मनमानी रॉयल्टी या बहुत ज्यादा कीमत वसूल नहीं कर पाएँगी।

असल में, सरकार ने यह भी साफ किया है कि किसानों को पारंपरिक बीजों के लिए बिना किसी रजिस्ट्रेशन की जरूरत के अपने बीज बदलने और बेचने की आजादी बनी रहेगी। कुल मिलाकर, नया सीड्स बिल 2026 एक जरूरी और बड़ा कानूनी सुधार है जो किसानों को मुआवजा, बीज बाजार में ट्रांसपेरेंसी, क्वालिटी एश्योरेंस और कॉर्पोरेट कंट्रोल पर रोक का अधिकार पक्का करता है।

अच्छी खबर यह है कि नकली बीजों की वजह से पैसे का नुकसान और मानसिक तनाव झेल रहे किसानों को राहत देने के लिए कानूनी नियमों को मजबूत किया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्रस्तावित बिल में नकली बीज बेचने पर 30 लाख रुपये तक का जुमार्ना और तीन साल तक की जेल का प्रावधान है। इसके अलावा, सरकार बीजों की कीमत और क्वालिटी को रेगुलेट करेगी, जिससे कंपनियां किसानों से मनमानी कीमतें नहीं वसूल पाएंगी।

नकली बीजों के साथ-साथ नकली खाद की समस्या भी लंबे समय से है। बीज बनाने वालों की तरफ से दिए जाने वाले बीजों की क्वालिटी खराब होने से यह समस्या और बढ़ गई है। मौजूद डेटा के मुताबिक, पिछले पांच सालों में देश में 250,000 से ज्यादा किसान नकली बीजों की वजह से परेशान हुए हैं। फसल खराब होने से मेंटल स्ट्रेस बढ़ा है और सुसाइड की खबरें भी आई हैं। असल में, एक साल में फसल खराब होने का खामियाजा किसानों को अगले चार से पांच साल तक भुगतना पड़ता है। कर्ज का बोझ भी बढ़ जाता है। देश में शायद ही कोई ऐसा इलाका हो जहां नकली खाद और बीजों का धंधा न हो।

जैसा कि एक जाने-माने हिंदी अखबार ने लिखा, सरकार ने लोकसभा में माना है कि साल 2024-25 में टेस्ट किए गए 2.5 लाख सैंपल में से 32,525 बीज नकली पाए गए। मार्केट में कितनी बड़ी मात्रा में नकली खाद और बीज पहुंच रहे हैं, इसका सही डेटा मौजूद नहीं है। किसानों को तब पता चलता है जब उनकी फसल बर्बाद हो जाती है। हिंदी अखबार यह भी साफ-साफ कहता है, चाहे महाराष्ट्र में नकली कपास के बीजों से प्रभावित किसानों का मामला हो या आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में छापे के दौरान जब्त किए गए नकली खाद और बीजों का मामला हो-कमजोर कानून व्यवस्था हर जगह दोषियों को बचा रही है। हर साल हजारों परिवार इस समस्या से प्रभावित होते हैं, क्योंकि फसल खराब होने से कर्ज बढ़ जाता है और परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते हैं।

यह भी चिंता की बात है कि हाल के सालों में छापे कम हुए हैं, और दोषियों को सजा भी काफी कम मिली है। असरदार मॉनिटरिंग की कमी के कारण, संबंधित एजेंसियां अक्सर लापरवाही के लिए किसानों को ही दोषी ठहराती हैं। यह बात कि नकली बीजों के बारे में सिर्फ एक-तिहाई शिकायतों पर ही कार्रवाई हुई है, इस स्थिति का सबूत है।

आखिरकार, बुनियादी सवाल किसानों की सुरक्षा और भरोसे का है। सिर्फ कानून बनाना काफी नहीं है, उन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। किसानों का भरोसा तभी वापस लाया जा सकता है जब एक पारदर्शी जांच सिस्टम, तुरंत मुआवजा देने का सिस्टम और दोषियों के खिलाफ समय पर कार्रवाई हो। नहीं तो, एग्रीकल्चर सेक्टर और किसानों के सामने जो संकट है, उसे हल करना मुश्किल होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बेलारूस में दो पत्रकारों पर देशद्रोह के आरोप, मिली लंबी सजा

**मिन्स्क, एजेंसी।** बेलारूस की एक अदालत ने दो स्वतंत्र पत्रकारों को देशद्रोह के आरोप में लंबी जेल की सजा सुनाई है। 65 वर्षीय उलादजिमिर यानुकेविच को 14 साल और उनके सहयोगी 44 वर्षीय आंद्रेई पाकालेनका को 12 साल की सजा दी गई। दोनों लोकप्रिय मीडिया संस्थान चला रहे थे। मुकदमा बंद कमरे में चला और आरोपों की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। पत्रकार संगठन का कहना है कि यह फैसला सरकार द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी पर जारी सख्ती का हिस्सा है। संगठन के अनुसार, इस समय बेलारूस में 28 स्वतंत्र पत्रकार जेल में हैं। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको तीन दशकों से सत्ता में हैं। 2020 के चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिनमें हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी बीच एक और पत्रकार पावेल दाब्रावोल्स्की पर भी देशद्रोह का मुकदमा शुरू हुआ है। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि बेलारूस में 1,143 राजनीतिक कैदी हैं। विपक्षी नेताओं ने कहा है कि पत्रकारिता कोई अपराध नहीं है और सरकार सच्चाई से डरती है।

### बुर्किना फासो में दुष्कर्म के मामले में अमेरिकी कर्मचारी को उम्रकैद

**बुर्किना फासो, एजेंसी।** अमेरिका के मैरीलैंड के रहने वाले फोदे सिताफा मारा को दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मारा 2022 और 2023 में बुर्किना फासो की राजधानी औगाडुगू में अमेरिकी दूतावास में कर्मचारी था। अदालत में पेश सबूतों के मुताबिक, उसने 13 और 15 साल की लड़कियों के साथ अपने सरकारी आवास में दुष्कर्म किया। अभियोजन पक्ष ने बताया कि लड़कियां बेहद गरीब परिवार से थीं और उनकी मां गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। मारा ने मदद के बदले उनसे संबंध बनाने की मांग की। जूरी ने उसे नाबालिगों के यौन शोषण, दबाव बनाने और न्याय में बाधा डालने जैसे आरोपों में दोषी पाया। उसके वकील ने कहा है कि वह फैसले के खिलाफ अपील करेगा। यह मामला प्रोजेक्ट सेफ चाइल्डहुड के तहत चलाया गया, जो बच्चों के यौन शोषण के खिलाफ अमेरिकी अभियान है।

### कांगो में सामूहिक कब्र मिलने से बीमारी का डर

**उवीरा, एजेंसी।** पूर्वी कांगो के उवीरा शहर में 171 शव सामूहिक कब्रों में मिलने के बाद लोगों में बीमारी फैलने का डर बढ़ गया है। दक्षिण किवु प्रांत के गवर्नर ने आरोप लगाया कि ये हत्याएं एम23 विद्रोही समूह ने कीं। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ शव ठीक से दफन नहीं किए गए थे और वे सड़ रहे हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को खतरा है। अधिकारियों ने इलाके को सील कर दिया है और जांच शुरू कर दी है। एम23 ने दिसंबर में उवीरा पर कब्जा किया था, लेकिन बाद में शांति प्रक्रिया के तहत शहर छोड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पूर्वी कांगो में 100 से ज्यादा सशस्त्र समूह सक्रिय हैं और सात मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। यह संघर्ष दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संकटों में से एक बन चुका है।

### हांगकांग में कार्यकर्ता के पिता को जेल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रह रही हांगकांग की लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता एना क्वोक ने कहा है कि उनके पिता को जेल भेजे जाने से उनका हौसला और मजबूत हुआ है। हांगकांग की अदालत ने उनके 69 वर्षीय पिता को आठ महीने की सजा सुनाई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एना की बीमा पॉलिसी से लगभग 11,000 डॉलर निकालने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि यह राशि फरार व्यक्ति की संपत्ति थी। एना क्वोक पर हांगकांग सरकार ने इनाम घोषित किया है और उन पर विदेशी प्रतिबंधों के लिए लॉबिंग करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों ने उनके पिता की सजा की आलोचना की है। एना ने कहा कि वह पीछे नहीं हटेंगी और लोकतंत्र के लिए लड़ाई जारी रखेंगी।

### इक्वाडोर-कोलंबिया के बीच व्यापार युद्ध तेज

**क्विटो, एजेंसी।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने कोलंबिया पर सख्त रुख अपनाते हुए वहां से आने वाले सामान पर टैक्स 30% से बढ़ाकर 50% कर दिया है। उनका कहना है कि कोलंबिया सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने में नाकाम रहा है। कोलंबिया ने जवाब में इक्वाडोर के कई उत्पादों पर 30% शुल्क लगा दिया और बिजली आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी। दोनों देशों के कारोबारी संगठनों ने कहा है कि इससे हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। इक्वाडोर का कहना है कि कोलंबिया के साथ उसका व्यापार घाटा 1.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि कोलंबिया ने आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि उसने रिकॉर्ड मात्रा में कोकीन जब्त की है। तनाव कम करने के लिए फिलहाल कोई बैठक तय नहीं हुई है।

# बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 15 की मौत

## 30 घायल, खराब मौसम के कारण रनवे से फिसला; हाईवे पर बिखरे नोट उठाने जुटे लोग



**ला पाज, एजेंसी।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गई। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आई। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए। हादसे के बाद एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

**दो टुकड़ों में बंटा प्लेन :** सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में हादसे के बाद अफरातफरी का माहौल दिखा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को पानी की बौछार और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। हालांकि, इन वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। हादसे के बाद एल आल्टो इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। राष्ट्रीय एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि दुर्घटनाग्रस्त प्लेन उसके बेड़े का हिस्सा नहीं था, यह बोलिवियन एयर फोर्स का विमान था। स्थानीय मीडिया में प्रसारित फुटेज में विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखा। हादसे के बाद प्लेन दो टुकड़ों में बंट गया।

बोलिविया का सेंट्रल बैंक आज इस घटना पर प्रेस ब्रीफिंग करने वाला है। हादसे के कारणों की आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में जारी है। प्रशासन ने मृतकों की पहचान और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान ने एल ऑल्टो इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी ही थी कि खराब मौसम या तकनीकी खराबी के कारण वह अनियंत्रित होकर पास की मुख्य सड़क पर जा गिरा। सड़क पर गिरते ही विमान ने करीब एक दर्जन से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। मलबे की चपेट में आने से कई कारें पूरी तरह चकनाचूर हो गई हैं। विमान के गिरने के बाद उसमें भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**सड़क पर बिखरे नोट, बटोरने के लिए मची अफरातफरी :** हादसे के बाद एक अजीबोगरीब स्थिति तब पैदा हो गई जब विमान में रखे करोड़ों के नए नोट पूरी सड़क पर बिखर गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि मलबे और धुएं के बीच सैकड़ों लोग बचाव कार्यों में मदद करने के बजाय बिखरी हुई नकदी को इकट्ठा करने के लिए दौड़ पड़े।

भीड़ इतनी अनियंत्रित हो गई थी कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन को लोगों को हटाने के लिए 'वॉटर कैनन' और दंगा नियंत्रण उपकरणों का इस्तेमाल करना पड़ा। बोलीविया के सेंट्रल बैंक ने पुष्टि की है कि विमान नए बैंक नोटों को देश के आंतरिक हिस्सों में ले जा रहा था।

**एयरपोर्ट बंद, जांच शुरू :** इस भयावह हादसे के बाद एल ऑल्टो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। बोलीविया के रक्षा मंत्रालय और वायुसेना ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। अग्निशमन विभाग के प्रमुख पावेल तोवर ने बताया कि मृतकों में विमान के चालक दल के सदस्य और सड़क पर चल रहे वाहन सवार दोनों शामिल हो सकते हैं। फिलहाल घायलों का इलाज पास के अस्पतालों में चल रहा है, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## इटली में ट्राम पटरी से उतरी, दुकान की खिड़की से टकराई, 2 लोगों की मौत, 40 घायल



**मिलान , एजेंसी।** इटली के मिलान शहर में शुक्रवार को एक ट्राम (रेल) पटरी से उतर गई और पास की दुकान की खिड़की से टकरा गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 40 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय दमकल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि रेल पटरी से उतरने के बाद सीधे एक दुकान में जा घुसी। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय इमरजेंसी सेवाओं के मुताबिक मौके पर 13 एंबुलेंस भेजी गईं। नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों की मदद के लिए वहां एक अस्थायी टेंट भी लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था। मिलान परिवहन कंपनी एटीएम ने बयान जारी कर कहा कि हादसे में शामिल ट्राम शहर में चलने वाले नए मॉडलों में से एक थी। कंपनी ने घटना पर गहरा दुख जताया और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एटीएम ने कहा कि हादसे के कारणों की जांच के लिए वह संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों की जांच जारी है।

**स्वीडन में रूसी ड्रोन की घुसपैठ : स्टॉकहोम, एजेंसी।** स्वीडन की सेना ने बताया कि इस हफ्ते दक्षिणी स्वीडन के पास एक रूसी ड्रोन ने बिना अनुमति उड़ान भरी। यह घटना उस समय हुई जब फ्रांस का परमाणु शक्ति से चलने वाला विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल माल्मो बंदरगाह पर मौजूद था। यह जहाज नियमित नाटो अभ्यास के तहत स्वीडन आया हुआ है। स्वीडिश सेना के अनुसार, ओरेसुंड जलडमरूमध्य में मौजूद एक रूसी सिग्नल इंटेलिजेंस जहाज से ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया। स्वीडन के एक नौसैनिक जहाज ने ड्रोन को ट्रैक किया और उसके सिग्नल को जाम करने के लिए तुरंत जवाबी कदम उठाए।

## अमेरिकी सैन्य खतरे की आशंका के चलते ईरानी कॉलेजों में विरोध प्रदर्शन

**तेहरान, एजेंसी।** ईरानी सरकार द्वारा देशव्यापी बड़े प्रदर्शनों को कुचलने के लिए बल प्रयोग किए जाने के सात सप्ताह बीत चुके हैं। लेकिन इस्लामी गणराज्य के खिलाफ जनता का प्रतिरोध अभी भी ईरानी कॉलेज परिसरों में सुलगता हुआ दिखाई दे रहा है। देश के छात्र आंदोलन पर नजर रखने वाले एक निर्वासित ईरानी कार्यकर्ता, विरोध प्रदर्शन के प्रत्यक्षदर्शी चार छात्रों के अनुसार, पिछले सप्ताह कम से कम 10 परिसरों में सरकार विरोधी प्रदर्शन आयोजित किए गए थे। नाम न छापने की शर्त पर बात करने वाले सभी छात्रों ने अपने-अपने परिसरों में ईरान के नेताओं के प्रति बढ़ते गुस्से और अपने देश की दिशा को लेकर भ्रम की बात कही।

कैंपस में बढ़ता तनाव ऐसे समय में सामने आया है जब सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली ईरानी सरकार को देश के परमाणु कार्यक्रम को लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा सैन्य कार्रवाई की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार छात्रों और प्रशासकों को लगातार धमका रही है। इस सप्ताह एक सरकारी अधिकारी ने छात्रों को सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी दी, जबकि ईरान की न्यायपालिका के प्रमुख एक कट्टरपंथी मौलवी ने कहा कि यदि प्रशासकों ने विरोध प्रदर्शनों पर लगाम नहीं लगाई तो अपराधों के लिए दंड दिया जाएगा। कई विश्वविद्यालयों ने अपने परिसर बंद कर दिए हैं और कक्षाएं ऑनलाइन स्थानांतरित कर दी हैं।

**शंघाई में मेटाबॉलिक रोग केंद्र शुरू, भारत-चीन संबंधों पर चर्चा : शंघाई, एजेंसी।।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तहत स्थापित मेटाबॉलिक रोग सहयोग केंद्र के उद्घाटन अवसर पर भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। शंघाई में भारत के महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने शंघाई के मेयर गॉन्ग झेन्ग से मुलाकात की। यह बैठक शंघाई कॉर्पोशन ऑर्गनाइजेशन के ढांचे के अंतर्गत स्थापित एससीओ मेटाबॉलिक डिजीज सेंटर के उद्घाटन के दौरान हुई।

## ट्रंप ने एंथ्रोपिक को दिखाया बाहर का रास्ता, सैम ऑल्टमैन के ओपनएआई की पेंटागन में एंट्री



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एआई कंपनी ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत उसके एआई मॉडल रक्षा एजेंसी के क्लासिफाइड नेटवर्क में 'तकनीकी सुरक्षा उपायों' के साथ इस्तेमाल किए जाएंगे। ऑल्टमैन ने कहा कि कंपनी के दो सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा सिद्धांत घरेलू स्तर पर सामूहिक निगरानी पर रोक और बल प्रयोग की जिम्मेदारी मनुष्यों के हाथ में रखने से जुड़े हैं, जिनमें स्वायत्त हथियार प्रणालियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये सिद्धांत इस समझौते का हिस्सा बनाए गए हैं।

**केवल क्लाउड नेटवर्क पर होगी तैनाती :** ऑल्टमैन ने कहा, 'हम अपने मॉडलों के सही ढंग से काम करने को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी सुरक्षा उपाय भी बनाएंगे, जैसा कि युद्ध विभाग भी चाहता था। हम अपने मॉडलों की सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फाइनल डेवलपमेंट ऑथेंटिकेशन तैनात करेंगे, और इन्हें केवल क्लाउड नेटवर्क पर ही तैनात करेंगे। हम युद्ध विभाग से अनुरोध कर रहे हैं कि वह सभी द्ध कंपनियों को यही शर्तें प्रदान करे, जिन्हें हमारे विचार से सभी को स्वीकार करना चाहिए।

**ट्रंप ने दिए संघीय एजेंसियों को एंथ्रोपिक का इस्तेमाल बंद करने के निर्देश :** यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब प्रतिद्वंद्वी एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने पेंटागन के साथ अपने समझौते में इसी तरह के सुरक्षा प्रावधानों पर जोर दिया था, जिस पर इस सप्ताह ट्रंप प्रशासन की नाराजगी सामने आई थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी संघीय एजेंसियों को एंथ्रोपिक टेक्नोलॉजी का उपयोग तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ पेंटागन और एंथ्रोपिक आमने-सामने आ चुके हैं। ट्रंप के एजेंसियों को दिए सख्त आदेश के बाद रिपोर्ट्स के मुताबिक एंथ्रोपिक ने अपनी एआई तकनीक पर 'आपूर्ति चेन जोखिम' का लेबल लगाने के मामले में पेंटागन को अदालत में चुनौती देगा। ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ एंथ्रोपिक जाएगा कोर्ट अमेरिका का रक्षा विभाग पेंटागन प्रसिद्ध एआई कंपनी एंथ्रोपिक के साथ उस वक्त गंभीर विवाद में फंस गया है। जब उसने एंथ्रोपिक से कह रहा है कि उसके एआई मॉडल क्लाउड को अमेरिकी सेना में बिना रोक-टोक उपयोग करने की अनुमति दें। इसी के साथ कहा गया कि अगर एआई कंपनी ऐसा नहीं करती है, तो उसे सप्लाई चेन रिस्क के रूप में नामित करने की भी चेतावनी दी।

## यौन अपराधी से संबंध पर क्लिंटन बोले- अपराध से अनजान था

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने जेफ्री एपस्टीन मामले में किसी भी तरह की भूमिका से इनकार किया है। न्यूयॉर्क में हाउस ओवरसाइट कमेटी के सामने बंद कमरे में हुई गवाही में उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी नहीं थी।

क्लिंटन ने अपने लिखित प्रारंभिक बयान में कहा कि अगर उन्हें एपस्टीन की गतिविधियों की जानकारी होती तो वे उससे दूरी बना लेते और खुद ही पुलिस के हवाले कर देते। उन्होंने कहा कि वे एपस्टीन के अपराधों से अनजान थे और दो दशक पहले ही उससे संबंध खत्म कर चुके थे।

गवाही के दौरान एक तस्वीर पर भी सवाल हुआ, जिसमें क्लिंटन



एक अज्ञात महिला के साथ हॉट टब में दिखाई देते हैं। महिला की पहचान गोपनीय रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक क्लिंटन ने कहा कि वे उस महिला को नहीं जानते और उनके साथ किसी तरह का यौन संबंध नहीं था।

एक दिन पहले पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने भी कमेटी के सामने बयान दिया था। उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों की कोई जानकारी नहीं थी। दोनों ने शुरुआत में गवाही देने का विरोध किया था। हालांकि, संसद की अवमानना की कार्रवाई की संभावना के बाद उन्होंने गवाही देने पर सहमति दी।

रिपब्लिकन चेयरमैन जेम्स कोमर ने कहा कि वीडियो व पूरी ट्रांसक्रिप्ट जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्लिंटन ने हर सवाल का जवाब दिया या देने की कोशिश की। गवाही के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और एपस्टीन के संबंधों पर भी सवाल उठे। डेमोक्रेट सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने कहा कि क्लिंटन की गवाही में ट्रम्प से जुड़े तथ्य सामने आए हैं, जिन पर पूछताछ होनी चाहिए।

कोमर के मुताबिक क्लिंटन ने कहा कि ट्रम्प को बुलाना कमेटी का फैसला है और उन्हें ट्रम्प के किसी भी अपराध में शामिल होने की जानकारी नहीं है। कोमर ने कहा कि क्लिंटन 50 साल में संसद के सामने बयान देने वाले पहले राष्ट्रपति हैं।

एपस्टीन पर नाबालिगों की तस्करी और यौन शोषण के आरोप थे। वह 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में मृत पाया गया था। जारी दस्तावेजों में कई प्रभावशाली लोगों के नाम हैं, हालांकि दस्तावेजों में नाम आने मात्र से किसी के खिलाफ अपराध सिद्ध नहीं होता।

## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के तुरंत बाद अमेरिका ने किया इजरायल का रुख



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे के तुरंत बाद अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी इजरायल की यात्रा की तैयारी की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को विदेश मंत्री मार्को रूबियो के 2-3 मार्च को इजरायल दौरे की घोषणा की। विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो 2-3 मार्च 2026 को इजरायल की यात्रा करेंगे। उन्होंने यात्रा के उद्देश्य की रूपरेखा बताते हुए कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री वहां क्षेत्रीय प्राथमिकताओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा करेंगे, जिनमें ईरान, लेबनान और गाजा के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की 20-सूत्रीय शांति योजना को लागू करने के जारी प्रयास शामिल हैं। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेल अवीव दौरे के खत्म होने के तुरंत बाद हुई, जिसने भारत, इजरायल और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका का ध्यान खींचा था। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग के बयान में दोनों घटनाओं को जोड़ा नहीं गया, लेकिन टाइमिंग वेस्ट एशियन रीजन में एक्टिव डिप्लोमैटिक एंगेजमेंट को दिखाता है। ट्रंप प्रशासन भारत को इस क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी मानता है, क्योंकि भारत के सभी संबंधित पक्षों के साथ मजबूत संबंध हैं। रूबियो की चर्चाएं ईरान की क्षेत्रीय भूमिका, लेबनान की नाजुक स्थिति और गाजा से संबंधित कूटनीतिक प्रयासों पर केंद्रित रहने की संभावना है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'गाजा के लिए 20-सूत्रीय शांति योजना' का उल्लेख इस बात का संकेत है कि वाशिंगटन क्षेत्र को स्थिर करने के उद्देश्य से एक निर्धारित रूपरेखा पर आगे बढ़ रहा है। अमेरिका लंबे समय से इजरायल का सबसे करीबी सहयोगी रहा है और पश्चिम एशिया की कूटनीति में गहराई से शामिल है। गाजा ने पिछले एक दशक में बार-बार संघर्षों का सामना किया है, जिसके कारण वाशिंगटन और अन्य अंतरराष्ट्रीय पक्षों की लगातार भागीदारी बनी रही है। भारत, इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मिलकर क्षेत्र में शांति और महत्वाकांक्षी सहयोग के उद्देश्य से एक नए समूह आई2यू2 का गठन किया है।

## किम जोंग उन ने अधिकारियों को गिफ्ट कीं स्नाइपर राइफल, निशाना लगाते दिखी बेटी

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया की सत्ताधारी पार्टी के शीर्ष पद पर चुने जने के बाद किम जोंग उन ने अपने शीर्ष अधिकारियों और कमांडरों को नई स्निपर राइफल गिफ्ट की हैं। एक समारोह के दौरान किम जोंग उन ने लोगों को राइफल का तोहफा दिया। वहीं उनकी बेटी राइफल से निशाना लगाती नजर आई। चर्चा है कि किम जोंग उन बेटी को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते हैं। किम जोंग उन ने कहा कि राइफल गिफ्ट करना दिखाता है कि उनका अपने अधिकारियों पर पूर्ण विश्वास है। इसके अलावा वर्कर्स पार्टी के लिए वह पूरी तरह से ईमानदार हैं.

हाल ही में किम की ब हन किम यो जोंग भी अमरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ काफी बयान दे रही थीं। ऐसे में उनको लेकर भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि एक बार फिर किम जोंग उन को ही वर्कर्स पार्टी का चीफ चुना गया। स्थानीय मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में दिखाया गया कि किम यो जोंग के हाथ में भी राइफल है।

**बेटी किम जू ए को लेकर क्या है प्लान :** किम जोंग की बेटी की उम्र अभी 13 साल है। वैसे तो किम जोंग उन अपने परिवार को सार्वजनिक रूप से कहीं ले नहीं जाते हैं। हालांकि हाल ही में एक मिसाइल टेस्ट के दौरान वह अपनी बेटी को लेकर गए थे। इसके अलावा उनकी बहन की भी कई तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। हाल ही में जब किम जोंग उन चीन की यात्रा पर गए थे तब भी वह बेटी को साथ लेकर गए थे। वर्कर्स पार्टी ने सात दिनों का एक वार्षिक समारोह किया जिसमें किम जोंग उन का जमकर गुणगान किया गया।

**अमेरिका को दे दी धमकी :** किम जोंग उन ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण नीति छोड़कर उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न राष्ट्र के संवैधानिक दर्जे को स्वीकार करता है, तो उत्तरी कोरिया अमेरिका के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तैयार



होगा। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की नौवीं कांग्रेस के अवसर पर आयोजित एक परमाणु सैन्य परेड में श्री किम ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा 'यदि अमेरिका उत्तर कोरिया के संविधान में परिभाषित परमाणु राष्ट्र की वर्तमान स्थिति का सम्मान करता है और उत्तर कोरिया के प्रति अपनी शत्रुतापूर्ण नीति वापस लेता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम अमेरिका के साथ अच्छे संबंध स्थापित न कर सकें।' किम ने कहा कि अमेरिका और उत्तर कोरिया साथ चल सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब अमेरिका यह स्वीकार कर ले कि उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार स्थायी रूप से रहेंगे। उत्तरी कोरिया के सुप्रीम लीडर की टिप्पणियों को अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा से पहले अमेरिका के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के रूप में देखा गया। श्री किम ने हालांकि दक्षिण कोरिया के साथ किसी भी राजनयिक सुधार की उम्मीदों को खारिज करते हुए उन्हें सबसे बड़ा शत्रु करार दिया। किम ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया ने देश की पहचान एक परमाणु संपन्न राष्ट्र के रूप में स्थायी रूप से स्थापित कर दी है और विरोधियों को स्पष्ट कर दिया है कि जब तक वैश्विक वातावरण में मौलिक बदलाव नहीं आता, उत्तरी कोरिया अपने परमाणु हथियारों का त्याग नहीं करेगा। सुप्रीम लीडर ने इस बात पर जोर दिया कि देश के परमाणु सशस्त्र बलों का और अधिक विस्तार और सुदृढ़ीकरण करना पार्टी के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा,' हमारे पास वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय परमाणु शक्ति को मजबूत करने की एक दीर्घकालिक योजना है और हम परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ परमाणु अभियानों के साधनों और दायरे के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### पर्टामिना घोटाला- पूर्व सीईओ सहित नौ को 9 से 15 साल कैद

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया की एक अदालत ने सरकारी ऊर्जा कंपनी पर्टामिना की सहायक इकाइयों से जुड़े बड़े भ्रष्टाचार मामले में दो पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) समेत नौ लोगों को दोषी ठहराते हुए नौ से 15 साल तक की सजा सुनाई है। सेंट्रल जकार्ता कोर्ट ने बृहस्पतिवार को यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार अवैध रूप से ईंधन टर्मिनल लीज पर देने और कच्चे तेल के गैरकानूनी आयात समेत अन्य अनियमितताओं से राज्य को करीब 17 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

# होंठों को चाहिए सही देखभाल

**होंठों** की त्वचा चेहरे के अन्य हिस्सों की अपेक्षा काफी संवेदनशील होती है इसलिए फेशियल स्क्रब करना कभी-कभी समस्याजनक हो जाता है। होंठों की मृत त्वचा को हटाने के लिए हफ्ते में एक बार कॉटन बॉल को गुनगुने पानी में भिगोकर होंठों पर कुछ देर रखें, जिससे होंठों की पपडी मुलायम हो जाए। उसके बाद किसी मुलायम और सूखे टूथब्रश को हलके हाथों से होंठों पर रगडें ताकि मृत त्वचा आसानी से निकल जाए। इसके अलावा रात में सोने से पहले होंठों पर पेट्रोलियम जेली लगाकर कुछ देर हलका मसाज करें। फिर उसे ऐसे ही छोड दें। दूसरे दिन सुबह चेहरा ठंडे पानी से साफ करके गुलाब की तीन-चार ताजा पंखुडियों को हथेलियों पर रगडकर उसके रस को होंठों पर लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें।



**आवश्यक है अतिरिक्त देखभाल**

सर्दियों में होंठों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। सौंदर्य विशेषज्ञा मीनाक्षी दत्ता बताती हैं कि शुष्क और सर्द हवाओं के कारण रूखेपन का सामना सिर्फ आपके होंठों को ही नहीं करना पडता, बल्कि रैंप पर कैटवॉक करती खूबसूरत मॉडल्स भी इस समस्या का सामना करती हैं। इसीलिए मेकअप आर्टिस्ट मॉडल्स के रूखे होंठों का उपचार कुछ इस तरह करते हैं - एक टूथब्रश पर थोडा-सा लिप क्रीम लगाकर होंठों पर हलके हाथों से मलते हैं। उसके बाद होंठों पर एलिजाबेथ अर्डन की ऐट ऑवर क्रीम लगाकर जज्ब होने के लिए 15 मिनट के लिए छोड देते हैं। उसके बाद मेकअप करते हैं।

**नमी बनाए रखें**

लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर खूब सारा लिप बाम लगाएं, फिर अतिरिक्त बाम को पोंछकर या सुखाकर लिपस्टिक लगाएं। फ्लेवर्ड लिप बाम से बचें। जो बाम आपको सूट करता हो या आप जिसे ज्यादातर इस्तेमाल करती हों, उसका ही प्रयोग करें। फटे होंठों के लिए कोई एंटी बैक्टीरियल ऑइंटमेंट इस्तेमाल करें, ताकि संक्रमण न होने पाए। इसके अलावा पके पपीते को मैश करके एक चम्मच रस निकालकर होंठों पर रुई की सहायता से लगाएं। 10-15 मिनट बाद होंठों को साफ पानी से धोकर लिप बाम लगा लें। पपीते में एक्सफोलिएट तत्व होते हैं, जो होंठों की मृत त्वचा को हटाकर उन्हें नर्म, मुलायम और चिकना बनाते हैं।

**नर्म होंठों के लिए**

फटे होंठों को छिपाने के लिए लिपस्टिक का सहारा न लें, बल्कि उनका उपचार करें। इसके लिए शहद, नीबू का रस, ऑलिव ऑयल और ग्लिसरीन को बराबर-बराबर मात्रा में मिलाकर फटे होंठों पर लगाएं। या फिर एक स्ट्रॉबेरी को मैश करके उसमें एक चम्मच मिल्क क्रीम और शहद मिलाकर होंठों पर 10-15 मिनट तक लगाएं। धोकर सुखा लें और लिप बाम लगाएं।

**लिपस्टिक का चयन**

अपने मनपसंद शेड वाली लिपस्टिक अपने निचले होंठों के आरपार लगाएं फिर अपने होंठों को एक-दूसरे पर दबाएं ताकि अतिरिक्त लिपस्टिक ऊपर वाले होंठों पर लग जाए। फिर अपनी अंगुली की सहायता से लिपस्टिक को होंठों पर सावधानीपूर्वक फैलाएं। अगर आप होंठों पर ग्लॉस लगाना पसंद करती हैं तो इस प्रकार लगाएं कि आपको आईने की जरूरत न हो। इसके लिए ऊपर व नीचे के होंठों पर बीचोबीच ग्लॉस लगाएं फिर दोनों होंठों को एक-दूसरे पर रखकर इस प्रकार बाहर की ओर फैलाएं, जैसे आप किसी दीवार या आसमान को चूम रही हैं। लगातार होंठों पर लिपिस्टक लगी न रहने दें। अगर होंठों का मेकअप करने के बाद आपने चाय/कॉफी, स्नैक्स या खाना खाया है तो टि्श्यू पेपर की सहायता से धीरे से लिपस्टिक उतार कर कुछ देर के लिए लिपग्लॉस लगाएं।

**घरेलू उपचार**

दो चम्मच ग्लिसरीन में आधा नीबू का रस मिलाकर एक छोटी शीशी में भरकर रख लें। इसे रोज अपने होंठों पर लिब जेल की तरह लगाएं। हलका सूखने पर साफ पानी से धो लें। रात में सोने से पहले होंठों पर पेट्रोलियम जेली लगाना न भूलें।

## सेयल डबलरोटी

**सामग्री :** 3 पाव, टमाटर, आधा-आधा टीस्पून लहसुन व हरी धनिया-सभी कटे हुए, तलने के लिए तेल, आधा-आधा टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, चाट मसाला, पाव, नमक स्वादानुसार।

**विधि :** कड़ाही में तेल डालकर प्याज और टमाटर को हल्का-सा भून लें। इसमें उपरोक्त अन्य सभी सामग्रियां डाल दें। फिर एक टेबलस्पून पानी डालें, उबाल आने पर पाव के चार टुकड़े करके डाल दें। जब पाव पानी सोख ले तब आंच पर से उतार दें।



# त्वचा पर न दिखे उम्र का असर

**लोग** यह मानकर चलते हैं कि त्वचा में परिवर्तन उम्र बढने की सामान्य प्रक्रिया है। वे यह नहीं जानते कि स्वस्थ जीवन शैली और त्वचा की अच्छी देखभाल के तरीके अपनाकर परिवर्तन की इस प्रक्रिया को कम किया जा सकता है।

**कारगर उपाय**

इसके लिए कारगर उपाय है एंटी एजिंग ट्रीटमेंट। अगर आप इसे आजमाना चाहती हैं तो किसी कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें। पर उनसे कोई भी उपचार करवाने से पहले आप उसके सभी भावी जोखिमों और साइड इफेक्ट को भी जान लें। त्वचा की सबसे ऊपरी परत को एपिडर्मिस कहा जाता है। इस परत में पिग्मेंट बनाने वाली कोशिकाएं होती हैं, जो त्वचा को उसका रंग देती हैं। नए एपिडर्मिस सेल का जन्म एपिडर्मिस के बैसल सेल परत में होता है। यह एपिडर्मिस की जीवित परत होती है।

**उम्र बढने के लक्षण**

**एपिडर्मिस का पतला होना**-एपिडर्मिस के बेसल सेल लेयर सेल बनाने की अपनी रफ्तार कम कर देते हैं और एपिडर्मिस को पतला कर देते हैं। इन परिवर्तनों के मिलने से त्वचा में झुर्रियां ज्यादा बनती हैं।

**सैगिंग**-पुरानी हुई त्वचा इलास्टिन और कोलैजेन कम बनाती है। इससे उसमें झोल पडने और उसके लटक जाने की संभावना बन जाती है। उम्रदराज त्वचा पर इस प्रभाव का असर जल्दी और साफ दिखता है।

**झुर्रियां**-इलास्टिन और कोलैजेन कम बनने तथा त्वचा के पतले होने से चेहरे के ज्यादा काम करने वाले हिस्से (आंखें और मुंह) लाइनों और झुर्रियों के शिकार जल्दी होते हैं। झुर्रियां वहां उजागर होने लगती हैं।

**एज स्पॉट**- बाकी बचे पिग्मेंट सेल कुछ क्षेत्रों में बढ जाते हैं। वे एकसाथ रहते हैं व एज स्पॉट का निर्माण करते हैं। शरीर के जो हिस्से धूप में ज्यादा समय तक रहते हैं, उन पर एज स्पॉट खास तौर से जल्दी बनता है।

**शुष्की**-त्वचा की तैलीय ग्रंथियों की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। इससे त्वचा शुष्की का शिकार हो रफ हो जाती है और उसमें खुजली होती है।

**क्षतिग्रस्त होना**-पुरानी पतली त्वचा में रक्त कोशिकाओं के टूट जाने और क्षतिग्रस्त होने की संभावना ज्यादा रहती है। आम बोलचाल की भाषा में इसे ब्रोकन वेसल्स कहा जाता है।

**कई दुश्मन भी**

त्वचा के कई दुश्मन भी हैं और वे भी उसकी उम्र बढाने की प्रक्रिया को गति देते हैं। वे हैं -

**सूर्य :** त्वचा के धूप में लगातार रहने से वह समय से पूर्व वृद्ध हो जाती है। इसे फोटो एजिंग के नाम से जाना जाता है। सूर्य से निकलने वाली पराबैगनी किरणें हमारी त्वचा के कोलाजेन और इलास्टिन को तोड देती हैं। यूवी किरणें स्किन पिग्मेंट (मेलानिन) के उत्पादन के लिए टर्बो चार्ज के रूप में भी काम करती हैं। इसके परिणामस्वरूप त्वचा पर दाग-धब्बे हो जाते हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि उम्र बढने से जुडी तकरीबन 90 प्रतिशत समस्या ज्यादा समय तक धूप में रहने से होती है। अगर आप धूप से होने वाले नुकसान का सबूत चाहती हैं तो सिर्फ अपने चेहरे की त्वचा की तुलना शरीर के किसी ऐसे भाग की त्वचा से कीजिए, जो अकसर धूप में नहीं रहती है।



**धूम्रपान :** सिगरेट पीने से धूप में रहने से जो नुकसान होता है उसे गति मिल जाती है। त्वचा में झुर्रियां पडना और बढ जाता है। धूम्रपान से त्वचा पर और भी कई प्रतिकूल प्रभाव पडते हैं, क्योंकि सिगरेट का निकोटिन रक्त कोशिकाओं को संकरा कर देता है और इससे खून त्वचा की ऊपरी परत की छोटी कोशिकाओं तक नहीं पहुंच पाता है। धूम्रपान से कोलाजेन जो इलास्टिन के साथ त्वचा को लचीला और मजबूत बनाकर रखता है, कम बनता है। धूम्रपान से जख्मों के ठीक होने की प्रक्रिया भी धीमी हो जाती है। धूम्रपान करने वाले की पहचान ज्यादा झुर्रियों और हलके ग्रे हो गए कॉम्प्लेक्स से होती है।

**प्रदूषण और पर्यावरण :** आज हम सभी प्रदूषित माहौल में रह रहे हैं। इससे हमारी त्वचा पर गंदगी की परत बैठ जाती है। यह हमारे रोमछिद्रों को बंद कर देती है। लगातार सेंट्रली हीटेड व एयरकंडीशन्ड माहौल में रहने से भी समस्याएं हो सकती हैं। इससे त्वचा शुष्क और डीहाइड्रेट होती रहती है।

**तनाव, नींद न आना :** हम सभी लोग तनाव के हमले के शिकार होते हैं और तनाव के आंतरिक संकेतों को दिखाने वाले शरीर के पहले अंगों में त्वचा ही होती है। खुश्की, दाग धब्बे व चिपचिपापन इसके लक्षण होते हैं। पर्याप्त नींद न आना भी एक कारण है, जब कि सोने से त्वचा को मरम्मत और नई ताजगी पाने में सहायता मिलती है।

**त्वचा में कसाव लाने के तरीके**

स्वस्थ त्वचा के लिए स्वस्थ व संतुलित आहार जरूरी है। त्वचा को परफ्यूम वाले साबुन, क्लोरीन वाले स्विमिंग पूल और ज्यादा समय तक गर्म शावर में रहने से बचाइए। न्यूट्रल पीएच बैलेंस वाले साबुन या बॉडी वॉश का उपयोग कीजिए। शुष्क त्वचा पर बारीक रेखाएं और झुर्रियां सामने आने की संभावना ज्यादा होती है, अगर आपकी त्वचा शुष्क है तो इसे नियमित रूप से मॉयस्चराइज कीजिए। आवश्यक हो तो चिकित्सीय सलाह लीजिए।

**एंटी एजिंग ट्रीटमेंट**

इन दिनों हमारे पास कई तरह के एंटी एजिंग ट्रीटमेंट भी उपलब्ध हैं। पर ये उपचार बगैर जोखिम के नहीं हैं। इसलिए सभी संभावित जोखिमों, जटिलताओं व उपचार के साइड इफेक्ट को समझने के लिए किसी अनुभवी कॉस्मेटिक सर्जन से संपर्क कीजिए। कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजी के अनुसार कुछ एंटी एजिंग ट्रीटमेंट निम्नलिखित हैं -

**लोशंस**

ऐसे सभी क्रीम और लोशन सिर्फ डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर उपलब्ध होते हैं। ऐसी क्रीम के नियमित उपयोग से बारीक लाइनों और त्वचा के असामान्य रंग में कमी आती है।

**इंजेक्शन**

इसमें ग्राहक के शरीर की दूसरी जगहों से हारवेस्ट किया गया सिंथेटिक कोलाजेन या बॉडी फैट छोटी हाइपोडर्मिक सुई के जरिए झुर्रियों के साथ पाइप किया जा जाता है।

**फेशियल पील**

इसमें चेहरे पर रसायन लगाए जाते हैं, ताकि त्वचा की ऊपर की परत जल जाए। इससे झुर्रियां खत्म हो जाती हैं और नई, जवां दिखने वाली त्वचा तेजी से बढती है।

**बोटोक्स**

रिंकल प्रोन एरिया, जैसे आंखों के चारों ओर और भौंह के बीच बोटुलिनियम टॉक्सिस इंजेक्ट किए जाते हैं। इसका प्रभाव मांसपेशियों को कसता है और त्वचा पर झुर्रियों को रोकता है।

**जोखिम**

कुछ कॉस्मेटिक सर्जरी इस तरह से डिजाइन की जाती हैं कि वे त्वचा पर से उम्र का असर कम कर सकें। इसमें आंखों और चेहरे पर कसाव लाना शामिल है। इसके लिए किसी अनुभवी प्लास्टिक सर्जन से संपर्क कीजिए और सुनिश्चित कीजिए कि आप सर्जरी की सभी संभावित जोखिमों, जटिलताओं और साइड इफेक्ट की समझते हैं। यह भी याद रखिए कि सौंदर्य उत्पादों के दावे तो बहुत किए जाते है, पर अभी तक कोई भी उत्पाद ऐसा नहीं है, जो समय की सुई को पीछे कर सके।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7


**मीन** (दी दू थ ज्ञ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

## काकुरो पहेली - 1975




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 1974 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक सेठ अपने बेटे को कॉलेज में नाम लिखवाने आये.

'सेठजी आप लेट हो गए हैं, अब तो कोई भी सीट खाली नहीं है.' प्रधानाचार्य ने कहा.

सेठजी ने कहा-आप चिन्ता न करें, मेरे बेटे का नाम लिख लें. सीट मैं नयी बनवा दूँगा.

□ □ □

'कुँवारे व्यक्ति को तुम स्वार्थी क्यों कहती हो ?' पहली फिल्म अभिनेत्री ने दूसरी फिल्म अभिनेत्री से पूछा.

दूसरी अभिनेत्री ने कारण बताया, 'क्योंकि कुँवारा व्यक्ति किसी महिला को तलाक का अवसर नहीं देता.'

□ □ □

विवाह के कुछ दिन बाद पति-पत्नी में लड़ाई हो गयी. पत्नी बोली, 'मैं मायके जा रही हूँ, अब नहीं आऊँगी.'

पति शांत रहा. उसने जेब में हाथ डाला और उसे रुपये देकर बोला, 'यह लो ट्रेन का किराया.'


पत्नी ने रुपये गिने और बोली, 'ट्रेन की वापसी का किराया कौन देगा ?'

□ □ □

युवती-किसी ने सत्य ही कहा है कि जिसे शक्ल मिलती है उसे अक्ल नहीं मिलती.

युवक-इसलिए तो मैंने तुमसे प्रेम किया है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 1975



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरूदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफजाब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1974**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | सा | फि | र | ■ | प्या | र | ही | प्या | र |
| क्ति | ■ | जा | न | म | ■ | फ्ता | ■ | सी | ■ |
| ■ | प | ■ | ■ | ज | ह | र | ■ | शा | न |
| प्र | ति | ज्ञा | ■ | बू | म | ■ | उ | म | र |
| ■ | ता | ■ | स | र | ■ | फू | ल | ■ | सि |
| सा | ■ | खौ | फ | ■ | न | ■ | झ | ■ | म्हा |
| व | क्त | ■ | र | ■ | म | हा | न | ता | ■ |
| न | ■ | दी | ■ | नौ | क | र | ■ | ल | की |
| भा | ग्य | वा | न | ■ | ■ | जी | त | ■ | म |
| दो | ■ | ना | ■ | स | पू | त | ■ | भू | त |

## सूडोकु -1975


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1974 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 1975



**बाएँ से दाएँ**

1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 1972 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |

## दुनिया का सबसे पुराना और समृद्ध धर्म है सनातन धर्म - राज्यपाल

एजेंसी

**बीकानेर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सनातन धर्म, दुनिया का सबसे पुराना और समृद्ध धर्म है। इसे संरक्षित रखना और संवर्धित करना हम सभी का दायित्व है। राज्यपाल बागडे नोखा के मूलवास-सीलवा के संत दुलाराम कुलरिया फलसा स्थित नरसी विला में आयोजित विराट हिंदू सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि सनातन धर्म, हजारों वर्ष पुराना धर्म है। इस धर्म का पालन करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमें जीव मात्र पर दया का भाव सिखाता है। हमारे साधु, संत और ऋषि-मुनि इस धर्म और संस्कृति से उपदेश देकर, इसे पल्लवित कर रहे हैं। जबकि दुनिया के कई धर्म और संस्कृतियां लगातार लुप्त हो रही हैं।राज्यपाल ने कहा कि हमारे सनातन धर्म को प्रभावित करने के हजारों वर्षों तक प्रयास हुए। अनेक विदेशी आक्रांताओं ने इस पर आक्रमण किए, लेकिन हमारा सनातन धर्म हर बार अधिक मजबूत हुआ। उन्होंने कहा कि आज से सदियों पूर्व हमारे देश में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय थे। गांव-गांव में गुरुकुल थे, जो व्यक्ति निर्माण का काम करते थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा प्रणाली पर हमला किया। अंग्रेज मानते थे कि भारत को गुलाम बनाना है, तो इसकी शिक्षा पद्धति को ध्वस्त करना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि दुर्भाग्य से आज हम, हमारे धर्म और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। यह हमारे लिए नुकसानदायक है। संस्कृति के इस क्षरण को रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश को अपना स्वर्णिम गौरव फिर से लौटाना है, तो इसमें सनातन धर्म की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।

## होली से पहले सख्त मोड में यूपी प्रशासन, मुख्य सचिव एसपी गोयल के कड़े निर्देश, अवैध-जहरीली शराब पर जीरो टॉलरेंस

एजेंसी

**लखनऊ।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट मोड पर डाल दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी जनपद में अवैध या जहरीली शराब के सेवन से कोई दुर्घटना न हो। संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता और सघन प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जुड़े। मुख्य सचिव ने दो टूक कहा कि किसी भी



जिले में अवैध मदिरा के सेवन से कोई अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध एवं जहरीली शराब के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। विशेष रूप से संवेदनशील जनपदों में चौकसी बढ़ाने और अंतर्विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने शराब की दुकानों, ढाबों और अन्य संभावित स्थलों पर औचक निरीक्षण के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कहीं अधिक दर पर शराब की बिक्री न हो। अंतरराज्यीय सीमाओं, खासकर बॉर्डर क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि भांग की अधिकृत दुकानों पर किसी भी स्थिति में गांजा की बिक्री न होने दी जाए। अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि शराब की दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध और जहरीली शराब के कारोबार को बढ़ावा मिल सकता है। स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर ही जिला प्रशासन बंदी का निर्णय ले, ताकि संतुलित व्यवस्था बनी रहे। बैठक में खनन विभाग की भी समीक्षा की गई।

## बांसवाड़ा-उदयपुर हाईवे पर चलती बस बनी आग का गोला : धू-धू कर जली स्लीपर कोच, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

एजेंसी

**सलूंबर/उदयपुर।** सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांसवाड़ा-उदयपुर मार्ग पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। यहाँ एक चलती स्लीपर कोच बस अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते पूरी बस 'कोयला' बन गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी 5 यात्री, ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। इंजन से निकला धुआँ और देखते ही देखते मची चीख-पुकार यह घटना सुबह करीब 6:00 बजे गरडा गांव के पास हुई। 'आशापुरा ट्रैवल्स' की 'मुल्तानी सोना' बस बांसवाड़ा से उदयपुर की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस अपनी रफ्तार में थी तभी अचानक इंजन वाले हिस्से से गहरा काला धुआँ निकलने लगा। खतरे को भांपते हुए ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और शोर मचाकर यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा। जैसे ही यात्री नीचे उतरे, आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही मिनटों में बस का सिर्फ लोहे का ढांचा शेष बचा। शुरुआती जांच में हादसे का कारण बस के इंजन में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय संसाधनों से उसे बुझाना नामुमकिन था।जाम की स्थितिः हादसे के चलते हाईवे पर करीब 2 घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। पुलिस की कार्रवाईः झल्लारा थाना अधिकारी जय किशन फुलवारिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा के लिहाज से ट्रैफिक रुकवाया।

## मणिपुर में केसीपी और यूएनएलएफ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल**। मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में केसीपी (नौंगद्रेनखोम्बा) का एक सदस्य तथा यूएनएलएफ (कोइरेंग) के दो सक्रिय कैडर शामिल हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय से आज जारी आधिकारिक सूचना में बताया गया कि पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थाना क्षेत्र अंतर्गत खगेमपल्ली पंखा नगानापी थोंग मामांग स्थित उसके आवास से केसीपी (नौंगद्रेनखोम्बा) के कैडर लाइशराम मोनिश सिंह उर्फ टॉम (23) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एक अन्य अभियान में इंफाल पूर्व जिले के पोरोमपत थाना क्षेत्र के वांगखेई आयांगपल्ली से यूएनएलएफ (कोइरेंग) के दो कैडरों को पकड़ा गया। उनकी पहचान स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट असीम नोंगपोकंगनबा मैतेई उर्फ नांगोइबा (32) तथा थांगजाम गांधी मैतेई उर्फ याइमा (27) के रूप में हुई है। दोनों पर वसूली गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन में भरे 16 जिंदा कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मामले की आगे जांच जारी है।

## राज्यसभा नामांकन विवाद : अमित मालवीय ने तृणमूल और ममता बनर्जी पर साधा निशाना

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के प्रमुख एवं केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के उस फैसले पर सवाल उठाए, जिसमें पार्टी ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी को उम्मीदवार बनाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए मालवीय ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मेनका गुरुस्वामी को उस भूमिका के 'इनाम' के तौर पर राज्यसभा का टिकट दिया है, जो उन्होंने आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म और हत्या मामले में तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के पक्ष में निभाई थी। मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी ने एक गैर-बंगाली को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है, और इसका राजनीतिक संदेश बेहद स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े इस जघन्य अपराध ने पूरे बंगाल की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। उस समय जांच की प्रक्रिया, पीड़िता की पहचान उजागर होने और जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल उठे थे।

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर का कार्य पूरा, मतदाताओं का कुल आंकड़ा 7.04 करोड़ के पार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के समापन के बाद निर्वाचन आयोग ने राज्य की ताजा मतदाता सूची के आंकड़े जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस गहन संशोधन अभ्यास के बाद राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या अब 7.04 करोड़ हो गई है जो पहले 7.66 करोड़ थी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत की गई इस कवायद का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त और अद्यतन बनाना था। सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर नामों को जोड़ने और हटाने का कार्य किया गया। जहां एक ओर फॉर्म-6 और फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए, वहीं दूसरी ओर फॉर्म-7 के तहत कार्रवाई करते हुए 5.46 लाख से अधिक अपात्र नामों को हटाया गया है। इसके अतिरिक्त, विभाग को पुनरीक्षण के दौरान लगभग 58 लाख गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मुख्य रूप से ऐसे मामले शामिल थे जहां मतदाता या तो मृत हो चुके थे।

## प्रदेश में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

एजेंसी

**टोंक।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान 28 फरवरी 2026 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राजस्थान के अजमेर से शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय शुभारंभ यूपीएचसी, हाउसिंग बोर्ड टोंक में किया गया। ओर साथ में जिले में जिला सआदत अस्पताल, उप जिला अस्पताल निवाई , सीएचसी झिलाय में टीकाकरण सत्र आयोजित किय गए। जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम पर सीएमएचओ डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ जीतेंद्र शर्मा, आर सी एच ओ डॉ गोपाल जांगिड़, डीपीसी टिंकू रॉय, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर अभिषेक छारोडीया, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर मोहम्मद शरजील खान, नर्सिंग ऑफिसर हेमंत शर्मा,समीक्षा जैन,रेखा यादव, शिमला चौधरी,शबाना,मंजू चौधरी,नीतू चौधरी, नसरीन बानो, खुशबू गुर्जर उपस्थित रहे।

इस अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। ये टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क है। जिले में वैक्सीन जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध रहेगा। डॉ. चौधरी ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। समय पर टीकाकरण से इस रोग की रोकथाम संभव है।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण अवश्य कराएं और इस जनस्वास्थ्य अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। अधिक जानकारी के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या एएनएम ओर आशा सहयोगीनियो से संपर्क किया जा सकता है।

## सरकार ने अपनी इमेज बनाने के लिए फॉरेन पॉलिसी से कॉम्प्रोमाइज किया: सचिन पायलट

एजेंसी

**नई दिल्ली** । कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने एआई समिट विरोध मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को मिली जमानत पर कहा कि विरोध करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है, इसे छीना नहीं जा सकता। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान सचिन पायलट ने कहा कि मेरा मानना है कि उदय भानु चिब समेत हमारे यूथ कांग्रेस के साथियों से इस सरकार को इतनी बौखलाहट हो गई थी। उन पर कई धाराओं के लगाने की बात होने लगी।

उदय भानु तो एआई समिट में मौजूद भी नहीं थे। उन्होंने सवाल किया-पांच छह लड़के टी-शर्ट लगाकर विरोध करते हैं तो इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा को कैसे चुनौती मिल सकती है। सरकार द्वारा दमन और राजनीति की ताकत से आवाज दबाने की कोशिश की गई। देश में जब भी बड़े आयोजन होते हैं, हमेशा विरोध होता है। एआई समिट में भी यह एक विरोध था, लेकिन बदले की भावना से कार्रवाई की गई। जेल में बंद कर दिया। पांच छह युवा कांग्रेसी नेताओं के विरोध से सरकार घबरा जाती है। इस देश में विरोध करने वाले लोगों को ऐसे हालात का सामना करना पड़ा है। हम अपने यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं।

एनएसयूआई नए बने नेशनल प्रेसिडेंट विनोद जाखड़ के चार्ज संभालने पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि हमारे राजस्थान एनएसयूआई प्रेसिडेंट को पार्टी ने एनएसयूआई का नेशनल प्रेसिडेंट बनाया है। आज उनका शपथ ग्रहण समारोह है और मैं प्रोग्राम में गया था। मैं उन्हें दिल से बधाई

देना चाहता हूं। उन्होंने अपना संघर्ष जारी रखा और आज उन्हें नेशनल प्रेसिडेंट बनाया गया।

पीएम मोदी के इजरायल दौरे को लेकर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि मेरा मानना है कि पीएम मोदी के इजराइल दौरे की टाइमिंग सही नहीं थी। हमने हमेशा टू-नेशन थ्योरी को सपोर्ट किया है और इस बार हम कुछ हद तक अपनी फॉरेन पॉलिसी से कॉम्प्रोमाइज कर रहे हैं।

सचिन पायलट ने कहा कि फॉरेन पॉलिसी देश के फायदे को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। यह पर्सनल इमेज बनाने का जरिया नहीं है। बदकिस्मती से पिछले ग्यारह साल में बनी फॉरेन पॉलिसी पर्सनैलिटी पर आधारित हो गई है और अगर फॉरेन पॉलिसी पर्सनल रिश्तों के आधार पर बनाई जाती है तो इससे देश को नुकसान होगा। हमने हमेशा कहा है कि भारत के फायदे सबसे पहले आते हैं। भारत के फायदे किसी भी पार्टी या किसी भी नेता से ऊपर हैं।

सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। सरकार ने अपनी इमेज बनाने और पर्सनल रिश्ते सुधारने के लिए कई बार भारत की फॉरेन पॉलिसी से कॉम्प्रोमाइज किया है। मैं इसका कड़ा विरोध करता हूं।

## यूपी में महिला दिवस से पहले 42 जनपदों के सरकारी विद्यालयों में शौचालय होंगे पूरी तरह क्रियाशील

एजेंसी

**लखनऊ** । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आठ मार्च) से ठीक पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर समेत प्रदेश के 42 जनपदों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि आठ मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए। उन्होंने दोहराया कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शौचालयों में स्वच्छता, नियमित सफाई, जल की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था (जहां आवश्यक हो), और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। सरकार का विशेष फोकस छात्राओं के लिए पृथक



एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधा मिलने से छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी, मासिक धर्म के दौरान सहजता होगी, और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। महिला दिवस के अवसर पर यह पहल बेटियों को सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है। शौचालयों की वास्तविक स्थिति की मॉनिटरिंग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी। इससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहेगी। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में मरम्मत या जल कनेक्शन की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ करने को कहा गया है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आठ मार्च की समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय की जाएगी। आवश्यक बजट और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह अभियान न केवल बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि महिला सशक्तीकरण और सम्मान की भावना को जमीनी स्तर पर साकार करने का प्रयास है।

## दिव्यांग सहायता शिविर में 210 दिव्यांग लाभान्वित

एजेंसी

**लालसोट।** पहल मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर के प्रथम दिन 210 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। शिविर का आयोजन श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। संस्थान के संयोजक सुनील गुप्ता एवं सचिव सुरेंद्र जांगिड़ ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रथम दिन मुख्य अतिथि पिंकी चतुर्वेदी ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। किन्नर समाज की महंत मीनू किन्नर ने शिविर में सहयोग प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया। युवा समाजसेवी रामखिलाड़ी सत्तावन ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा ईश्वर भक्ति के समान है। शिविर में प्रथम दिन 50 ट्राई साइकिल, 20 व्हीलचेयर, 10 बैसाखी, 20 छड़ी, 10 कृत्रिम पैर, 3 कृत्रिम हाथ, 70 श्रवण यंत्र (सुनने की मशीन), 14 कैलिपर, 3 वॉकर एवं 10 एल्बो का निःशुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच दीपक पटेल, प्रधानाध्यापक हंसराज शर्मा, अंकुश आमेरिया, समाज कल्याण विभाग के अशोक मीणा, समिति के टीम लीडर रामराय शर्मा, अनुराग सेवा संस्थान संयोजक सियाराम शर्मा, हीरालाल महावर, श्यामसुंदर सैनी, प्रेमराज चौधरी, अविनाश शर्मा, परीक्षित शर्मा, शंभूलाल मीणा, मोहन बोहरा, मनीष शर्मा, शेखर महावर, अक्षित जांगिड़, अभिषेक शर्मा सहित अनेक समाजसेवी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएम के विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में कटे 47 हजार नाम, भाजपा ने दोबारा चुनाव लड़ने की चुनौती

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है। प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, दक्षिण कोलकाता के इस हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र से कुल 47 हजार 94 मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। इसके अलावा, 14154 मतदाताओं को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया है, जिनका भविष्य दस्तावेज सत्यापन के बाद तय होगा। यदि इन विचाराधीन नामों को भी हटा दिया जाता है, तो भवानीपुर के कुल मतदाता आधार में एक बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। यह घटनाक्रम राजनीतिक रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2021 के भवानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी ने करीब 58 हजार मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

## राजस्थान में समय से पहले गर्मी का सितम : होली-धुलंडी पर और चढ़ेगा पारा, मार्च में हीटवेव का अलर्ट

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में इस बार होली के रंगों के साथ गर्मी के तीखे तेवर भी देखने को मिलेंगे। प्रदेश में समय से पहले ही सूरज की तपिश ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं। राज्य के कई शहरों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जिसने आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के संकेत दे दिए हैं। बाड़मेर और फतेहपुर में सबसे ज्यादा तपिश पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही।

**फतेहपुर (सीकर)** : यहाँ अधिकतम तापमान 35.3एष्ट दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा।

**बाड़मेर : य**हाँ भी तापमान 35एष्ट पर पहुँच गया।

**असामान्य बढ़ोतरी** : श्रीगंगानगर, पिलानी और बीकानेर जैसे शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किया गया है, जो चिंता का विषय है।

**होली और धुलं**डी पर रहेगा 'हॉट' माहौल

मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।



हालांकि, होली और धुलंडी (अगले सप्ताह) के आसपास तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होने की संभावना है। यानी त्योहार के दौरान तेज गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर सकती है।

**रातों में भी खत्म हुई गुलाबी ठंड**

गर्मी का असर अब केवल दिन तक सीमित नहीं है। राजधानी जयपुर, बाड़मेर और फलोदी में न्यूनतम तापमान 20एष्ट से ऊपर दर्ज किया गया है। फलोदी में रात का तापमान 21.2एष्ट रहा, जिससे अब रात के समय भी हल्की गर्मी महसूस होने लगी है।

**मार्च के तीसरे सप्ताह से 'हीटवेव' का अलर्ट**

मौसम विभाग ने मार्च महीने के लिए डराने वाला पूर्वानुमान जारी किया हैः

**पहला सप्ताहः** अधिकांश शहरों का तापमान 31 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

**तीसरा सप्ताहः** मार्च के तीसरे हफ्ते से राजस्थान के कई जिलों में हीटवेव (लू) का दौर शुरू हो सकता है।

सीकर व आसपासः अगले 3-4 दिनों तक मौसम पूरी तरह शुष्क (ष्ठह्4) रहेगा, जिससे धूप का असर और तीखा होगा।

सावधानी की सलाहः अचानक बढ़ी इस गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। होली के दौरान बाहर निकलते समय पर्याप्त पानी पिएं और सूती कपड़ों का प्रयोग करें।

## बांधवगढ़ की बाघिन दहाड़ेगी राजस्थान के मुकुंदरा हिल टाइगर रिज़र्व में

एजेंसी

**उमरिया।** मप्र के उमरिया जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व से एक युवा बाघिन को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर राजस्थान के मुकुंदरा हिल टाइगर रिज़र्व के लिए रवाना किया गया है। लगभग साढ़े तीन वर्ष आयु की यह स्वस्थ बाघिन अब राजस्थान की धरती पर अपनी नई दहाड़ से वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक नई उम्मीद जगाएगी।

उल?लेखनीय है कि बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के बीट जगुआ, परिक्षेत्र पनपथा बफर क्षेत्र से इस बाघिन का चयन निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया गया था। पिछले एक माह से कई बाघिनों की गहन निगरानी की जा रही थी। क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में रेस्क्यू दल, उपवन मंडल अधिकारियों एवं परिक्षेत्र अधिकारियों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा के बाद ट्रांसलोकेशन के लिए इस बाघिन को उपयुक्त पाया गया। 27 फरवरी को उप संचालक की मौजूदगी में वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी की टीम ने पूरी सतर्कता के साथ बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।

इसके बाद विशेषज्ञ वन्यजीव



चिकित्सकों ने उसका विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में बाघिन पूर्णतः स्वस्थ पाई गई। आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रियाओं के तहत उसे रेडियो कॉलर पहनाया गया, ताकि भविष्य में उसकी गतिविधियों की वैज्ञानिक निगरानी की जा सके। साथ ही निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार जैविक सैंपल भी संकलित किए गए।

क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि ट्रांसलोकेशन की पूरी प्रक्रिया राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न की गई। बाघिन को विशेष रूप से तैयार किए गए सुरक्षित पिंजरे में रखा गया और अनुभवी टीम की निगरानी में राजस्थान के लिए रवाना किया गया। रेस्क्यू के दौरान सहायक संचालक पनपथा, सहायक संचालक ताला, परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा बफर, परिक्षेत्र अधिकारी ताला, परिक्षेत्र अधिकारी खितौली, डब्ल्यूसीटी संस्था के प्रतिनिधि सहित संबंधित स्टाफ मौजूद रहा। पूरी प्रक्रिया को अत्यंत सावधानी और पेशेवर दक्षता के साथ अंजाम दिया गया।

बांधवगढ़ से राजस्थान की यात्रा के दौरान पन्ना टाइगर रिज़र्व के मडला में अल्प विराम लिया गया, जहां पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक श्री पटेल (आईएफएस) ने टीम से मुलाकात कर आवश्यक समन्वय किया। इसके बाद मुकुंदरा हिल टाइगर रिज़र्व प्रबंधन भी यात्रा में शामिल हो गया और संयुक्त रूप से बाघिन को उसके नए आवास तक पहुंचाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। मुकुंदरा हिल टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या बढ़ाने और आनुवंशिक विविधता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस तरह के ट्रांसलोकेशन कार्यक्रम महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, एक स्वस्थ और युवा बाघिन का स्थानांतरण न केवल वहां की बाघ आबादी को स्थिरता देगा, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन को भी मजबूती प्रदान करेगा। बांधवगढ़, जो देश-विदेश में बाघों की उच्च घनत्व वाली आबादी के लिए प्रसिद्ध है, समय-समय पर संरक्षण की दृष्टि से इस प्रकार के प्रबंधन कदम उठाता रहा है।

## मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन, सीएम फडणवीस ने समुद्री मार्ग के लिए तेज और आरामदायक विकल्प बताया

एजेंसी

**मुंबई** । मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस परियोजना की तारीफ करते हुए समुद्री मार्ग से यात्रा करने में काफी महत्वपूर्ण बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, 'खुशखबरी! मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन। मुंबई और विजयदुर्ग (जिला सिंधुदुर्ग) के बीच रो-पैक्स फेरी सेवा कल, 1 मार्च 2026 से शुरू हो रही है।' उन्होंने आगे बताया, 'इससे कोंकण निवासियों को समुद्री मार्ग से यात्रा का एक तेज, आरामदायक और आनंददायक विकल्प मिलेगा। इस सेवा के माध्यम से मुंबई से विजयदुर्ग की यात्रा मात्र 6 से 7 घंटे में पूरी की जा सकेगी।' यह सेवा महाराष्ट्र सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कोंकण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। राज्य के मत्स्यव्यवसाय एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने भी इस परियोजना को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना 2014-2019 के दौरान फडणवीस के बंदरगाह विभाग संभालने के समय से ही चली आ रही है। रो-पैक्स (रो-पैक्स) फेरी सेवा रोल-ऑन/रोल-ऑफ और पैसेंजर दोनों सुविधाओं वाली है। इसमें यात्री अपने वाहन (दो-पहिया, चार-पहिया) के साथ यात्रा कर सकते हैं। सेवा एम2एम प्रिंसेस जैसी हाई-स्पीड फेरी से संचालित होगी, जो दक्षिण एशिया की सबसे तेज पैसेंजर-कम-व्हीकल फेरी में से एक मानी जाती है। मुंबई के भाऊचा धक्का (फेरी व्हार्फ) से सुबह निकलकर यह विजयदुर्ग पहुंचेगी। शुरुआती चरण में मार्च में 16 दिनों का पायलट फेज चलेगा, जिसमें मुंबई और विजयदुर्ग से 8-8 प्रस्थान होंगे।

रोजाना यात्रा का समय सड़क मार्ग से 10-14 घंटे (ट्रैफिक सहित) लगता है, जबकि यह समुद्री मार्ग मात्र 6-7 घंटे में पूरा होगा। इससे समय की बड़ी बचत होगी और यात्रा आरामदायक बनेगी। विशेष रूप से शिमगा (होली) और गर्मी की छुट्टियों में कोंकण जाने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि कोंकण के बीच, विजयदुर्ग किला, सिंधुदुर्ग जैसे आकर्षण आसानी से पहुंच सकेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ जारी, जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराकर सुपर 8 में अजेय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए सुपर एट के अपने आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने सुपर एट में अपनी अजेय बढ़त कायम की। 154 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, प्रोटियाज टीम को पावरप्ले के अंदर ही शुरुआती तीन विकेट गंवाने के बाद मुश्किलों का सामना करना पड़ा। क्विंटन डी कॉक पहले ही ओवर में सिकंदर रजा के हाथों आउट हो गए। जिम्बाब्वे के कप्तान ने अगले ही ओवर में एडन मार्कराम को सिर्फ चार रन पर आउट करके फिर से झटका दिया। रायन रिकेल्टन ने कुछ बड़े शॉट खेले लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए। उन्होंने 22 गेंदों में 31 रन बनाए।

डेविड मिलर क्रीज पर देवाल्ड ब्रेविस के साथ शामिल हुए और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े, लेकिन ब्लेसिंग मुजरबानी ने 10वें ओवर में उनकी साझेदारी तोड़ दी। मिलर ने 16 गेंदों में दो छक्के और दो चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ब्रेविस ने चार छक्के और दो चौके लगाकर मात्र 18 गेंदों में 42 रन बनाए, लेकिन रजा के हाथों आउट हो गए। ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंदों में 21 रन नाबाद) और जॉर्ज लिंडे (21 गेंदों में 30 रन नाबाद) ने दक्षिण अफ्रीका को 13 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत दिला दी।

जिम्बाब्वे लीग चरण में अपराजित रही, लेकिन सुपर एट में लगातार तीन हार के साथ उसका अभियान समाप्त हो गया। इससे पहले, जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना और प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने के लिए संघर्ष किया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों, जिनमें क्वेना माफाका और एनरिच नॉर्त्जे शामिल थे, द्वारा शुरुआती विकेट लेकर जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया गया। कप्तान सिकंदर रजा ने 73 रनों की शानदार पारी खेलकर एकमात्र प्रतिरोध दिखाया।

जिम्बाब्वे ने पहली पारी के दूसरे ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज तादिवानाशे मारुमानी का विकेट खो दिया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना माफाका ने जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज को मात्र सात रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्त्जे ने ब्रायन बेनेट को 13 गेंदों में 15 रन पर आउट कर दिया, जिसमें दो चौके शामिल थे। पावर प्ले समाप्त होने के बाद, जिम्बाब्वे का स्कोर 45/2 था। नौवें ओवर में, जॉर्ज लिंडे ने डियोन मायर्स को 16 गेंदों में 11 रन पर आउट कर दिया, जिसमें एक चौका शामिल था। 10वें ओवर की समाप्ति के बाद जिम्बाब्वे ने 80/3 का स्कोर बनाकर अच्छी स्थिति हासिल कर ली।



## 'हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं', दुबई में फंसी पीवी सिंधु ने डरा देने वाली स्थिति का खुलासा किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली - दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम जाते हुए दुबई हवाई अड्डे पर फंस गई हैं। सिंधू ने डरा देने वाली स्थिति का खुलासा किया है। सिंदू ने बताय कि कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ था। हालांकि सिंधू और उनके इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा सुरक्षित हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण उड़ाने रद्द होने के बाद सिंधू और इरवांस्याह दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए हैं। टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होना है।

ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी और दुबई भी शामिल हैं। इसके बाद दुबई हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। सिंधू ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर तनावपूर्ण पलों के बारे में विस्तार से बताया।

सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुश्किल बढ़ती जा रही है और हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं। कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ।' सिंधू ने लिखा, 'मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत तनावपूर्ण और डरावना पल था।' भारत के अधिकतर खिलाड़ी पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, युवा आयुष शेट्टी, गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। मालविका बंसोड़ भी पहुंच गई हैं लेकिन उन्नति हुड्डा अब भी भारत में हैं क्योंकि नई दिल्ली से बर्मिंघम के लिए उनकी सीधी उड़ान आखिरी समय में रद्द हो गई थी।

## हीली ने विदायी मैच में लगाया शतक, भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया



**होबार्ट (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने अपने करियर के अंतिम मैच में शतकीय पारी खेलकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के इस मैच में हीली ने 79 गेंदों पर शतक लगाया। वहीं वहीं 98 गेंदों पर 158 रन का बनाकर वह पेवेलियन लौटी।अपनी पारी में हिली ने 27 चौके और दो छक्के लगाये। हीली के विदायी मैच में शतक को देखकर उनके पति मिचेल स्टार्क भी बेहद खुश नजर आये। हीली के शतक पूरा करते ही स्टार्क उत्साहित नजर आये।

भारतीय टीम ने इस तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारतीय टीम जब मैदान पर उतरी तो उन्होंने दो लाइन में खड़े होकर हीली को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भारतीय टीम के इस रवैये की प्रशंसा हो रही है।

हीली ने जनवरी में ही सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। एकदिवसीय के बाद हीली 6 मार्च को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दिन-रात के एकमात्र टेस्ट के दौरान अंतिम बार मैदान पर उतरेंगी। गौरतल है कि हीली ने फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया था और एकदिवसीय ढ्ढ में 3500 से ज्यादा रन बनाए हैं। टी20आई में उनके नाम 25.45 की औसत से 3054 रन दर्ज है, इस दौरान उनका सबसे अधिक स्कोर 148 नाबाद है, जो सदस्य टीमों में सबसे ज्यादा निजी स्कोर है। उन्होंने साल 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला टीम 20 विश्व कप और 2013 और 2022 में एकदिवसीय विश्वकप जीता था। हीली 2018 और 2019 में क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर भी थीं।

## आईसीसी ने जनवरी के प्लेयर ऑफ द मंथ का किया ऐलान, डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी को मिला सम्मान

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर डैरिल मिचेल का चयन किया गया, जबकि महिला वर्ग में बांग्लादेश की उभरती बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को यह पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को महीने भर के शानदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने सम्मानित किया।

डैरिल मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतकों की बदौलत मैच का रुख बदल दिया। दूसरे वनडे में उनके 131 (नाबाद) रन और तीसरे वनडे में 137 रन की पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने निर्णायक मुकाबले में 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने पूरी सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। उनके शानदार फॉर्म का असर रैंकिंग पर भी दिखा और उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी सूची में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया। टी20 सीरीज में भी मिचेल ने 5 मैचों में 186.56 की स्ट्राइक






रेट से 125 रन बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। महिला वर्ग में शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले छह मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें 45.80 का औसत और 145.85 की स्ट्राइक रेट शामिल रही। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज पूरे टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए बड़ी ताकत साबित हुए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नॉरिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी की बदौलत बांग्लादेश टीम टूर्नामेंट में अजेय रही और सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गई। आईसीसी के इस ऐलान ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी का यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित, लवलीना और निकहत संभालेंगी कमान

नई दिल्ली। भारत की दो शीर्ष महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने एक महीने की विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था, जहां चयन नीति के तहत उनके प्रदर्शन का आकलन किया गया। इस चैंपियनशिप के परिणामों के आधार पर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का महत्व काफी बढ़ गया है। महिलाओं में मुख्य ज़िम्मेदारी लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) निभाएंगी, जिन्होंने हाल ही में स्पेन में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ स्वर्ण विजेता प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और प्रिया (60 किग्रा) को टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम का हिस्सा होंगी। महिला टीम में अन्य महत्वपूर्ण मुक्केबाजों में शामिल हैं अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और हेवीवेट वर्ग में अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक)। पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे सचिन (60 किग्रा), जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था।

## श्रीलंकाई कप्तान शनाका ने विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान दासुना शनाका ने टी20 विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी है। साथ ही कहा कि भाग्य के साथ नहीं देने के कारण वह अपनी धरती पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में असफल रहे। शनाका ने कहा कि वे पाकिस्तान के खिलाफ जीत सकते थे पर अंतिम क्षणों में विफल रहे। वह टीम के प्रदर्शन से भी निराश हैं, क्योंकि सात मैच इस टूर्नामेंट में श्रीलंका की टीम ने अपनी धरती पर खेले, जिनमें से वह केवल तीन ही जीत पायी। तीन मैच इसमें सुपर 8 के भी शामिल थे, जिसके कारण ही टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पायी। शनाका ने मैच के बाद कहा, बिल्कुल यह बहुत करीबी मैच था। मैं इसे फिनिश कर सकता था पर ऐसा नहीं हो पाया। पाक गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने अच्छी गेंदबाजी की। श्रीलंका की टीम के अभ्यान को लेकर कहा, यह हमारे लिए कठिन रहा है। हां, हमें कुछ चोटें आईं। हमने दर्शकों को निराश किया। मैं सभी प्रशंसकों से माफी मांगना चाहता हूं, क्योंकि, आप जानते हैं हम कई खिलाड़ियों के फिट नहीं होने से हारे। भविष्य में, अगर कोई चोट नहीं लगी, तो मुझे लगता है कि यह टीम बहुत अच्छा करेगी। हमें वानिंदू हसरंगा और पथिराना की कहा, उनकी कमी खली। विश्व कप के समय, आप जानते हैं, हमें अपने खिलाड़ियों की यहां जरूरत होती है और यह हमारी ताकत है। हमें उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये अच्छा है। वहीं आलोचकों के भड़कने पर शनाका ने कहा, कभी-कभी खिलाड़ी होने के नाते, हम भी दबाव महसूस करते हैं। ऐसे में यह मेरी गलती थी। मैं सभी प्रशंसकों को निराश करने के लिए माफी चाहता था। मैं वादा करूंगा कि मैं ऐसा दोबारा न करूं। उन्होंने पवन रथनायके के प्रदर्शन की भी प्रशंसा जिन्होंने सभी का ध्यान खींचा। कप्तान ने कहा, वह लगातार अच्छा कर रहा है और क्रीज का बहुत अच्छा इस्तेमाल कर रहा है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा वेलालगे ने भी अच्छा खेला है। उम्मीद है, उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

## टैलोन ग्रीक्सपूर के हटने से दानिल मेदवेदेव ने दुबई खिताब जीता

**दुबई (एजेंसी)।** दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता, जब टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण फाइनल से पहले हट गए। ग्रीक्सपूर को शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी।

डचमैन ने एक सर्व के बाद अजीब तरह से लैंड किया और, हालांकि उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, वह चैंपियनशिप मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए, जिसके परिणामस्वरूप वॉकओवर हो गया। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान ग्रीक्सपूर ने कहा, 'मैं बेहतर हो गया हूं, यह पक्का है। बदकिस्मती से सेमीफाइनल के दौरान मुझे चोट लग गई। मैं आज सुबह हॉस्पिटल गया और कुछ स्कैन हुए, जिसमें कुछ सीरियस दिखा। इसकी वजह से मैं आज रात कोर्ट पर नहीं आ पाया और आने वाले हफ्तों में भी कोर्ट पर नहीं आ पाऊंगा।' यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल क्राउन है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सीजन का दूसरा क्राउन है। यह पहली बार भी है जब 30 साल के इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर मेदवेदेव नंबर 10 अलेक्जेंडर बुब्लिक से सिर्फ 45 पॉइंट पीछे हैं, जबकि वह पिछले साल जून के बाद पहली बार टॉप 10 में वापसी करने की कोशिश कर रहे हैं। पहली बार एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, 'यही इसकी क्रेजी बात है। मैंने दुनिया के किसी भी शहर में ऐसा कभी नहीं किया, और पहली बार जब मैंने ऐसा किया, तो यह वॉकओवर के जरिए हुआ... हम हफ्ते की शुरुआत से पहले ही जानते थे, जिस तरह से मैं प्रैक्टिस कर रहा था, मैं एक भी बॉल मिस नहीं कर सकता था। हम जानते थे कि यह एक शानदार हफ़्ता होने वाला है। यह एक शानदार हफ़्ता था और मैं आने वाले अगले टूर्नामेंट्स का इंतज़ार कर रहा हूं।' हार्ड कोर्ट पर अपनी 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी के साथ मेदवेदेव ने एक्टिव खिलाड़ियों में नोवाक जोकोविच (72) के बाद, इस सरफेस पर दूसरे सबसे ज़्यादा जीत के मामले में वर्ल्ड नंबर 2 जैनिक सिनर की बराबरी कर ली। ग्रीक्सपूर दुबई में अपने करियर का चौथा और सबसे बड़ा एटीपी टूर टाइटल जीतने की कोशिश कर रहे थे, जहां उन्होंने इस हफ्ते टॉप 20 प्लेयर्स बुब्लिक, जैकब मेंसिक और रुब्लेव पर जीत दर्ज की। डचमैन की मेदवेदेव के साथ एकमात्र पिछली भिड़ंत पिछले साल दुबई में हुई थी, जब उन्होंने सेमीफाइनल तक पहुंचने के रास्ते में यादगार चार मैच पॉइंट बचाए थे। मेदवेदेव अगली बार इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 में हिस्सा लेंगे, जहां वह दो बार के फाइनलिस्ट हैं।




## आकिब नबी बने टीम इंडिया की नई उम्मीद, रणजी सीजन में रचा बड़ा इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट को जल्द ही एक धाकड़ तेज गेंदबाज मिलने जा रहा है। 29 वर्षीय पेसर आकिब नबी रेड बॉल क्रिकेट में लगातार कमाल करते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट की दहलीज पर दस्तक दे रहे हैं। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उनकी घातक गेंदबाजी ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पूरे सीजन बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और फाइनल मुकाबले में भी अपना दम साबित किया। कर्नाटक के खिलाफ केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले की पहली पारी में नबी ने शानदार 5 विकेट चटकाए। उनकी दमदार गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक की पारी 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने 291 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिए।

## सलमान अली आगा की कप्तानी पर संकट गहराया

**- माइक हेसन रहे तो शादाब खान बनेंगे नए कप्तान: शाहिद अफरीदी**

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। सलमान अली आगा की कप्तानी में टीम बड़ी टीमों के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी, और कप्तान का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। लगातार आलोचनाओं के बीच पाकिस्तान की टीम प्रबंधन और कप्तानी को लेकर बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने दावा किया है कि अगर कोच माइक हेसन अपना पद बनाए रखते हैं तो शादाब खान पाकिस्तान टीम के अगले कप्तान होंगे। अफरीदी के इस बयान ने पाकिस्तान क्रिकेट में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि शादाब खान और हेसन का जुड़ाव काफी पुराना है, जो पाकिस्तान सुपर लीग की टीम इस्लामाबाद यूनाइटेड के समय से रहा है। अफरीदी के अनुसार शादाब एक बुरे विकल्प नहीं हैं, लेकिन उनकी गेंदबाजी में प्रदर्शन में सुधार जरूरी है ताकि वह टीम को और मजबूती से नेतृत्व दे सकें। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें धागे से लटकी हुई थीं, लेकिन इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर जीत ने पाकिस्तान की थोड़ी उम्मीद जगाई है। फिर भी पाकिस्तान के लिए रास्ता आसान नहीं है। टीम को अपने अंतिम सुपर-8 मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 64 रनों के बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी, या फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच 13.1 ओवर के भीतर समाप्त करना होगा। फिलहाल न्यूजीलैंड का रन रेट (+1.390) पाकिस्तान (-0.461) से काफी बेहतर है, इसलिए पाकिस्तान को बड़े अंतर वाली जीत ही सेमीफाइनल में पहुंचा सकती है। सलमान अली आगा की कप्तानी पिछले कुछ मैचों से विवादों में है। पाकिस्तान के खेल विश्लेषक और पूर्व खिलाड़ी लगातार उनके फैसलों और मैदान पर कमजोर रणनीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। क्रिकेट फैंस भी सोशल मीडिया पर कप्तान और टीम दोनों पर नाराजगी जता रहे हैं। अगर टीम श्रीलंका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती तो सलमान अली अगा की कप्तानी लगभग समाप्त मानी जा रही है। पाकिस्तान के लिए अब सबकुछ उनके अंतिम मुकाबले पर निर्भर करता है। यदि बड़ी जीत मिलती है तो सेमीफाइनल का टिकट संभव है, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो टीम और कप्तान दोनों को विश्व कप के बाद बड़े बदलावों का सामना करना पड़ सकता है।



## हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की, सविता निजी कारणों से हटीं

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है।

मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है।

सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।'

अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

**टीम**

गोलकीपर : बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम

डिफेंडर : सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी

मिडफील्डर : नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग

फारवर्ड : नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू



## जयसूर्या का इस्तीफा, बोर्ड ने नये कोच की तलाश शुरु की


कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच . सनथ जयसूर्या ने पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंकाई टीम लीग स्तर में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद भी सुपर-8 के सभी मैच हार गयी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने अब नये कोच की तलाश भी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि जयसूर्या जुलाई 2024 में टीम के अंतरिम मुख्य कोच बने थे। इसके बाद अक्टूबर में उन्हें पूर्णकालिक कोच बनाद दिया गया था। उनका करार इसी साल जून 2026 तक था पर टीम के लचर प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने तत्काल पद छोड़ना ही सही समझा है। सुपर-8 में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान से लगातार मिली हार के बाद श्रीलंकाई टीम बाहर हुई है। इससे टीम साल 2014 के बाद से ही पांचवीं बार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। पाक के खिलाफ अंतिम मैच में दासुन शनाका के 31 गेंदों में नाबाद 76 रन की आक्रामक पारी से टीम जीत के करीब पहुंच गयी थी। वह 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए के पांच रन ही पीछे रह गयी। जयसूर्या के कोच रहते श्रीलंका ने सभी प्रारुपो को मिलाकर कुल 76 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए 34 जीते और कुल जीत प्रतिशत करीब 45 रहा। बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार उसने कोच पद के लिए कई उम्मीदवारों से बात की है।



# क्या द वार्डरोब में दिव्या अग्रवाल निभा रही हैं भूत का किरदार?

राज गवली प्रोडक्शन ने अपनी आगामी सुपरनैचुरल थ्रिलर द वार्डरोब का दिलचस्प फर्स्ट्-लुक पोस्टर जारी कर दिया है, और फैंस अब यह सवाल पूछ रहे हैं — क्या दिव्या अग्रवाल इस फिल्म में भूत का किरदार निभा रही हैं? सौरभ चौबे के निर्देशन में बनी इस हॉरर थ्रिलर में द वार्डरोब भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में एक रहस्यमयी महिला को पुराने, आधे खुले लकड़ी के वार्डरोब से बाहर निकलते हुए दिखाया गया है, जिस पर लताएं लिपटी हुई हैं। खून से सने सफेद गाउन में और धुएं व अंधेरे से घिरे माहौल के बीच दिव्या का डरावना अंदाज़ उनके किरदार को लेकर कई सवाल खड़े करता है। वार्डरोब के भीतर से आती लाल रोशनी फिल्म के सुपरनैचुरल टोन को और गहरा करती है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। हालांकि मेकर्स ने कहानी के अहम पहलुओं को अभी गोपनीय रखा है, लेकिन पोस्टर ने इस बात की अटकलों को हवा दे दी है कि दिव्या किसी बेचैन आत्मा की भूमिका में हो सकती हैं।






# खतरनाक स्टंट नहीं करने की चॉइस सिर्फ मेरी नहीं थी

प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड की देसी गर्ल से हॉलीवुड की एक्शन गर्ल बनने तक का सफर बखूबी तय किया है। जल्द ही वह एक हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' में लीड रोल में दिखेंगी। इस फिल्म को लेकर प्रियंका काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन फिल्म में कई एक्शन सीन्स प्रियंका ने खुद नहीं किए। इसकी वजह भी वह साझा करती हैं।

## खतरनाक शॉट्स से प्रियंका ने बनाई दूरी

हाल ही में वैरायटी से की गई बातचीत में प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'कुछ शॉट्स ऐसे थे जिनके लिए मुझे अपने स्टंट डबल पर डिपेंड रहना पड़ा। स्टंट डबल को तीन या चार खतरनाक शॉट्स करने पड़े। इसमें चेहरे पर कांच लगने वाले सीन्स भी शामिल थे।' प्रियंका चोपड़ा आगे कहती हैं, 'यह चॉइस सिर्फ मेरी नहीं थी। प्रोडक्शन टीम को भी चिंता थी। उन्होंने मुझे खतरनाक स्टंट करने नहीं दिए। देखिए, मैं हीरो नहीं हूं, मैं काम करने के लिए काम पर जाती हूं। मैं नहीं चाहती कि किसी को चोट लगे या मुझे खुद को भी चोट लगे।'

## फिल्म 'द ब्लफ' में क्या है प्रियंका चोपड़ा का किरदार?

प्रियंका चोपड़ा और कार्ल अर्बन स्टारर 'द ब्लफ' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। फ्रैंक ई फ्लावर्स के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक कैरिबियन महिला की कहानी है, जिसका सीक्रेट पास्ट तब सामने आता है जब समुद्री लुटेरे उसके आइलैंड पर हमला करते हैं। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने गजब का एक्शन भी किया है।




## इन प्रोजेक्ट्स में भी आएंगी देसी गर्ल नजर

प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' और राजामौली की पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' का हिस्सा हैं। 'वाराणसी' फिल्म में प्रियंका चोपड़ा साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका चोपड़ा लगातार भारत आ रही हैं। अब उनका नाम फिल्म '007 बॉन्ड' सीरीज को लेकर भी सामने आ रहा है।

# साउथ फिल्मों की अजीब डिमांड से परेशान हो रहीं है तापसी

**तापसी पन्नू ने बॉलीवुड के अलावा तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में भी अभिनय किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने साउथ मेकर्स की अजीब डिमांड का जिक्र किया। तापसी का मानना है कि इस वजह से कई बार सेट पर असहज स्थिति भी बन जाती थी। आखिर क्या थी वो डिमांड?**

## साउथ की फिल्मों को करते हुए कौन सी दिक्कत आती है?

तापसी पन्नू ने बताया कि साउथ की फिल्मों में एक्ट्रेस के अपीयरेंस पर बहुत ज्यादा फोकस किया जाता है। वह कहती हैं, 'साउथ फिल्मों में आकर्षक दिखने के लिए खास तरह के कपड़े पहनने के लिए बोला जाता है। लेकिन इसमें समस्या यह है कि सेट पर हीरोइन को यह बात बताने के लिए लड़कियां गिनती की होती हैं। ऐसे में डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर को बोलता है। फिर वह हेयर या स्टाइल टीम की किसी दीदी को बताते हैं। आप सोचो कितना शर्मनाक होगा कि सेट पर एक गाने के शूट में एक्ट्रेस का बीच में उठकर जाना है। सब देख रहे होते हैं कि क्या फर्क हुआ? फिर पता चलता है कि हमें फर्क पता नहीं चल रहा। ऐसे में एक्ट्रेसेस को वापस जाने को कहा जाता है।' तापसी का मानना है कि साउथ में एक्ट्रेस की फिजिकल अपीयरेंस पर फोकस किया जाता है। मेकर्स को लगता है कि इससे ऑडियंस की फैंटेसी पूरी होती है और फिल्म को लेकर अट्रैक्शन बढ़ता है।

## फिल्म 'अस्सी' को लेकर चर्चा में तापसी पन्नू


फिल्म 'अस्सी' में कनी कुश्रुति, जीशान अय्यूब, तापसी पन्नू, कुमुद मिश्रा और रेवती जैसे कलाकार नजर आए हैं। तापसी फिल्म में रेप पीड़िता की वकील बनी हैं। वहीं रेप पीड़िता के रोल में कनी कुश्रुति दिखीं। दोनों ने ही दमदार अभिनय किया है। फिल्म 'अस्सी' की कहानी रेप पीड़िता के संघर्ष को दिखाती है, कानूनी प्रक्रिया में रेप केस के फैसलों में क्यों देरी होती है? परिवार और उस महिला पर क्या गुजरती है, इन बातों को निर्देशक ने बहुत ही संवेदनशील तरीके से दिखाया है। साथ ही इस जघन्य अपराध के पीछे की मानसिकता को भी सामने रखा है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म ठीक-ठाक कलेक्शन कर रही है।






# यश की 'टॉक्सिक' में नए अक्षय ओबेरॉय की एंट्री

यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' सुर्खियों में है। फिल्म के मेकर्स हर दिन इसकी अपडेट दे हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ है जिसे दर्शकों ने पसंद किया है। अब मेकर्स ने फिल्म के एक और कलाकार का लुक जारी किया है। मेकर्स ने फिल्म से अक्षय ओबेरॉय का लुक जारी किया है। केवीएन प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम पर अक्षय ओबेरॉय का लुक जारी किया है। इसमें वह टोनी के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में टोनी भूरे रंग के ड्रेस में हैं। वह खून से लथपथ हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि उनके आस-पास कई घायल लोग पड़े हुए हैं। इन लोगों के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हैं। फिल्म में यश, राया और टिकट के डबल रोल में नजर आएंगे। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में राया पर ज्यादा फोकस किया गया है। इसमें उन्हें एक खतरनाक गैंगस्टर के तौर पर दिखाया गया। टीजर में भरपूर एक्शन है। मेकर्स ने फिल्म से कई कलाकारों के लुक शेयर किए हैं। इसमें नादिया के रोल में कियारा आडवाणी, गंगा के रोल में नयनतारा, एलिजाबेथ के रोल में हुमा कुरैशी, रेबेका के रोल में तारा सुतारिया, टोविनो थॉमस, डेरेल डी'सिल्वा और मेलिसा के रोल में रुक्मिणी वसंत होंगी। फिल्म 'टॉक्सिक' को यश और डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने मिलकर लिखा है। यह फिल्म 1940 और 1970 के दशक के बीच गोवा में सेट है। कन्नड़ और इंग्लिश में एक साथ शूट की गई यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। टॉक्सिक 19 मार्च, 2026 को रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश करने वाली है। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं। देखना होगा कि कौन सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिक पाती है।





# राहुल भट्ट ने साझा किया 'कैनेडी' का शूटिंग अनुभव

**राहुल भट्ट और अनुराग कश्यप कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों ने साथ में 'अग्ली' (2013) और 'दोबारा' (2022) जैसी फिल्में की हैं। अब दोनों की साथ में तीसरी फिल्म 'कैनेडी' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बातचीत में राहुल ने अनुराग कश्यप के बारे में खुलकर बात की और उनके साथ अपने काम के अनुभव साझा किए। साथ ही फिल्म के बारे में भी जानकारी दी।**

## इतने साल में अनुराग में क्या बदलाव आया? क्या उन पर इंडस्ट्री का दबाव है?

अनुराग को जो करना होता है वो वही करते हैं। उनके ऊपर इंडस्ट्री का कोई दबाव नहीं होता। वो मार्केट के लिए फिल्में बनाते ही नहीं। वो वह काम करते हैं, जिससे उन्हें तसल्ली मिलती है। वो इंडस्ट्री के बड़े ज्ञानी हैं। हम उनको कुछ ज्ञान नहीं दे सकते। उन्हें अच्छे से बिजनेस पता है। फिल्म कैसे बिकेंगी, किधर जाएंगी। उनकी फिल्मों की सेल्फ लाइफ लंबी होती है। उन्होंने कितना कुछ हासिल किया और कितने ही टैलेंट को आगे बढ़ाया है।

## क्या आपको लगता है इंडस्ट्री ने उन्हें वो दिया जिसके वो हकदार हैं?

ये सिर्फ आप और हम सोचते हैं। वो ये सब नहीं सोचते कि इंडस्ट्री ने उन्हें क्या दिया और क्या नहीं? बाकी वो बड़े आदमी हैं। उनकी शिकायतें होंगी तो पता नहीं क्यों होंगी। मैं तो इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। उनको जितना जानता हूं बस इतना कह सकता हूं कि उनको बहुत कुछ मिला है, बहुत कुछ उन्होंने पाया है अपनी जिंदगी में। बाकी उनका टैलेंट इतना है कि उनको बहुत कुछ और मिलना चाहिए और वो मिलेगा भी। उन्हें कोई नहीं रोक सकता।

## 'कैनेडी' का शूटिंग अनुभव कैसा रहा? अपने किरदार के बारे में कुछ बताएं?

अनुराग की फिल्में मेरे ऊपर सेट से दूर होने और शूटिंग पूरी होने के बाद भी असर बनाए रखती हैं। 'कैनेडी' की शूटिंग के दौरान अपने किरदार के अंदर की आवाज, चाल और जो एटिट्यूड मैंने अपनाया.. वह लंबे समय तक मुझसे बना रहा। इस फिल्म में अपने किरदार को मैंने एक खास आवाज दी। वो आवाज शूटिंग के बाद भी मेरे अंदर से आती रही। लोग कहते थे - 'क्या कर रहा है तू? सीधे बात कर।' गाड़ी चलाते वक्त भी मेरा एट्टीट्यूड वैसा ही रहता था। मानो जैसे कोई खतरनाक आदमी गाड़ी चला रहा हो। फिल्म खत्म होने के बाद भी करीबन तीन महीने तक यह किरदार मेरे साथ रहा।

## इंडस्ट्री में बदलावों पर आपकी क्या राय है?

पहले एक ही तरीके की फिल्में बन रही थीं, अब सिनेमा थोड़ा खुल गया है। ओटीटी प्लेटफार्म ने एक नया पिटारा खोला है। लोगों को एक्सपोजर मिल गया है और काफी मजेदार फिल्में बन रही हैं। मुझे लगता है मेरे जैसे अभिनेताओं के लिए यह बहुत अच्छा वक्त है।





# पति को कराएं

## बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास

**एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है।**



बच्चे को सही परवरिश देना मां और पिता दोनों का काम होता है, पर बच्चे की परवरिश का जिम्मा मां पर ही आता है। अगर आप चाहती हैं कि आपके पति को भी बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास हो तो इन बातों का ध्यान रखें।

### बताएं आप उनकी मदद लेना चाहती हैं

बच्चा होने के बाद कुछ पुरूष यह चाहते हैं कि वो बच्चे की देखभाल करें, पर महिलाएं अक्सर इस संकोच में कि बच्चे का काम पति सही ढंग से कर पाएंगे या नहीं, सोच उनको मना कर देती हैं। अगर आपके पति बच्चे के पालन-पोषण में आपकी मदद करना चाहते हैं तो उनका यह प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार कर लें। उन्हें अपने तरीके से बच्चों की केयर करने दें, हर समय टोकें न, अगर वो कहीं गलत है, तो उन्हें प्यार से बताएं।

### भूमिका आनंददायक है

एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है। आप उन्हें बताएं कि एक बच्चे की देखभाल करने में जिम्मेदारी तो है, पर इसमें आनंद भी खूब है। बच्चा जब छोटी-छोटी हरकतें करता है तो उन्हें देखने में कितना मजा आता है। इस तरह की बातें जब आप उनसे शेयर करेंगी तो वो खुद ब खुद इसमें रूचि दिखाने लगेंगे।

### ग्रुप बनाएं पिता भी

पुरूष अक्सर बच्चों के बारे में बात करने से बचते हैं। महिलाएं तो कई बार ग्रुप में जाकर बच्चों की परेशानियां, आदतें आदि के बारे में चर्चा कर लेती हैं, पर पिता को ऐसा नहीं करते। आप पति को प्रोत्साहित करें कि वो फेसबुक, ब्लॉग, फ्रेंड सर्कल में पिताओं के ग्रुप में शामिल हों। इससे वो सारी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं, साथ ही अन्य पुरूषों से अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और उनके अनुभव से सीख सकते हैं।

### प्राथमिकता निर्धारित कर उनसे सहयोग मांगें

मां होने के नाते आप प्राथमिकता तय कर लें कि किन-किन बातों में आपको अपने पति की जरूरत पड़ सकती है। यह निर्धारित करने के बाद आप उन्हें बताएं कि आपको उनके सहयोग की कितनी जरूरत है। ऐसा करने से आप एक अच्छा वक्त एक-दूसरे के साथ बिता सकते हैं।

### यादों को रखें सहेज कर

आप अपने पति से पूछें कि फादरहुड के दौरान वो कौन-सी पांच बातें थीं, जिनसे उन्हें बेहद खुशी मिली। आप उन सारी बातों को एक छोटी-सी नोटबुक में नोट करें। अगर उससे जुड़ी फोटो आपको पास है तो उसे भी चिपकाएं, ऐसा करने से आप इन छोटी-छोटी और प्यारी बातों को ताउम्र सहेज कर रख सकेंगी।

# चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

### विटामिन ए से भरपूर चीजें

**क्या लें:** गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर
**फायदा:** इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

### सूखे मेवे

**फायदा:** इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

### विटामिन सी वाली चीजें

**फायदा:** नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

### अलसी के बीज

**फायदा:** खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

### विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं: चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।

तौर-तरीके बदलकर

# खुश रहना सीखें



**मन खुश हो, तो तन दुरूस्त रहता है। इसलिए खुश रहने के लिए इन सुझावों को आजमा कर देखें -**

**खुद को एक्सप्रेस करें:** अमरीका की वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार खुद को खुलकर अभिव्यक्त करने से मन में खुशी के भाव आते हैं।

**दूसरों के लिए कुछ करें :** फोर्ब्स डॉट कॉम के शोध के मुताबिक दूसरों के लिए कुछ करने से खुशी मिलती है। जब हम किसी की मदद करते हैं, अपनों को उपहार देते हैं या उन पर खर्च करते हैं, तो मन को सुकून मिलता है।

**सकारात्मक सोचें:** अपनी सोच सकारात्मक रखें और ऐसे लोगों के साथ रहें, जिनसे आपको प्रेरणा मिल सके।

दोस्तों व रिश्तेदारों से अच्छा व्यवहार रखें। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस के वैज्ञानिकों ने 30 साल तक एक लाख लोगों पर शोध के बाद पाया कि शिक्षा, राजनीति,सैलरी और संबंधों में से सबसे ज्यादा खुशी लोगों को अच्छे संबंधों से होती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं क्योंकि डिहाइड्रेशन होने से कई बार मूड चिड़चिड़ा हो जाता है।



# खुद से करें प्यार का वादा

**खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।**

नया साल हमें जिंदगी को एक बार फिर नए तरीके से जीने के लिए कहता है। नए साल पर आप अपने से यह वादा करें कि हमेशा अपने आप से प्यार करेंगी।

अब से आपने चाहे कोई हेयरस्टाइल करवाई हो या फिर कोई नई ड्रेस पहनी हो तो उसमें खुद को अच्छा महसूस करेंगी। अपने अंदर यह आत्मविश्वास लाएंगी कि आप जो भी पहन रही हैं, उसमें पूरी तरह परफेक्ट लग रही हैं।

खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।

कुछ महिलाएं अपनी त्वचा के रंग को लेकर हमेशा असंतुष्ट रहती हैं, पर आप बिल्कुल भी ऐसा न करेंगी। आप अपनी त्वचा के रंग पर परेशान होने के बजाय यह कोशिश करेंगी कि आपकी त्वचा हमेशा ग्लो करती रहे।

अगर आपके साथ कुछ बुरा होता है या फिर आपके लुक को लेकर आपका कोई करीबी नकारात्मक कमेंट करता है तो उससे अपना मूड खराब करने की बजाय आप उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगी, बल्कि अब से आप अपने दिमाग में इस बात को रखेंगी कि दूसरों को भले आप पसंद न आएं, पर आप अपने को पसंद करती हैं और करती रहेंगी।

अपने शरीर को पसंद और नापसंद करना आपके हाथों में हैं। वर्तमान में आपकी बॉडी किसी भी शेप में हो, अब से आप उस पर फख्र करेंगी। यह अलग बात है कि अगर आपका वजन कुछ ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करेंगी, पर अपने शरीर को लेकर सकारात्मक सोच को खत्म बिल्कुल नहीं करेंगी और उसे अच्छा ही मानेंगी।

आप हमेशा यह मानेंगी कि आप दिल, दिमाग और शरीर तीनों से बेहद खूबसूरत हैं। भले ही आपके बारे में कोई कुछ भी कहे, आप उसकी बात का बुरा नहीं मानेंगी। अगर आप ऐसा सोचेंगी तो सच मानिए, आप गॉर्जियस दिखेंगी।

एक प्यारी मुस्कुराहट लोगों का ध्यान हमेशा आकर्षित करती है और चेहरे पर भी नूर लाती है। इसलिए अब से चेहरे पर हमेशा तनाव लाने की बजाय मुस्कुराहट बनाए रखेंगी। एक प्यारी मुस्कुराहट आपके चेहरे पर चार चांद लगा देगी।

अगर आपके बाल हेल्दी या फिर त्वचा का टोन अच्छा है तो उस पर नाज करेंगी। अपनी कमी को देकर दुखी नहीं होंगी। बाल सफेद हो रहे हैं, उनमें रूसी है तो उन्हें देख-देखकर चिढ़ेंगी नहीं, इन्हें दूर करने के उपाय खुशी-खुशी करेंगी।



# आप संवरिए

## लेकिन जरा संभलकर

**खास मौकों पर सज-संवरकर चेहरे की सुंदरता बढ़ाना वैसे तो कोई बुरी बात नहीं, लेकिन कई बार रोजाना भारी-भरकम मेकअप करने की आदत और पुराने या कम गुणवत्ता वाले ब्यूटी उत्पाद कुछ देर की सुंदरता और लंबे समय की बीमारी लेकर आते हैं।**



### ब्लीच

लोग स्किन की टेनिंग कम करने के लिए या चेहरे के बालों को छिपाने के लिए ब्लीच करते हैं, लेकिन इससे कई बार स्किन एलर्जी हो जाती है।

**उपाय:** ब्लीच को 24 घंटे पहले कान के पीछे लगाकर टेस्ट कर लें, अगर कोई एलर्जी न हो तभी ब्लीच करें। टेनिंग दूर करने के लिए ब्लीच कर रहे हैं तो संतरे, पपीते का पल्प या चंदन पाउडर लगा सकते हैं।

### डियो और परफ्यूम

डियोड्रेंट का ज्यादा प्रयोग अंडरआर्म्स की त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। खुजली की समस्या हो, परफ्यूम से छींके आती हों या सांस के रोगी हों तो इनका प्रयोग न करें।

**उपाय:** डियो या परफ्यूम में कैमिकल्स होते हैं, इन्हें सीधे बॉडी पर न लगाकर कपड़ों पर लगाएं।

### आई मेकअप के नुकसान

अगर आप आई मेकअप करने के बाद आंखों में कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो ऐसे में बैक्टीरिया कोर्निया तक पहुंच जाता है जिससे कोर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। कई बार मेकअप करने से बैक्टीरिया का मैंब्रेन (झिल्ली) से संपर्क होता है।

### नेलपॉलिश

नेलपॉलिश लगाने के बाद हमें नाखूनों की मैल नहीं दिखती जिससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है।

**उपाय:** नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें और खाना बनाने या खाने से पहले नेलपॉलिश को सुखा लें।

### फाउंडेशन और ब्लशर

इनके रोजाना प्रयोग से चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। त्वचा के अंदर जमी गंदगी और तेल बाहर नहीं आ पाते, जिससे छिद्रों में मवाद जमने से कील-मुहांसे होने लगते हैं।

**उपाय:** ब्यूटी प्रोडक्ट की क्वालिटी का ख्याल रखें। त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस प्रोडक्ट और रूखी है तो ऑयल बेस स्किन प्रोडक्ट का प्रयोग करें।